


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-6 | अंक-361

## खुफिया एजेंसियों ने मोहम्मद यूनुस के एजेंडे से आगाह किया

# आईआरए के जरिए क्षेत्र को अशांत करने पर तुले हैं यूनुस

**मोहम्मद यूनुस का साथ दे रहे हैं अमेरिकी षडयंत्रकारी**

**भारत, म्यांमार, बांग्लादेश को बनाना चाहते हैं ड्रग-स्टेट**



**शुभ-लाभ सरोकार**

**इसी इरादे से मणिपुर को आग में झोंक रहे सियासतदां**

**षडयंत्र में शामिल अमेरिकी हस्तियों की जांच आवश्यक**

**बांग्लादेश** एक भयावह परिवर्तन के कगार पर है। निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन, निवर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन और अमेरिकी धनपशु जॉर्ज सोरोस जैसे वैश्विक षडयंत्रकारी वित्तप-ोषक वर्ग के गुप्त संरक्षण के तहत मोहम्मद यूनुस एक आतंकवादी नेटवर्क की योजना बना रहा है जो ईरान के कुख्यात इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीएस) के समान एक और राक्षस बनने के लिए तैयार है।बांग्लादेश की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी आर्मी (आईआरए) इस्लामिक आतंकवाद का तेजी से उभरता नाम है, जो अमेरिकी साजिशी धन से फल-फूल रहा है और न केवल बांग्लादेश बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र को अस्थिर करने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। इससे अमेरिकी षडयंत्रकारियों को साजिश-साजिश खेलने का मौका और आनंद मिलेगा। आईआरए इस्लामिस्ट-जिहादी गढ़ स्थापित करने के प्रयास में आतंक और अराजकता फैलाने का काम कर रहा है। उसने पहला शिकार अपने ही देश को बनाया और बांग्लादेश के हिंदुओं पर भयानक अत्याचार फैलाया। उसे बांग्लादेश सरकार के अंतरिम प्रमुख मोहम्मद यूनुस का खुला संरक्षण प्राप्त है। आईआरए बांग्लादेश को उग्रवाद के केंद्र में बदलने की तर्ज पर बढ़ रहा है, ताकि बांग्लादेश को दूसरा पाकिस्तान बनाया जा सके। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई इस षडयंत्र से पूरी ताकत से शामिल है। आईएसआई के जरिए पाकिस्तानी सेना ▶10पर

### यूनुस ने 100 हिंदू अफसरों को हटाया अब हिंदुओं की भर्ती नहीं होगी

**ढाका, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर काम कर रहे हिंदू अधिकारियों और कर्मचारियों को मोहम्मद यूनुस के आदेश पर नौकरी से बर्खास्त किया जा रहा है। यह भी निर्णय लिया गया है कि नई भर्तियों में भी हिंदुओं को शामिल नहीं किया जाएगा। इसके लिए हाल ही में एक भर्ती रद्द की गई है। हिंदुओं को हटा कर पुलिस फोर्स में इस्लामी कट्टरपंथियों की भर्ती की जाएगी। पुलिस विभाग के जिन अधिकारियों को हटाया गया उनमें आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी रैंक तक के अफसर शामिल हैं। इनके पास जिले से लेकर बड़े मंडलों तक की जिम्मेदारी थी। उनके स्थान पर जमात-ए-इस्लामी से जुड़े हुए लोगों तैनात किया गया है। पिछले वर्ष 79000 पुलिसबल की भर्ती चालू की गई थी, अब इसे रद्द कर दिया गया है। ▶10पर

## महू सैन्य छावनी के दौरे पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# देश में एक्टिव हैं अंदर और बाहर के दुश्मन



**इन परिस्थितियों में उनकी गतिविधियों पर चौकसी जरूरी**

**युद्ध के अपरंपरागत तरीके हमारे लिए नई चुनौतियां हैं**

**भोपाल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश स्थित महू छावनी के दो दिवसीय निरीक्षण के दौरान यह माना कि सुरक्षा के मोर्चे पर भारत बहुत भाग्यशाली देश नहीं है। राजनाथ ने कहा, हमारी सेना उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर लगातार चुनौतियों का सामना कर रही है। हम शांत, बेफिक्र होकर नहीं बैठ सकते। हमारे दुश्मन, चाहे अंदर हों या बाहर, वे हमेशा एक्टिव रहते हैं। इन परिस्थितियों में हमें उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी चाहिए। उनके खिलाफ सही समय पर बेहतर और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। रक्षा मंत्री सेना के जवानों को संबोधित कर रहे थे।

राजनाथ सिंह ने युद्ध के अपरंपरागत तरीकों को नई चुनौतियों के रूप में बताया। उन्होंने कहा कि सूचना युद्ध, एआई आधारित युद्ध, प्रॉक्सी युद्ध, इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे कई अपरंपरागत तरीके अब हमारे लिए चुनौती बन रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक चिप्स की उपलब्धता पर विभिन्न देशों का प्रभुत्व भी समस्याग्रस्त है। दुर्लभ पृथ्वी सामग्री पर एकाधिकार भी एक बड़ी चुनौती का संकेत देता है। हाइब्रिड युद्ध और ग्रेज़ोन युद्ध हमारी चुनौतियों को बढ़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा, इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में, यह आवश्यक हो जाता है कि भारतीय सेना ऐसी सभी स्थितियों के लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित रहे। ▶10पर

## 2023-24 में भारत ने बनाया रक्षा निर्यात का रिकॉर्ड

# रक्षा निर्यात में 32.5% की वृद्धि, 21 हजार करोड़ पहुंचा



**आठ साल के अंदर रक्षा निर्यात में भारत की शानदार प्रगति**

**85 देशों को हथियार प्रणाली और रक्षा उत्पाद बेच रहा भारत**

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

भारत का रक्षा निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। इस वर्ष रक्षा निर्यात ने 21,083 करोड़ रुपए (लगभग 2.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का आंकड़ा पार कर लिया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 के मुकाबले 32.5% की उल्लेखनीय वृद्धि है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपए था। हालिया आंकड़े भारत के रक्षा निर्यात की जबरदस्त वृद्धि को दर्शाते हैं। पिछले 10 वर्षों में भारत का रक्षा निर्यात 31 गुना बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय की वर्षांत समीक्षा के अनुसार, 2004-05 से 2013-14 के बीच कुल रक्षा निर्यात 4,312 करोड़ रुपए था, जबकि 2014-15 से 2023-24 के बीच यह आंकड़ा 88,319 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इस उपलब्धि में निजी क्षेत्र और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र ने 60% और डीपीएसयू ने 40% का योगदान दिया। भारत फिलहाल 85 से अधिक देशों को हथियार प्रणालियां और रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहा है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात प्राधिकरणों की संख्या भी बढ़ी है। इस वर्ष 1,507 निर्यात प्राधिकरण जारी किए गए, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह संख्या 1,414 थी। यह वृद्धि सरकार की नीतिगत पहलों और रक्षा उद्योग के सहयोग का परिणाम है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा उद्योग, जिसमें निजी क्षेत्र और डीपीएसयू शामिल हैं, ▶10पर

## जामिया और दिल्ली विवि के साझा कोर्स में मुस्लिम आरक्षण खत्म

# किसी भी कोर्स में धर्म आधारित रिजर्वेशन नहीं होगा




**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

दिल्ली विश्वविद्यालय के क्लस्टर इनोवेशन सेंटर (सीआईसी) ने प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके तहत मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी) इन मैथेमेटिक्स एजुकेशन प्रोग्राम में मुस्लिम छात्रों के लिए आरक्षण समाप्त करने की सिफारिश की गई है। यह प्रोग्राम दिल्ली विवि और जामिया मिलिया इस्लामिया के संयुक्त प्रयास से 2013 में शुरू किया गया था और इसे मेटा यूनिवर्सिटी कॉन्सेप्ट के तहत संचालित किया जाता है। सीआईसी की गवर्निंग बॉडी इस प्रस्ताव पर अपनी बैठक में विचार करेगी।मौजूदा समय में इस प्रोग्राम में कुल 30 सीटें हैं। इसमें 12 सीटें अनारक्षित श्रेणी के लिए, छह सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी-नॉन क्रीमी लेयर), चार सीटें मुस्लिम जनरल, तीन सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस), दो सीटें अनुसूचित जाति (एससी) और एक-एक सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी), मुस्लिम ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। दिल्ली विवि के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, विश्वविद्यालय में किसी भी कोर्स के लिए धर्म आधारित आरक्षण नहीं होना चाहिए। यह नीति केवल वंचित तबकों के लिए जाति आधारित आरक्षण तक सीमित होनी चाहिए। ▶10पर

## मनमोहन सिंह का स्मारक बनने की जगह फाइनल

# स्मारक को लेकर झूठ फैला रही है कांग्रेस : पुरी



**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर केंद्र सरकार जल्द फैसला ले सकती है। पूर्व पीएम के स्मारक के लिए जिन जगहों पर विचार किया जा रहा है उनमें किसान घाट के आसपास की जगह शामिल है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर भी विचार किया जा रहा है जहां राष्ट्रपतियों, उप-राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों के अंतिम संस्कार किए जाते हैं। अगले कुछ दिनों में सरकार इस पर फैसला ले सकती है। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर कांग्रेस सरेआम झूठ फैला रही है।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया। 28 दिसंबर को उनका अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किया गया। रविवार को उनकी अस्थियां यमुना के तट पर स्थित घाट पर विसर्जित कर दी गई हैं। मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि केंद्र सरकार ने मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करने का फैसला किया है और उनके परिवार को इसके बारे में जानकारी दी गई है।

2000 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने फैसला लिया था कि पूर्व राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों के निधन के बाद कोई स्मारक नहीं बनाया जाएगा। मौजूदा समय में राजघाट परिसर में और उसके आसपास 18 स्मारक हैं, जिनमें पूर्व राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों और उप प्रधानमंत्रियों के स्मारक शामिल हैं। हालांकि इसमें दो अपवाद के रूप में संजय गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की दिवंगत पत्नी ललिता शास्त्री के स्मारक भी मौजूद हैं।

दिल्ली में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्रियों के लिए अलग-अलग स्मारक बनाए गए। जिनमें राजघाट, शांति वन, शक्ति स्थल, वीर भूमि, एकता स्थल, समता स्थल और किसान घाट शामिल हैं। यह 245 एकड़ से अधिक प्रमुख भूमि पर फैले हैं। स्मृति स्थल का निर्माण 2015 में पूरा हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव यहां समाधि पाने वाले पहले व्यक्ति थे। हालांकि उनके परिवार को भी इसका इंतजार करने में 10 साल लग गए।

इस मसले पर केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर कांग्रेस सरेआम झूठ फैला रही है। ▶10पर

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $30^0$

न्यूनतम : $18^0$

# जैसलमेर में अचानक खेत से फूट पड़ा पानी का फव्वारा

**तेल और गैस होने की जांच कर रही ओएनजीसी**



**जैसलमेर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

राजस्थान में जैसलमेर के रेतीले इलाके में बोरिंग के दौरान एक जगह नीचे से पानी का स्रोत फूट पड़ा। यह बोरिंग भाजपा नेता के खेत में हो रही थी। जमीन के नीचे से आया पानी दबाव के साथ 10-15 फीट हवा में उछल कर निकल रहा है। इसके चलते आसपास का इलाका जलमग्न हो गया। तीन दिन से लगातार पानी और गैस जमीन के नीचे से निकल रहे हैं। लोग इसे विलुप्त हो चुकी सरस्वती नदी का इलाका बता रहे हैं। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के आला अधिकारी मौके पर पहुंच कर तकनीकी जांच कर रहे हैं। जैसलमेर के मोहनगढ़ में विक्रम सिंह ने खेतों की सिंचाई के लिए एक बड़ी मशीन से बोरिंग चालू कराई थी। बोरिंग लगभग 850 फीट की गहराई तक पहुंच चुकी थी। इसी दौरान अचानक जमीन से पानी की धार फूट पड़ी। इसी के साथ तेजी से गैस का रिसाव भी चालू हो गया। ▶10पर

**सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में चल रहा विचार**

# जजों के रिश्तेदारों को जज बनाने का चलन रुकेगा!



**नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम में शामिल एक जज ने विचार पेश किया है कि हाईकोर्ट में उन लोगों की नियुक्तियां न की जाएं, जिनके रिश्-तेदार पहले से हाईकोर्ट में जज हैं। इसके लिए इन हाईकोर्ट से ऐसे नाम नहीं भेजने को कहा जाएगा। रिश्तेदारों की जगह नए और पहली बार वकील बने लोगों को प्राथमिकता दिए जाने का विचार पेश किया गया है।

इस कदम के जरिए न्यायिक नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद के आर-ोपों के बचा जा सकेगा। इस विचार को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम में शामिल मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत बाकी जजों का समर्थन हासिल हुआ है। कॉलेजियम को इस बात की चिंता है कि रिश्तेदारों को एकतरफ से हटाने पर कई अच्छे उम्मीदवार भी बाहर हो जाएंगे।

हालांकि, उनके लिए बाकी काफी मौके मौजूद होंगे। इसके अलावा कॉलेजियम ने उन वकीलों और निचली अदालतों में ▶10पर


# जबरदस्ती या लालच देकर अब धर्मांतरण नहीं करा सकते

**अरुणाचल में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम बहाल होगा**



**ईटानगर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम बहाल करने के संकेत दिए हैं। यह एक्ट साल 1978 में बना था, जो अब तक लागू नहीं किया गया था। यह कानून जबरन या लालच आदि देकर किए जाने वाले किसी भी तरह के धर्मान्तरण पर प्रभावी कार्रवाई के लिए बनाया गया था। उन्होंने कहा कि इस कानून को लागू करने से अरुणाचल प्रदेश की संस्कृति को सहेजने में मदद मिलेगी।सीएम पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पीके थुंगन को धन्यवाद किया, जिन्होंने साल 1978 में विधानसभा में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम को पारित करवाया था। जब अरुणाचल प्रदेश में यह कानून बना था, तब वहा ईसाई मिशनरियां काफी सक्रिय थीं। वहां बड़े पैमाने पर लोगों को ईसाई बनाने का षड्यंत्र चलता था। हालांकि, विधानसभा में पारित होने के बावजूद इसे 47 सालों से लागू नहीं किया गया। ▶10पर





# इमरजेंसी लैंडिंग करते वक्त रनवे पर फिसली डच एयरलाइन, सभी यात्री सुरक्षित

**लंदन, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

डच एयरलाइन केएलएम की एक फ्लाइट इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गई। यह घटना नॉर्वे के सैंडेफजॉर्ड टॉर्प एयरपोर्ट पर हुई। फ्लाइट केएल1204, जो बोइंग 737-800 मॉडल की थी जिसने रविवार को नॉर्वे से नीदरलैंड के लिए उड़ान भर रही थी। यह पिछले 24 घंटों में हुई तीसरी बड़ी विमान घटना है। इससे पहले, दक्षिण कोरिया में एक विमान हादसे में 179 लोगों के मारे गए, जबकि एयर कनाडा की फ्लाइट भी तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी।

**विमान में 176 यात्री और 6 क्रू मेंबर थे सवार, 24 घंटे में यह तीसरी विमान दुर्घटना**

फ्लाइट केएल1204 ने नॉर्वे के ओस्लो एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। टेकऑफ के तुरंत बाद, पायलटों को तकनीकी समस्या का पता चला, जिसके कारण उन्होंने फ्लाइट को 110 किलोमीटर दूर सैंडेफजॉर्ड टॉर्प एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया। फ्लाइट ने सुरक्षित रूप से लैंडिंग की, लेकिन लैंडिंग के तुरंत बाद यह रनवे से फिसलकर घास में जाकर रुक गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना का कारण हाइड्रॉलिक सिस्टम में खराबी बताया है। हालांकि पायलटों की सूझबूझ के कारण फ्लाइट में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। विमान में 176 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। केएलएम एयरलाइन ने इस घटना की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बयान जारी कर बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और घटना की जांच शुरू की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### कावेलाशविली ने जॉर्जिया के राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ



**त्बिलिसी।** पश्चिम के कट्टर आलोचक और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मिखाइल कावेलाशविली ने रविवार को जॉर्जिया के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पश्चिम समर्थक निवर्तमान जॉर्जियाई राष्ट्रपति सलोमी ज़ौराबिचविली ने रविवार सुबह कहा कि वह त्बिलिसी में ओरबेलियानी पैलेस स्थित अपना आवास खाली कर देंगी, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अब भी वैध पदधारक हैं। उन्होंने कावेलाशविली के शपथग्रहण को एक हास्यानुकृति बताया। ज़ौराबिचविली ने महल के बाहर समर्थकों की भीड़ से कहा, मैं यहां से बाहर आऊंगी, तुम्हारे पास आऊंगी और तुम्हारे साथ रहूंगी। ... यह राष्ट्रपति निवास तब तक एक प्रतीक था जब तक यहां एक वैध राष्ट्रपति था। मैं अपने साथ वैधता लेकर जा रही हूं, मैं अपने साथ झंडा लेकर जा रही हूं, मैं अपने साथ आपका विश्वास लेकर जा रही हूं। रविवार को अपने भाषण में 53 वर्षीय कावेलाशविली ने वादा किया कि वे सभी के राष्ट्रपति होंगे, चाहे वे मुझे पसंद करें या नहीं। उन्होंने राष्ट्र से साझा मूल्यों, परस्पर सम्मान के सिद्धांतों और भविष्य के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। वहीं, जॉर्जिया के पूर्व राष्ट्रपति सलोमी ज़ौराबिचविली और मुख्य पश्चिमी समर्थक दलों ने चुनाव के बाद के संसदीय सत्रों का बहिष्कार किया है और मतदान फिर से कराने की मांग की है।

### नेपाल सरकार की तरफ से विदेश मंत्री ने भारतीय दूतावास पहुंच कर पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**काठमांडू।** नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा ने रविवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। काठमांडू में भारतीय दूतावास पहुँच कर विदेश मंत्री डॉ. राणा ने भारत के पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनके स्मरण में रखी गई शोक पुस्तक पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने डॉ. सिंह के निधन पर नेपाल सरकार और नेपाल के लोगों की ओर से हार्दिक संवेदना व्यक्त की और कहा कि नेपाल ने एक सच्चा मित्र और शुभचिंतक खो दिया है। अपने शोक संदेश में विदेश मंत्री डॉ. राणा ने लिखा कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह एक दूरदर्शी नेता और नेपाल के सच्चे मित्र थे और लोकतंत्र तथा विकास में उनके सहयोग,सद्भाव और समर्थन के लिए नेपाली जनता हमेशा उनके प्रति कृतज्ञ रहेगी। डॉ. सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।



### बांग्लादेश ने की शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग, भारत ने दिया ध्यान, आलम ने कहा-संधि में समय सीमा का जिक्र नहीं हम जवाब का इंतजार करेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए भारत से अनुरोध किया है, लेकिन भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अगस्त 2024 में भारी विरोध के बाद शेख हसीना को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था और वह बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थीं। बांग्लादेश ने 23 दिसंबर को भारत को नोट वर्बेल भेजकर प्रत्यर्पण की मांग की है।



# चीन के क्वांग्शी में समुद्री पुल यातायात के लिए खुला



**बीजिंग, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** चीन के क्वांग्शी च्वांग स्वायत्त प्रदेश के छिंगझोउ शहर में स्थित लुंगमेन ब्रिज को 29 दिसंबर को यातायात के लिए खोल दिया गया। इससे फांगछेंग बंदरगाह और छिंगझोउ बंदरगाह के बीच यात्रा का समय डेढ़ घंटे से कम होकर लगभग 25 मिनट हो गया है।लुंगमेन ब्रिज परियोजना चीन की राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क योजना (2013-2030) में डांडोंग से डोंगक्सिंग क्वांग्शी तटीय राजमार्ग तक राष्ट्रीय राजमार्ग जी228 की मुख्य लाइन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। परियोजना मार्ग की कुल लंबाई 7.637 किलोमीटर है, जिसमें पुल की लंबाई 6,597 मीटर है। मुख्य चैनल ब्रिज 1,098 मीटर की अवधि वाला एक सिंगल-स्पैन क्रेन पूरी तरह से फ्लोटिंग सिस्टम स्टील बॉक्स गर्डर सस्पेंशन ब्रिज है, जो 20 हजार टन के क्रूज जहाजों की नेविगेशन आवश्यकताओं को पूरा करता है। साथ ही मुख्य चैनल पुल दो-तरफा छह-लेन प्रथम श्रेणी राजमार्ग निर्माण मानकों को अपनाता है, जिसमें 100 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन की गई ड्राइविंग गति है।बताया जाता है कि एक प्रमुख बुनियादी ढांचा सहायता परियोजना के रूप में, लुंगमेन ब्रिज परियोजना को यातायात के लिए खोले जाने के बाद, यह क्वांग्शी तटीय राजमार्ग को खोल देगा, फांगछेंग बंदरगाह और छिंगझोउ बंदरगाह के बीच दूरी को कम कर देगा। बेइबू खाड़ी आर्थिक क्षेत्र के उच्च-गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने और पश्चिम में नए भूमि-समुद्र गलियारे के निर्माण में सहायता करने के लिए इसका बहुत महत्व है।

# इथियोपिया में नदी में गिरा बेकाबू ट्रक, 71 लोगों की मौत, शादी समारोह से लौट रहे थे

**दक्षिण इथियोपिया, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

दक्षिण इथियोपिया के सिदामा राज्य में एक भीषण सड़क हादसा हुआ।

यात्रियों से भरा ट्रक नदी में गिरने के कारण 71 लोगों की मौत हो गई। सिदामा पुलिस आयोग ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि दुर्घटना में 68 पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो गई। मुख्य निरीक्षक डैनियल संकुरा ने इथियोपिया के हादसे पर आई अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक सिदामा क्षेत्रीय स्वास्थ्य ब्यूरो ने घटनास्थल से विचलित करने वाली तस्वीरें शेयर की हैं। दुर्घटनाग्रस्त वाहन आंशिक रूप से पानी में डूबा हुआ है। स्थानीय लोग वाहन को पानी से बाहर निकालने की कोशिश करते देखे जा सकते हैं।

कुछ शव जमीन पर हैं, जबकि कुछ नीचे तिरपाल से ढके हैं। स्थानीय समय के मुताबिक हादसा शाम में लगभग 5.30 बजे हुआ।कुछ यात्री शादी समारोह से लौट रहे थे। एक ही परिवार के कई लोगों की मौत हुई है। स्थानीय यातायात पुलिस ने बताया कि दुर्घटना का कारण ट्रक ओवरलोड होना है।

अधिकारियों ने घटना के समय ट्रक सवार यात्रियों की संख्या का खुलासा नहीं किया है।

अल जज़ीरा के अनुसार, इथियोपिया अफ्रीका का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है।

इथियोपिया में सड़क दुर्घटनाएं आए दिन होती रहती हैं क्योंकि यहां की सड़कें बदहाल और जर्जर हैं। 2018 में भी इथियोपिया के पहाड़ी इलाके में एक बस के खड्ड में गिरने की खबर आई थी। इस हादसे में कम से कम 38 लोग मारे गए थे।

# बीच युद्ध में इजराइली पीएम नेतन्याहू को कराना पड़ी सर्जरी, लोगों ने उड़ाई अफवाह



**यरूशलम, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

**युद्ध के बीच एक खबर ने इजराइली पीएम नेतन्याहू के चाहने वालों की टेंशन बढ़ा दी। दरअसल, प्रधानमंत्री बेंजामिन स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से गुजर रहे हैं। दरअसल, रविवार को नेतन्याहू की सफल प्रोस्टेट सर्जरी की गई। उनकी ऑफिस से बयान जारी कर कहा गया कि पिछले हफ्ते पेशाब ग्रंथियों में संक्रमण का पता चला था।**

यह संक्रमण प्रोस्टेट में वृद्धी की कारण ऐसी समस्या हुई थी। एंटीबायोटिक दवाओं से संक्रमण ठीक तो हो गई थी। कैंसर के डर को देखते हुए, डॉक्टरों ने सर्जरी का सलाह दी थी। लेकिन अफवाह फैली की उन्हे कैंसर हुआ है। हालांकि पीएम नेतन्याहू के शुभचिंतकों को राहत तब मिली जब पता चला की कैंसर न हो इसके लिए सर्जरी की गई है।

यरूशलेम के हदासाह मेडिकल सेंटर ने नेतन्याहू की हेल्थ अपडेट दी है। यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ ओफ़र गोफ़्रिट ने बताया कि उनके प्रोटेस्ट का ऑपरेशन सफल रहा। सपल सर्जरी के बाद डॉक्टर ने बतया कि नेतन्याहू को 'कैंसर या किसी घातक बीमारी' होने का कोई डर नहीं है। पीएम ऑफिस की तरफ से प्रतिक्रिया आई है। ऑफिस ने कहा कि पूरी प्रक्रिया के दौरान उनकी टीम काफी सतर्क थी। वहीं, दो मोर्चों पर युद्ध लड़ रहा इजरायल संभावित मिसाइल हमलों से बचने के लिए पीएम को एक अंडरग्राउंड बेसमेंट में रखा है। बेंजामिन नेतान्याहू के ऑपरेशन के दौरान इजरायल में एक अन्य बदलाव भी देखी गई। जस्टिस मिनिस्टर यारिव लेविन ने नेतन्याहू के ऑपरेशन के दौरान अस्थायी रूप से कार्यवाहक प्रधानमंत्री की भूमिका संभाली। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ठीक होने में अभी काफी समय लग सकता है। इसके वजह से वह अस्पताल में ही रह सकते हैं।

नेतन्याहू लगातार स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हाल के सालों में कई मौकों पर उनकी हेल्थ चेकअप की गई। पिछले साल, डिहाइड्रेशन की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके बाद दिल में किसी प्रकार की दिल की बिमारी को ठीक करने के लिए उनको पेसमेकर लगाया गया था। इससे पहले इसी साल की शुरुआत में उन्होंने हर्निया की सर्जरी करवाई थी।

## पोलर बीयर स्केट



कनाडा में 2024 पोलर बीयर स्केट मुकाबले में बाथिंग सूट पहनकर भाग लेते हुए लोग।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर का 100 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**



अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति जिमी कार्टर का सौ साल की उम्र में रविवार को निधन हो गया। वे अमेरिका के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले राष्ट्रपति रहे। जिमी कार्टर गरीबों व वंचितों की सेवा और उनके अधिकारों की वकालत करने वाले मानवतावादी नेता के रूप में जाने जाते थे।

जिमी कार्टर के निधन पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, 'आज अमेरिका और दुनिया ने असाधारण राजनेता और मानवतावादी खो दिया।'

जिमी कार्टर का जन्म 1 अक्तूबर 1924 को हुआ। उन्होंने 1977 से 1981 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल पूरा किया। 100 साल की उम्र तक पहुंचने वाले एकमात्र पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति थे। 1978 में उन्होंने ऐतिहासिक कैंप डेविड समझौते की मध्यस्थता की जिससे मध्य पूर्व में शांति की रूपरेखा तैयार हुई। उनके इस योगदान के कारण ही उन्हें 2002 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अमेरिकी इतिहास में अबतक केवल चार राष्ट्रपतियों को ये सम्मान मिला है। अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान कुछ विवादों में भी रहे, जिनमें सबसे अहम पनामा नहर को लेकर था।

कार्टर भारत का दौरा करने वाले तीसरे अमेरिकी राष्ट्रपति थे। उनके सम्मान में हरियाणा के एक गांव का नाम कार्टरपुरी रखा गया था। जिमी कार्टर ने भारत दौरे पर तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के साथ दिल्ली घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। इस घोषणा पत्र के साथ ही भारत-अमेरिका संबंधों का नया दौर शुरू हुआ।

# तालिबान का ताजा फरमान, महिलाओं के बाहर झांकने पर भी पाबंदी, घरों में नहीं होंगी खिड़कियां

**काबुल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं के खिलाफ ताजा फरमान जारी किया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर पाबंदी लगा दी है, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना है। इस फरमान के पीछे अश्लीलता रोकने का तर्क दिया गया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए जिनसे आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं और आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों को देखा जा सके।

महिलाओं को रसोई, आंगन या कुओं से पानी भरते हुए देखना अश्लीलता को जन्म दे सकता है। अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वो नई बन रही इमारतों पर भी नजर रखें।



अगर किसी इमारत में ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं तो मकान मलिकों को इन खिड़कियों के सामने ईंटों की दीवार बनाने के लिए कहा जाएगा। महिलाओं के ताजा आदेश से पहले भी तालिबान सरकार कई ऐसे आदेश जारी कर चुकी है जिसमें देश में महिलाओं के लिए जीवन यापन काफी मुश्किलों भरा साबित हुआ है।15 अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से लड़कियों और महिलाओं की प्राथमिक सहित किसी भी प्रकार की शिक्षा और किसी भी प्रकार के खेल में उनके हिस्सा लेने पर पाबंदी लगा दी गई। इसके साथ ही महिलाओं के रोजगार को प्रतिबंधित कर दिया गया। इसी महीने तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं की नर्सिंग की ट्रेनिंग पर पाबंदी लगा दी। पार्कों या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के घूमने-फिरने की आजादी नहीं है। तालिबान सरकार के इन आदेशों की संयुक्त राष्ट्र समेत कई पश्चिमी देश निंदा करते रहे हैं।

DAILY शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना, पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि का विज्ञापन
अब मात्र रू.500/- में
साईज : 12 X10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345


राष्ट्र प्रथम
बंटेंगे तो कटेंगे
एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे
Best Wishes
BS
Basai Steels And Power (P) Ltd.
MANUFACTURERS OF
BILLETS | POWER | SPONGE IRON & M.S & G.P PIPE 15mm to 150mm
SQUARE, RECTANGULAR & ROUND PIPES IN ALL REGULAR THICKNESS
A-23/586, APIE, Balanagar, Hyderabad 500037
Cell: 9848030471,7799555555
gopalagarwal@basaisteels.com
Ward No 3, Plot No 412, Sidiginamola Village
Bellary-Alur Highway, Bellary 583138
www.basaisteels.com

# यामी गौतम को मिला एक्ट्रेस ऑफ द ईयर 2024 का अवॉर्ड



बॉलीवुड अभिनेत्री एक्ट्रेस ऑफ द ईयर 2024 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने हाल ही में नई दिल्ली में हुए न्यूज़मेकर्स अवॉर्ड्स के दौरान यामी गौतम धर को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया है। स्टेज पर स्मृति ने यामी के शानदार सफर की तारीफ की है।

स्मृति ईरानी ने यामी गौतम धर की तारीफ करते हुए कहा, अक्सर अभिनेताओं के बारे में कहा जाता है कि उनकी कला और मेहनत उनके प्रदर्शन में झलकती है, जो किसी दिखावे या ग्लैमर से कहीं ज्यादा खास होती है। जब मैं यामी जैसी पब्लिक पर्सनालिटी को देखती हूं, जो अपने काम में ग्लैमर और गहराई के साथ-साथ कुछ मायने रखने वाली चीजें भी जोड़ती हैं, तो लगता है कि ये वाकई एक अच्छा साल रहा है। और जब हम दोनों इस स्टेज पर साथ खड़े होते हैं, तो वो पल और भी खास बन जाता है। यामी को इस साल की फिल्म आर्टिकल 370 में उनकी दमदार परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया गया।

सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए यामी ने लिखा, 'आर्टिकल 370' के लिए एबीपीन्यूजटीवीसे यह सम्मान मिलने पर मैं आभारी हूं! यह अवॉर्ड हमारे दर्शकों और हमारी टीम के सभी सदस्य को समर्पित है, जिन्होंने इस फिल्म को बनाने के लिए कड़ी मेहनत की!

# बोहरा ब्रदर्स ने सिनेमा में 78 शानदार साल पूरे होने का जश्न मनाया




तनु वेड्स मनु और गैंग्स ऑफ वासेपुर के प्रतिष्ठित मेकर्स, बोहरा ब्रदर्स ने सिनेमा में 78 शानदार साल पूरे होने का जश्न मनाया। बोहरा ब्रदर्स ने गीता बाली अभिनीत और श्री राम बोहरा निर्मित पहली फिल्म 'लचक' से अपनी यात्रा की शुरुआत करने के बाद, दारा सिंह की 'हरक्यूलिस' और 'थीफ ऑफ बगदाद' (जो एक ही प्रोडक्शन हाउस की तीन बार बनाई गई सबसे दुर्लभ फिल्मों में से एक थी) जैसी कई सुपरहिट फिल्में बनाईं।पहली दलजीत और चित्रा के साथ, दूसरी दारा सिंह और निशि के साथ और तीसरी 'शत्रुघ्न सिन्हा, कबीर बेदी, सुलक्षणा पंडित' के साथ।

इसके बाद 'डॉ. शैतान', 'गोल्डन आइज़', 'पुरस्कार', 'बिजली', 'बेहरूपिया', 'अल हिलाल' (जिसमें प्रतिष्ठित गीत हमें तो लूट लिया मिलके हुस्न वालों ने था) और कई अन्य फिल्में बनाईं गयी । 80 के दशक के आखिर में मिथुन चक्रवर्ती अभिनीत 'कालिया', 'मर्द', 'गंगा की कसम' जैसी फ़िल्में ब्लॉकबस्टर हिट रहीं, 'गैंग्स ऑफ़ वासेपुर' (गार्जियन की 100 सर्वश्रेष्ठ विश्वव्यापी फ़िल्मों में शामिल) 'शैतान', 'माइकल', 'नॉट ए लव स्टोरी' 'मस्तराम' जैसी सुपर ब्लॉकबस्टर फ़िल्में बनाई गयी । इस सूची में राज कुमार राव की सबसे महत्वपूर्ण फ़िल्म 'शाहिद' शामिल है, जिसे हंसल मेहता ने निर्देशित किया है और 'मालेगांव का सुपरमैन' कंपनी ने 'तनु वेड्स मनु' और 'साहेब बीवी और गैंगस्टर' और चटगाँव जैसी फ़िल्में भी प्रस्तुत की हैं।

बोहरा ब्रदर्स के सह-संस्थापक सुनील बोहरा, जो तीसरी पीढ़ी के फिल्म निर्माता हैं, ने कहा, पहले दिन से ही कंपनी का उद्देश्य अनूठी और उच्च अवधारणा वाली कहानियों का चयन करना रहा है, जिसे हम आने वाले वर्षों में भी जारी रखेंगे। एक अंतर्राष्ट्रीय स्टूडियो के साथ रणनीतिक गठबंधन और 2025-26 की स्लेट की घोषणा 2025 की पहली तिमाही में की जाएगी।

# अभिषेक और श्वेता के साथ समय नहीं बिता पाये: अमिताभ



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) 16 के मंच पर बताया है कि वह काम में व्यस्त रहने के कारण अपने बच्चों अभिषेक बच्चन और श्वेता के साथ समय नहीं बिता पाये।

इस सोमवार को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के प्रतिष्ठित गेम शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में दर्शकों को नई दिल्ली के प्रतिभाशाली सॉफ्टवेयर इंजीनियर नीरज गिरी से मिलवाया जाएगा। इस शो को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। हॉट सीट पर अपने समय के दौरान नीरज ने बताया कि 2024 उनके लिए आश्चर्य से भरा रहा है, और अपनी गर्भावस्था की अद्भुत खबर का खुलासा भी किया। इस दिल को छू लेने वाले पल ने एक अविस्मरणीय आदान-प्रदान के लिए मंच तैयार कर दिया क्योंकि नीरज ने अमिताभ बच्चन से एक मार्मिक सवाल पूछा कि जब अमिताभ बच्चन और जया बच्चन माता-पिता बन गए तो अभिषेक और श्वेता की ज़िम्मेदारी किसने उठाई।

अमिताभ ने अपनी विशिष्ट बुद्धि के साथ तुरंत जवाब दिया, जया जी! हंसी यहीं नहीं रुकी, क्योंकि नीरज ने मज़ाकिया ढंग से पेरेंटिंग की चुनौतियों के बारे में पूछा, जिस पर अमिताभ बच्चन ने मज़ाकिया ढंग से जवाब दिया, जया करती थी!हालाँकि, अमिताभ बच्चन ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, सारा-कुछ जया ने किया है... जितना समय हम अभिषेक और श्वेता के साथ बिताना चाहते थे, वो नहीं कर पाए। जब काम पर जाते थे, तब वो सो रहे थे और जब वापस आता था, तब भी सो रहे थे.. लेकिन अब जो बड़े हो गए हैं, तो उनके साथ समय बिता लेता हूं अब।

# डेनिम बॉडीकॉन ड्रेस पहन एक्ट्रेस तमन्ना ने दिखाईं हॉटनेस

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना तमन्ना भाटिया आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं है। उन्होंने ना सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया हुआ है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने अपनी बेहद ही खूबसूरत तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। विजय वर्मा के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चाओं में हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान डेनिम आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें उनकी हॉटनेस देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं।कर्ली बाल और वाइन हील्स पहनकर तमन्ना भाटिया ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अपन इस लुक में गजब की खूबसूरत नजर आ रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की इन फोटोज को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अबतक 3 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने सुंदर, इंडियन ब्यूटि, सुपर्ब, गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स कर के अपने रिएक्शंस दिए हैं।






# फिल्म डाकू महाराज से नंदमुरी बालकृष्ण का नया पोस्टर रिलीज

डाकू महाराज में बालकृष्ण का सामूहिक अवतार सबको चौंका देगा। बालकृष्ण अपनी आगामी सामूहिक एक्शन एंटरटेनर डाकू महाराज के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए कमर कस रहे हैं। बॉबी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 12 जनवरी 2025 को एक शक्तिशाली संक्रांति स्पेशल के रूप में भव्य रिलीज के लिए तैयार है।निर्माता दिलचस्प और रोमांचक पोस्टर के साथ फिल्म प्रेमियों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्माताओं ने एक नया पोस्टर जारी किया जिसमें बालकृष्ण को जीप चलाते हुए दिखाया गया है।बालकृष्ण लाल शर्ट और नीली जींस में भारी भरकम दिख रहे थे और जीप चलाते हुए पीछे की ओर देख रहे थे। पोस्टर देखकर प्रशंसक खुशी से झूम उठे हैं और उन्हें भरोसा है कि फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित होगी।फिल्म में प्रज्ञा जायसवाल, श्रद्धा श्रीनाथ और उर्वशी रौतेला मुख्य भूमिका में हैं, जबकि बॉबी देओल खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। थमन इस फिल्म के संगीत निर्देशक हैं, जिसकी छायांकन विजय कार्तिक कन्नन ने किया है और संपादन निरंजन देवरामने ने किया है।

# श्रृंगारिका का टीजर हुआ रिलीज

अतरंगी ऐप पर जल्द ही रिलीज होने वाली सीरीज श्रृंगारिका का टीजर हाल ही में लॉन्च किया गया है। यह मिस्ट्री, रोमांस और जादू से भरपूर सीरीज जनवरी 2025 में प्रीमियर के लिए तैयार है। श्रृंगारिका की कहानी एक ऐसी दुनिया में ले जाएगी, जहां प्यार और विश्वासघात के बीच जंग होती है और भाग्य अपने राज खोलता है। इस टीजर ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है, और इसकी भव्यता और रोमांचक कहानी ने सोशल मीडिया पर चर्चा का माहौल बना दिया है।अतरंगी ऐप ने हमेशा अनोखे और मनोरंजक कंटेंट प्रस्तुत किए हैं, और श्रृंगारिका इस परंपरा को आगे बढ़ाने का वादा करती है। यह सीरीज सिर्फ अतरंगी ऐप पर उपलब्ध होगी। तो तैयार हो जाइए एक रोमांचक सफर के लिए, जहां प्यार और जादू की दुनिया में आपको डुबकी लगाने का मौका मिलेगा। श्रृंगारिका जनवरी 2025 में आपका इंतजार कर रही है।शो की कहानी एक रानी श्रृंगारिका के जीवन पर आधारित है, हालांकि किरदार के बारे में ज़्यादा कुछ नहीं बताया गया है, टीज़र की शुरुआत एक राजा से होती है जो एक महल में रहता है जहाँ उसकी रानी उसके साथ होती है।बैकग्राउंड में आवाज़ सुनाई देती है जो इसे एक राजा और उसकी प्रेमिका की कहानी बताती है, यह रहस्य, विश्वासघात और नफ़रत की कहानी भी है। टीज़र में आगे राजा और रानी की झलक दिखाई गई है।इस बीच, कुछ दृश्यों में राजा उग्र मूड में है, और कुछ दृश्यों में वह रानी से भिड़ता हुआ दिखाई देता है, एक दृश्य ऐसा भी है जहाँ राजा की शादी दिखाई जाती है।वह अपनी दुल्हन के साथ महल के अंदर प्रवेश कर रहा है। आवाज़ आगे कहती है कि यह एक राजा के रहस्य और उसकी रानी की नियति की कहानी है।




# शनाया कपूर ने दिखाई 2024 की झलक

## बोलीं-2025 का बेसब्री से इंतजार

फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने को तैयार अभिनेत्री शनाया कपूर नए साल का स्वागत करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अभिनेत्री ने विदाई की दहलीज पर खड़े साल 2024 की झलक के साथ नए साल को लेकर अपने उत्साह को भी व्यक्त किया।

साल 2025 के स्वागत के लिए बेताब अभिनेत्री शनाया कपूर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो मोंटाज शेयर कर कैप्शन में लिखा, 2025 मैं तुमसे मिलने का इंतजार नहीं कर सकती। वीडियो में अभिनेत्री साल 2024 की अपनी यादों को ताजा करती नजर आईं। इस वीडियो में उनके निजी और पेशेवर जीवन के खास पल कैमरे में कैद नजर आए। अभिनेता संजय कपूर की लाडली शनाया वीडियो में अपने दोस्तों और परिवार के साथ खास पल बिताती नजर आईं। उन्होंने वीडियो के साथ ट्रेंडिंग नॉर्दर्न लाइट्स गाने को भी एड किया।

शनाया सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। हाल ही में उन्होंने कैंडिड सेल्फी और वीडियो शेयर किए थे, जिस पर उन्होंने मजेदार कैप्शन देते हुए लिखा था, डियर इंस्टा डायरी, मैं फिर से आ गई हूं।

अभिनेत्री इंस्टाग्राम पर अपनी स्टाइलिश, मजेदार और खूबसूरत तस्वीरों के साथ वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं।शनाया कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री विक्रांत मैसी के साथ फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। रस्किन बॉन्ड की कहानी पर आधारित फिल्म के निर्देशक संतोष सिंह हैं। अक्टूबर में निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म के रोमांचक कहानी के बारे में संकेत देते हुए खुलासा किया था।



फिल्म में हॉरर के साथ रोमांस भी देखने को मिलेगा। फिल्म मेकर्स ने कैप्शन में लिखा था, प्यार अंधा होता है... या यह अंधा प्यार है? असाधारण बात है प्यार में पड़ना! मिनी फिल्म्स आपके लिए लेकर आई है आंखों की गुस्ताखियां, रोमांस और भूत-प्रेत पर एक नजरिया।

फिल्म में भूमिका के बारे में बात करते हुए शनाया ने बताया था, मेरा किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है। वह मजबूत, भावुक और जीवंत है। शनाया ने विक्रांत मैसी के साथ स्क्रीन शेयर करने को लेकर अपनी उत्सुकता भी व्यक्त की और इस प्रक्रिया में उनका मार्गदर्शन करने के लिए निर्देशक संतोष सिंह और निर्माता मानसी और वरुण बागला को धन्यवाद दिया था।

# फतेह को सोनू सूद ने बताया ड्रीम रोल

अभिनेता सोनू सूद की अपकमिंग फिल्म 'फतेह' रिलीज को तैयार है। इस बीच अभिनेता ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत की। अभिनेता ने बताया कि कैसे उनकी फिल्म 'फतेह' ने उन्हें अपने अंदर के सुपरहीरो को खोजने में मदद की। अभिनेता ने बताया कि कैसे छिपी हुई ताकत और दृढ़ संकल्प वाले एक आम आदमी की भूमिका निभाने से उन्हें व्यक्तिगत विकास के साथ आत्म-विश्वास पर एक नया नजरिया मिला।सोनू ने कहा, मुझे लगता है कि 'फतेह' मेरी ड्रीम भूमिका रही, जिसे मैं हमेशा से निभाना चाहता था। एक आम आदमी, जिसके अंदर एक सुपर हीरो है। मेरा मानना है कि हर आम आदमी के अंदर एक सुपर हीरो होता है। आपको बस उसे खोजने की जरूरत है। मुझे खुशी है कि 'फतेह' के साथ मैं खुद के उस पक्ष को खोजने में सक्षम रहा और मुझे उम्मीद है कि जब दर्शक इसे देखेंगे, तो उन्हें न केवल मनोरंजन मिलेगा, बल्कि वे प्रेरित भी होंगे।

जब अभिनेता से पूछा गया कि उनके लिए 'फतेह' का क्या मतलब है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब आप किसी की उम्मीद बन सकते हैं, तो यह मायने नहीं रखता कि आप कितने अमीर, प्रसिद्ध या प्रभावशाली हैं। हम कभी-कभी किसी के उम्मीद बन जाते हैं और जब वह व्यक्ति हमसे मिलता है तो उसे लगता है कि उसका जीवन बदल जाएगा। मुझे लगता है यही सच्चा 'फतेह' है - जब आप किसी का जीवन बदल या सुधार सकते हैं, तो




यही असली 'फतेह' है।सोनू सूद के निर्देशन में बनी फिल्म 'फतेह' की बात करें तो इसमें सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज, नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज के उमेश केआर बंसल और शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद ने किया है। सह-निर्माण अजय धामा ने किया है। सोनू सूद की अपकमिंग फिल्म साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक कहानी है। फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# वार्षिक राशिफल 2025




## 12.मीन राशि

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा.अनीष व्यास ने बताया कि यह वर्ष बहुत ही भाग्यशाली रहेगा। वर्ष की शुरुआत में गुरु मीन राशि वालों के तृतीय भाव से गोचर करेंगे। मई से गुरु चतुर्थ भाव और अक्टूबर से दिसंबर तक गुरु मीन राशि के पंचम भाव से गोचर करेंगे। दिसंबर से गुरु फिर से चतुर्थ भाव में गोचर करेंगे। वर्ष में मीन राशि वालों की किस्मत के सितारे चमकेंगे और आपको हर काम में सफलता मिलेगी। साल की शुरुआत आपके लिए शानदार रहेगी। आपको इस साल कुछ नया करने को मिलेगा। आप कई नई चीजों में हाथ आजमा सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने स्किल्स को बढ़ाने के लिए किसी तरह की ऑनलाइन ट्रेनिंग ले सकते हैं। इस साल आप अपने करियर को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए बहुत प्रयास करोगे। देवगुरु बृहस्पति का गोचर आपको तर्क-वितर्क में सफलता दिलाएगा। आप हर क्षेत्र में अपनी बुद्धिमानी और कार्य कौशलता से जाने जाओगे। आपकी सेहत बहुत अच्छी रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपनी सफलता के झंडे गाड़ेंगे। वैवाहिक जीवन के लिए यह साल खुशियों से भरा रहेगा। आपको अपने जीवनसाथी का खूब प्यार मिलेगा और आप एक दूसरे का हर सुख-दुख में साथ दोगे। नव-विवाहित जोड़ों के मन में एक दूसरे के लिए प्यार और इज्जत बढ़ेगी। फेमिली प्लानिंग के लिए यह साल बहुत उत्तम है। आपको संतान प्राप्ति हो सकती है या संतान से जुड़ी किसी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आर्थिक मोर्चे की बात करें तो आपकी इनकम में इजाफ़ा होगा। इस साल आपको अच्छे पैकेज वाली नई नौकरी मिल सकती है। आपको विदेशों से भी धन कमाने के अवसर मिल सकते हैं। आपके खर्चे कम होंगे और लाभ अधिक होगा। रेगुलर इनकम आने से आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। छात्रों के लिए यह वर्ष भाग्यशाली है। आपको परीक्षा में मेहनत का मीठा फल मिलेगा। साल की शुरुआत में शनिदेव आपके द्वादश भाव से गोचर करेंगे जिसके चलते विदेशों से अच्छा लाभ होगा। बिजनेस की दृष्टि से आपके लिए यह साल किसी वरदान से कम नहीं होगा। मार्च को शनि मीन राशि वालों के प्रथम भाव से गोचर करेगा। इस अवधि में आपको अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। मानसिक अशांति बढ़ने के संकेत है। वैवाहिक जीवन में खटपट हो सकती है। बिज़नेस में सोच-समझकर निवेश करना ही सही रहेगा। मई से राहु मीन राशि वालों के द्वादश भाव से और केतु छठे भाव से गोचर करेगा जिसके चलते खर्चों में बढ़ौतरी, पारिवारिक अशांति और किसी बड़े विवाद में फंस सकते हैं। मई मध्य से पहले बृहस्पति लाभ भाव को देखकर आपको अच्छा लाभ करवाना चाहेंगे। वहीं मई मध्य के बाद आपको आपकी ईमानदारी के अच्छे फल प्रतिफल मिलने के योग बनेंगे। घर से दूर रहने वाले विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम मिल सकेंगे। घर से दूर रहकर कमाई करने वाले लोगों को भी अच्छे परिणाम मिल सकेंगे। बाकी जन्मभूमि के आसपास रहकर काम करने वाले लोगों को अपने काम के प्रति थोड़ा सा असंतोष रह सकता है। फिर भी ओवरऑल इस वर्ष को हम आपके लिए मिला-जुला या कुछ मामलों में एवरेज से कुछ अब तक बेहतर भी कह सकते हैं।

**कैरियर –** यह साल बहुत ही अच्छा रहेगा। इस साल आपका ज्यादा ध्यान अपने करियर और प्रोफेशनल लाइफ़ पर होगा। आप अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करोगे। यह वर्ष आपके लिए किसी राजयोग से कम साबित नहीं होगा। आपको हर कार्य में सराहना मिलेगी। वर्कप्लेस पर आपकी छवि, आपकी प्रतिष्ठा बनी रहेगी। आपका दबदबा लगभग हर स्थान पर बना रहेगा। आपके धन में अप्रत्याशित वृद्धि होगी, आपका मान-सम्मान और यश बढ़ेगा। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई में थोड़ी ज़्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है तभी जाकर मनचाहा परिणाम उन्हें मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए यह वर्ष अति भाग्यशाली है। आपको अपने हर कार्य में उत्तम परिणाम मिलेंगे। यदि आप किसी बदलाव की इच्छा रखते हैं तो इस वर्ष आप अपनी नौकरी में, अपने बिज़नेस में कई अहम बदलाव कर सकते हैं और यह बदलाव आपके करियर को एक नई उड़ान के साथ-साथ कई सकारात्मक बदलाव देगा। आपके छठे भाव के स्वामी ग्रह सूर्य पूरे साल में 4 से 5 महीने ही आपका फ़ेवर करना चाहेंगे। वहीं मई के बाद छठे भाव में केतु का गोचर भी आपकी नौकरी में आपका समर्थन करेगा। अतः साल के पहले हिस्से में नौकरी को लेकर थोड़ा सा असंतोष रह सकता है लेकिन साल का दूसरा हिस्सा नौकरी के दृष्टिकोण से अच्छा रह सकता है। हालांकि कार्यालय का माहौल थोड़ा सा बिगड़ा रहेगा, इंटरनल पॉलिटिक्स बीच-बीच में मन को आप्रसन्न करेगी। कुछ सहकर्मियों का बर्ताव अजीबोगरीब रह सकता है। इन सबके बावजूद भी धैर्य पूर्वक काम करते रहना है। क्योंकि ऐसा करने की स्थिति में मई महीने के बाद से आपको अच्छे परिणाम मिलने शुरू हो जाएंगे। कहने का तात्पर्य है कि साल का शुरुआती हिस्सा जॉब के दृष्टिकोण से थोड़ा सा कमजोर लेकिन बाद का हिस्सा अच्छा रह सकता है। इस तरह से आप इस वर्ष नौकरी के मामले में एवरेज परिणाम प्राप्त कर सकेंगे।

**आर्थिक स्थिति** – आर्थिक मामलों के लिए भी यह साल मिला-जुला रह सकता है। धन भाव के स्वामी मंगल, साल के कुछ महीनो में ही आर्थिक मामले में आपका पूरा सपोर्ट कर सकेंगे। वहीं साल की शुरुआत से लेकर मार्च के महीने तक लाभ भाव के स्वामी द्वादश भाव में रहेंगे जो आर्थिक मामले के लिए अच्छी स्थिति नहीं है। हालांकि मार्च के बाद से लाभ भाव के स्वामी पहले भाव में जाएंगे जो तुलनात्मक रूप से बेहतर स्थिति कही जाएगी। लाभ भाव के स्वामी का पहले भाव में जाना लाभ और आपसे एक अच्छा कनेक्शन माना जाएगा अर्थात आमदनी के स्रोतों में इजाफा हो सकता है या इंक्रीमेंट इत्यादि देखने को मिल सकता है, जिसके चलते आप आर्थिक मामले में कुछ मजबूती का अनुभव करेंगे लेकिन शनि के गोचर को पहले भाव में अच्छा नहीं माना जाता। यानी कि बहुत अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे फिर भी तुलनात्मक रूप से बेहतर रह सकते हैं। धन के कारक ग्रह बृहस्पति साल की शुरुआत से लेकर मई महीने के मध्य भाग तक नवम दृष्टि से लाभ भाव को देखेंगे। हालांकि लाभ भाव में मकर राशि रहेगी और मकर राशि के साथ बृहस्पति का संबंध अच्छा नहीं होता है, फिर भी बृहस्पति की दृष्टि तो बृहस्पति की दृष्टि है; वह फायदा जरूर करवाएगी। इस तरह से हम कह सकते हैं कि यह साल आमदनी के दृष्टिकोण से आपको मिले-जुले परिणाम दे सकता है। वर्ष की शुरुआत आर्थिक दृष्टि से बहुत अच्छी है। कारोबार में आपको फायदा मिलेगा। आप अपने कारोबार का सही दिशा में विस्तार कर पाएंगे। आप जो भी धन कमाएंगे उसे सही जगह निवेश भी करेंगे और यह निवेश आपको फायदा भी पहुंचाएगा। आपको जमीन के क्रय-विक्रय से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। नया वाहन खरीदना चाह रहे हैं तो यह वर्ष बहुत ही शुभ है। आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के योग है। यदि आप किसी नए बिज़नेस की शुरुआत करना चाहते हैं तो आपको पार्टनरशिप से फायदा मिलेगा। आपके कार्यस्थल पर बड़ी तेजी से बदलाव आएंगे जो आगे चलकर आपको फ़ायदा पहुचाएंगे। आपकी इनकम में वृद्धि होगी। आप किसी भी तरह के निवेश में अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे। आपके आमदनी के साधनों में वृद्धि होगी आप अपनी सेविंग्स पर खर्च करेंगे जिनसे आपको लाभ होगा।




**परिवार –** साल की शुरुआत से लेकर मार्च के महीने तक शनि की तीसरी दृष्टि आपके दूसरे भाव पर रहेगी, जो पारिवारिक संबंधों को कमजोर करने का काम कर सकती है लेकिन बाद के समय में समस्याएं धीरे-धीरे करके समाप्त हो जाएंगी और आप समझदारी पूर्वक निर्वाह करके न केवल परिजनों के साथ अच्छे संबंध बनाए रख सकेंगे बल्कि पारिवारिक मामलों में अच्छा प्रदर्शन भी कर सकेंगे। वहीं गृहस्थ संबंधी मामलों की बात की जाय तो साल के पहले हिस्से में किसी नकारात्मक ग्रह का प्रभाव लंबे समय तक चतुर्थ भाव पर नहीं रहेगा। यानी कि आप अपने गृहस्थ जीवन का बेहतर आनंद उठा सकेंगे। जरूरी चीज आप अपने घर ला सकेंगे। घर की मरम्मत का मामला हो या फिर साज सज्जा का मामला; इन सभी मामलों में आपकी कोशिशें कामयाब रहेंगी। वहीं मई महीने के मध्य भाग के बाद बृहस्पति का गोचर चतुर्थ भाव में हो जाएगा।मीन राशिफल 2025 के अनुसारचतुर्थ भाव में बृहस्पति के गोचर को अच्छा नहीं माना गया है। अतः मई महीने के मध्य भाग के बाद घरेलू मामलों को लेकर या फिर गृहस्थ मामलों को लेकर कुछ अव्यवस्था देखने को मिल सकती हैं। जिसके कारण गृहस्थ जीवन थोड़ा सा कमजोर रह सकता है। ऐसे में जरूरत रहेगी कि घर गृहस्थी को लेकर आप लापरवाह न हों और घरेलू व्यवस्थापन को मजबूती देने का काम करते रहें, जिससे गृहस्थ जीवन संतुलित बना रहे। साल का पहला हिस्सा विवाह से संबंधित मामलों के लिए कठिनाई भरा किंतु अनुकूल परिणाम देने का काम कर सकता है। बाद का समय शायद विवाह से संबंधित मामलों में बहुत अधिक सपोर्ट न कर पाए। वहीं वैवाहिक जीवन की बात की जाए तो इस मामले में इस वर्ष बहुत ही सावधानी पूर्वक निर्वाह करने की जरूरत रहेगी। साल के पहले हिस्से में राहु केतु का प्रभाव सप्तम भाव पर रहेगा। वहीं मार्च के बाद शनि का प्रभाव सप्तम भाव पर पूरे वर्ष बना रहेगा, जो दांपत्य जीवन में कुछ परेशानियां देने का काम कर सकता है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य बीच-बीच में परेशान कर सकता है अथवा जीवनसाथी के साथ तालमेल बिठाने में कुछ कठिनाइयां रह सकती हैं। हालांकि इन सबके बीच एक अनुकूल बात यह रहेगी कि साल के पहले हिस्से में विशेषकर मई महीने के मध्य भाग तक बृहस्पति की दृष्टि के चलते समस्याएं आएंगी लेकिन ठीक भी हो जाया करेंगी। जबकि मई महीने के मध्य भाग के बाद आपको समस्याओं को दूर करने के लिए खूब प्रयास करने की आवश्यकता पड़ सकती है। कहने का तात्पर्य यह कि विवाह होने या विवाह करने से संबंधित मामलों के लिए साल का पहला हिस्सा बेहतर है जबकि वैवाहिक जीवन के लिए पूरे वर्ष सावधानी और समझदारी पूर्वक निर्वाह करने की आवश्यकता रहेगी। तुलना करें तो साल का पहला हिस्सा बेहतर रह सकता है।

**प्रेम,रोमांस –** इस साल आपको प्यार और मोहब्बत के मामले में मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। वर्ष की शुरुआत आपके निजी रिश्तों के लिए बहुत ही शानदार रहेगी। आपको अपने परिवार के साथ काफी क्वालिटी टाइम बिताने को मिलेगा। आपकी लव-लाइफ़ स्मूद रहेगी और सब कुछ वैसे ही चलेगा जैसा की आप चाहते हो। आपकी मैरिड लाइफ़ बहुत ही एक्साइटिंग रहेगी। इस साल आप दोनों साथ में कहीं वेकेशन पर या छोटी-मोटी ट्रिप्स पर घूमने जा सकते हो। साल के मध्य भाग आपके रिश्तों में कुछ उतार-चढ़ाव ला सकता है। पार्टनर के साथ छोटी से छोटी बातों को लेकर बहस या मनमुटाव होगा। आपके बीच अंडरस्टैंडिंग की भी कमी रहेगी। आपकी लव लाइफ में कुछ ऐसे बदलाव हो सकते हैं जो आपने कभी सोचे भी नहीं होंगे इसलिए बेहतर यही होगा की आप अपने साथी के लिए समय निकालें और उसके साथ कहीं बाहर घूमने जाएं। वैवाहिक जीवन में भी आपको कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। पति-पत्नी के बीच आपसी तालमेल की कमी रहेगी। आपका अड़ियल रवैया आपको मुसीबत की ओर ले जा सकता है। आपके पंचम भाव पर इस वर्ष किसी नकारात्मक ग्रह का लंबे समय तक प्रभाव नहीं है। यह एक अच्छी स्थिति है लेकिन कुछ विद्वान राहु की पंचम दृष्टि को मानते हैं, जिसके चलते साल की शुरुआत से लेकर लगभग मई महीने के मध्य भाग तक राहु का प्रभाव पंचम भाव पर माना जा सकता है। इस कारण से कोई बड़ी समस्या आपकी लव लाइफ में नहीं आएगी लेकिन छोटी-मोटी गलतफहमियां बीच-बीच में रह सकती हैं, जिन्हें आप समझदारी दिखाकर दूर कर सकते हैं और अपनी लव लाइफ को इंजॉय कर सकते हैं। मई महीने के बाद राहु का प्रभाव भी पंचम भाव से दूर हो जाएगा। अतः आप अपने प्रयासों, अपने कर्मों और अपने बर्ताव के अनुसार अपनी लव लाइफ में परिणाम प्राप्त करते रहेंगे। प्रेम के कारक ग्रह शुक्र साल के अधिकांश समय आपका फेवर करते हुए प्रतीत हो रहे हैं। इन सभी कारणों से सामान्य तौर पर आपकी लव लाइफ अच्छी बनी रहेगी। साल आपकी लव लाइफ के लिए अच्छा है। कोई बड़ी समस्या इस वर्ष प्रतीत नहीं हो रही है। छोटी-मोटी समस्याएं कभी-कभार देखने को मिल सकती हैं। जो स्वाभाविक समस्याएं मानी जाएंगी। यानी कि ऐसी समस्याएं हर किसी के साथ कभी-कभी आ जाती है। इसलिए इस साल अपने प्रेम में पारदर्शिता बनाए रखते हुए अपनी लव लाइफ को आप इंजॉय कर सकेंगे।

**शिक्षा–** सालमिले-जुले परिणाम दे सकता है। आपके लग्न या राशि स्वामी बृहस्पति, जो उच्च शिक्षा के कारक भी होते हैं; साल की शुरुआत से लेकर मई महीने के मध्य भाग तक तीसरे भाव में रहेंगे, जो टूर एंड ट्रेवल्स आदि से जुड़े विषयों की शिक्षा लेने वाले विद्यार्थियों को कुछ हद तक अच्छे परिणाम दे सकता है। घर से दूर रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भी संतोषप्रद परिणाम मिल सकते हैं लेकिन अन्य विद्यार्थियों का मन अपने सब्जेक्ट पर तुलनात्मक रूप से कम लग सकता है। हालांकि बुध ग्रह का गोचर बीच-बीच में आपको सपोर्ट करता रहेगा। इस कारण से परिणाम संतोषप्रद बने रहेंगे। मई महीने के मध्य भाग के बाद बृहस्पति का गोचर आपके चौथे भाव में हो जाएगा, जहां से बृहस्पति अष्टम, दशम और द्वादश भाव को प्रभावित करेंगे। ऐसी स्थिति में शोध के विद्यार्थियों को बृहस्पति अच्छे परिणाम दे सकते हैं। व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भी अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। घर से दूर रहकर या फिर विदेश में रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी भी अच्छे परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। अन्य विद्यार्थियों को बुध और बृहस्पति के संयुक्त प्रभाव से एवरेज या एवरेज से थोड़े से बेहतर परिणाम भी मिल सकते हैं। इन स्थितियों के अलावा आपके लग्न भाव पर राहु-केतु और शनि के प्रभाव को देखते हुए हम यही कहेंगे कि शिक्षा की दृष्टिकोण से यह साल मिले-जुले परिणाम दे सकता है। खूब मेहनत करने की स्थिति में परिणाम एवरेज से कुछ हद तक बेहतर भी रह सकते हैं। वहीं लापरवाही की स्थिति में परिणाम कमजोर भी रह सकते हैं। ऐसी स्थिति में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए, अपने सब्जेक्ट पर फोकस करने की कोशिश करते हुए; आप संतोषप्रद परिणाम प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षा तथा प्रतियोगिता में सफलता की प्राप्ति होगी। धार्मिक यात्रा की पूरी संभावना है। इस वर्ष आपकी धार्मिक यात्रा खूब होगी। छात्र सफलता की प्राप्ति करेंगे।

**स्वास्थ्य –** इस साल आपको उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा। अधिकतर समय आप खुद को फिट एंड फाइन रखने में कामयाब रहेंगे। आपको मानसिक और शारीरिक सुख मिलेगा। वर्ष में आपको स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता करने की जरुरत नहीं हैं। आपको रोगों से छुटकारा मिलेगा। इस वर्ष आप अपनी फिटनेस को लेकर सजग रहेंगे। आप किसी फिटनेस क्लब, जिम, मेडिटेशन सेंटर आदि से जुड़ सकते हैं जो आगे चलकर आपकी सेहत को लाभ पहुंचाएगा और इससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। साल की शुरुआत में आपको मानसिक रूप से मजबूती मिलेगी, आई बाधाओं से आप बाहर निकलेंगे। रोगों से, परेशानियों से, चिंताओं से आपको मुक्ति मिलेगी और आप बहुत स्वस्थ महसूस करेंगे। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत इस साल उत्तम रहेगी। आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। स्वास्थ्य आपका बहुत अच्छा रहने वाला है। खांसी, जुखाम या माइग्रेन की दिक्कत से आपको थोड़ी बहुत परेशानी हो सकती है परंतु इसको लेकर घबराने की जरुरत नहीं हैं, छोटी-मोटी समस्याओं को छोड़ कर आपको कोई बड़ी समस्या नहीं होगी। आपका धन शुभ कार्यों में खर्च होगा ना की बीमारियों पर। साल की शुरुआत से लेकर मई महीने तक राहु केतु का गोचर आपके पहले भाव पर प्रभाव डालता रहेगा, जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। विशेषकर यदि आपकी शारीरिक प्रकृति वायु तत्व प्रधान है अर्थात आपको गैस वगैरह की परेशानी पहले से रहती है तो साल का शुरुआती हिस्सा अपेक्षाकृत कमजोर रह सकता है। वहीं मई महीने के बाद से राहु केतु का गोचर आपके प्रथम भाव से दूर हो जाएगा। अतः इस मामले में आपको राहत मिल सकती है लेकिन मार्च से ही शनि का गोचर आपके पहले भाव में हो जाएगा और वर्ष पर्यंत यही बना रहेगा जो स्वास्थ्य को बीच-बीच में कमजोर करने का काम कर सकता है। आपके खान-पान में भी असंतुलन देखने को मिल सकता है। आप स्वभाव से थोड़े से आलसी हो सकते हैं। फलस्वरूप आपकी फिटनेस में भी कमी देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजुओं व कमर के आसपास तथा घुटनों आदि में कुछ तकलीफ भी देखने को मिल सकती है।

**ज्योतिष उपाय –** घर से निकलते हुए सदैव अपनी जेब में एक पीला साफ़ रुमाल ज़रूर रखें। हनुमान जी की आराधना करें। विष्णु सहस्रनाम स्तोत्र का पाठ करें।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

# मंगलवार को करें ये आसान उपाय

सनातन धर्म में मंगलवार के दिन राम परिवार संग हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा की जाती है। साथ ही मंगलवार का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली आती है। इसके अलावा, जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से भी मुक्ति मिलती है। साधक श्रद्धा भाव से मंगलवार के दिन हनुमान जी की पूजा करते हैं। ज्योतिष शास्त्र में मंगलवार के दिन विशेष उपाय करने का भी विधान है। अगर आप भी धन संबंधी परेशानी से निजात पाना चाहते हैं, तो मंगलवार के दिन पूजा के समय ये उपाय जरूर करें।

**मंगलवार के उपाय**

अगर आप मंगल दोष से निजात पाना चाहते हैं, तो मंगलवार के दिन पूजा के बाद लाल रंग की चीजों का दान करें। मसूर दाल, लाल मिर्च, लाल रंग के कपड़े, गुड़, मूंगफली आदि चीजों का दान करें। इन उपायों को करने से मंगल दोष का प्रभाव समाप्त हो जाता है।

अगर आप हनुमान जी की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो मंगलवार के दिन हनुमान जी की भक्ति भाव से पूजा करें। वहीं, पूजा के समय हनुमान जी को एक चुटकी सिंदूर अवश्य ही अर्पित करें। इस उपाय को करने से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं।




अगर आप हनुमान जी को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो मंगलवार के दिन पूजा के समय रामरक्षा स्तोत्र का पाठ करें। इस स्तोत्र के पाठ से जीवन में व्याप्त सभी दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। साथ ही जातक पर हनुमान जी की कृपा भी बरसती है।

सनातन शास्त्रों में निहित है कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। अतः मंगलवार के दिन पूजा के समय कम से कम सात बार हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें। साथ ही ऋणमोचन अङ्गारकस्तोत्र का पाठ करें।

**ऋणमोचन अङ्गारकस्तोत्रम्**

रक्तमाल्याम्बरधरः शूलशक्तिगदाधरः ।
चतुर्भुजो मेषगतो वरदश्च धरासुतः ।।
मङ्गलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्ता धनप्रदः ।
स्थिरासनो महाकायो सर्वकामफलप्रदः ।।
लोहितो लोहिताक्षश्च सामगानां कृपाकरः ।
धरात्मजः कुजो भौमो भूमिदो भूमिनन्दनः ।।
अङ्गारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः ।
सृष्टेः कर्ता च हर्ता च सर्वदेशैश्च पूजितः ।।
एतानि कुजनामानि नित्यं यः प्रयतः पठेत् ।
ऋणं न जायते तस्य श्रियं प्राप्नोत्यसंशयः ।।
अङ्गारक महीपुत्र भगवन् भक्तवत्सल ।
नमोऽस्तु ते ममाशेषं ऋणमाशु विनाशय ।।
रक्तगन्धैश्च पुष्पैश्च धूपदीपैर्गुडोदनैः ।
मङ्गलं पूजयित्वा तु मङ्गलाहनि सर्वदा ।।
एकविंशति नामानि पठित्वा तु तदन्तिके ।
ऋणरेखा प्रकर्तव्या अङ्गारेण तदग्रतः ।।
ताश्च प्रमार्जयेन्नित्यं वामपादेन संस्मरन् ।
एवं कृते न सन्देहः ऋणान्मुक्तः सुखी भवेत् ।।
महतीं श्रियमाप्नोति धनदेन समो भवेत् ।
भूमिं च लभते विद्वान् पुत्रानायुश्च विन्दति ।।

# करना चाहते हैं हनुमान जी को प्रसन्न तो मंगलवार के दिन करें इन मंत्रों का जप



हनुमान जी को मंगलवार का दिन बेहद प्रिय है। इस शुभ तिथि पर विवाह को छोड़कर अन्य सभी शुभ कार्य करने से सफलता मिलती है। साधक मंगलवार के दिन भक्ति भाव से अपने आराध्य भगवान श्रीराम और हनुमान जी की पूजा करते हैं। धार्मिक मत है कि हनुमान जी की भक्ति करने वाला साधक न केवल शारीरिक रूप से बलवान बनता है, बल्कि गुणवान और बुद्धिवान भी बनता है। ज्योतिष जीवन में व्याप्त परेशानियों से निजात पाने के लिए हनुमान जी की भक्ति करने की सलाह देते हैं। अगर आप भी हनुमान जी को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो मंगलवार के दिन भक्ति भाव से हनुमान जी की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय इन मंत्रों का पाठ एवं जप अवश्य करें।

**राशि अनुसार मंत्र जप**

मेष राशि के जातक मंगलवार के दिन
**ॐ परमात्मने नमः मंत्र का जप करें।**
वृषभ राशि के जातक मंगलवार को पूजा के समय
**ॐ धनुर्धराया नमः मंत्र का जप करें।**
मिथुन राशि के जातक रामजी की कृपा पाने के लिए
**ॐ कपिराजाय नमः मंत्र का जप करें।**
कर्क राशि के जातक मंगलवार के दिन
**ॐ हरये नमः मंत्र का एक माला जप करें।**
सिंह राशि के जातक हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए
**ॐ सौम्याय नमः मंत्र का जप करें।**
कन्या राशि के जातक कारोबार में सफलता के लिए
**ॐ वरप्रदाय नमः मंत्र का जप करें।**
तुला राशि के जातक मंगलवार के दिन पूजा के समय
**ॐ जैत्राय नमः मंत्र का जप करें।**
वृश्चिक राशि के जातक मंगलवार के दिन
**ॐ महाभाग नमः मंत्र का एक माला जप करें।**
धनु राशि के जातक रामजी की कृपा पाने के लिए
**ॐ जनार्दनाय नमः मंत्र का जप करें।**
मकर राशि के जातक मनचाहा वर पाने के लिए
**ॐ पुण्याय नमः मंत्र का जप करें।**
कुंभ राशि के जातक धन की समस्या दूर करने के लिए
**ॐ त्रिमुर्तये नमः मंत्र का जप करें।**
मीन राशि के जातक मंगलवार के दिन
**ॐ दांताय नमः मंत्र का जप करें।**

**हनुमान मंत्र**

* ऊँ नमो हनुमते रुद्रावताराय विश्वरूपाय अमितविक्रमाय प्रकट-पराक्रमाय महाबलाय सूर्यकोटिसमप्रभाय रामदूताय स्वाहा।
* ओम नमो हनुमते रूद्रावताराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्वरोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा।
* ऊँ नमो हनुमते रुद्रावताराय सर्वशत्रुसंहरणाय सर्वरोगहराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा।
* मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं कपीश्वर । यत्पूजितं मया देव! परिपूर्ण तदस्तु मे ।।
* वायुपुत्र ! नमस्तुभ्यं पुष्पं सौवर्णकं प्रियम् । पूजयिष्यामि ते मूर्ध्नि नवरत्न - समुज्जलम् ।।

संपादकीय

# ये आईने बदल दो

**हिमाचल** में सियासी और सामाजिक सोच की ठेकेदारी रुकनी चाहिए और इसके लिए राज्य के मजमून बदलने होंगे। सरकारी स्कूलों की असफलता के बावजूद, समाज विपक्ष के साथ उस बहस में क्यों शरीक हो, जहां पूरा सदन मुड़-मुड़ कर देखता है औचित्य के ठहराव पर भी ताकि निरर्थक मजमून चलते रहें। हमें दिल्ली जाना है तो निजी वाहन, टैक्सी या प्राइवेट वोल्वो पर एतबार करते हैं, लेकिन एचआरटीसी के घोषित घाटे के रूट चलते रहें। हमें एक ही विधानसभा क्षेत्र में तीन-तीन कालेज और दो-दो एसडीएम कार्यालय मिल जाएं, तो फर्क नहीं पड़ता। आश्चर्य यह कि मेडिकल कालेजों तक हमें भरोसा नहीं, फिर भी समाज को नए संस्थान चाहिएं। जो चाहिए, वो सोचा नहीं गया, क्योंकि हमारे विकास का कोई रोडमैप नहीं, बल्कि राजनीति और समाज केवल कव्वाली गा रहे हैं। सुर में सुर मिला रहे हैं। हमें लगता है जंगल पर बहस हो, लेकिन उसके माप दंड पर न हो। हमारे सामने सियासत जहां चाहती वहां वनापत्तियां मिट जातीं और जहां नहीं चाहती वहां श्मशान घाट पर भी जंगल का कब्जा रहता है। दुनिया का कोई दस्तूर बता दे कि मात्र तीस फीसदी जमीन के आधार पर किसी राज्य की महत्त्वाकांक्षा, उम्मीदें, सामाजिक पृष्ठभूमि, आर्थिक संतुलन, भविष्य की रूपरेखा, मानवीय जरूरतें और वांछित रोजगार कैसे पैदा होगा। हिमाचल का हर प्रगतिशील कदम जंगल में रुका है, लेकिन हाय! हम तो पर्यावरण हिमायती हैं और शौकिया तौर पर बुद्धिजीवी समाज इस तरफदारी में है कि चीड़ के पेड़ों को तसदीक करें। अभी शीतकालीन सत्र में कितने ही प्रश्न विधानसभा क्षेत्रों के आईने बदल रहे थे, लेकिन हमने वन के आगे हारती हिमाचल की तकदीर का हिसाब नहीं किया। बीज व खाद खरीदते किसी किसान से पूछना कि जंगल में खेत को बचाना कितना कठिन है। बंदर के लिए कितना आसान हो गया बस्ती में आकर रहना, क्योंकि जंगल सिर्फ आंकड़ों में बसता है। इस साल की ही रिपोर्ट देखें कि कितने किलोमीटर फैल गया और हर साल के वनमहोत्सव में कितने समारोह, किसान की आह नहीं सुन पाते। क्यों न जंगल यह प्रण ले कि उससे वन्य प्राणी भाग कर खेत नहीं उजाड़ेंगे। आश्चर्य यह कि बढ़ते दरख्तों के बीच यह हिम्मत नहीं कि शहरी बस्ती से किसी खतरनाक पेड़ को उखाड़ दें या बीच सडक़ पर वन विभाग घातक पेड़ को काट डाले। यह इसलिए कि हमारा समाज निजी उपलब्धियों के शोर में नहीं देख रहा कि पड़ोस की छत के नीचे सरक कर चिट्टा किसी युवक को डस रहा है। हमने समाज के रूप में नहीं सोचा कि हिमाचल की संपूर्णता में कौन सी परियोजनाएं, कौन से मंतव्य सबसे पहले पूरे होने चाहिएं। हमें तो यह भी चिंता नहीं कि हमारा इतिहास कहीं बिगड़ न जाए। हमारा विकास, हमारा आर्थिक आधार बने इसके लिए अनावश्यक व्यय को इतिश्री कहते हुए तमाम राज्य स्तरीय प्राथमिकताओं का ताज पहनना होगा। हम अगर करोड़ों के समारोह मनाते हुए यहां वहां सांस्कृतिक आयोजनों की गलियां विकसित कर रहे हैं, तो यह भी सोचें कि इससे हिमाचली कला, कलाकारों और हिमाचली भाषा को क्या मिला। आश्चर्य है कि पिछले एक साल में पंजाब के एक ही कलाकार ने पांच बार हिमाचल आकर सवा करोड़ का मेहनताना वसूल लिया, लेकिन इसके सामने क्या करनैल राणा, कुलदीप शर्मा या किसी अन्य हिमाचली गायक ने दस लाख भी कमाए।

> सरकारी स्कूलों की असफलता के बावजूद, समाज विपक्ष के साथ उस बहस में क्यों शरीक हो, जहां पूरा सदन मुड़–मुड़ कर देखता है औचित्य के ठहराव पर भी ताकि निरर्थक मजमून चलते रहें। हमें दिल्ली जाना है तो निजी वाहन, टैक्सी या प्राइवेट वोल्वो पर एतबार करते हैं, लेकिन एचआरटीसी के घोषित घाटे के रूट चलते रहें। हमें एक ही विधानसभा क्षेत्र में तीन–तीन कालेज और दो–दो एसडीएम कार्यालय मिल जाएं, तो फर्क नहीं पड़ता। आश्चर्य यह कि मेडिकल कालेजों तक हमें भरोसा नहीं, फिर भी समाज को नए संस्थान चाहिएं। जो चाहिए, वो सोचा नहीं गया, क्योंकि हमारे विकास का कोई रोडमैप नहीं, बल्कि राजनीति और समाज केवल कव्वाली गा रहे हैं। सुर में सुर मिला रहे हैं। हमें लगता है जंगल पर बहस हो, लेकिन उसके माप दंड पर न हो। हमारे सामने सियासत जहां चाहती वहां वनापत्तियां मिट जातीं और जहां नहीं चाहती वहां श्मशान घाट पर भी जंगल का कब्जा रहता है। दुनिया का कोई दस्तूर बता दे कि मात्र तीस फीसदी जमीन के आधार पर किसी राज्य की महत्त्वाकांक्षा, उम्मीदें, सामाजिक पृष्ठभूमि, आर्थिक संतुलन, भविष्य की रूपरेखा, मानवीय जरूरतें और वांछित रोजगार कैसे पैदा होगा।

## विश्वस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही

# और सरल कर व्यवस्था जरूरी

डा. जयंती लाल भंडारी

**यद्यपि** सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए एक के बाद एक लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है। हाल ही में 21 दिसंबर को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण व राहत संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए यह कहा गया है कि ऋण शर्तों का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टिफाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर मुक्त किया गया है। इस्तेमाल शुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर को 18 फीसदी कर दिया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त 2024 में आयकर अधिनियम सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वीके गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ाकर इसे विश्वस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही है। यह समिति कर विशेषज्ञों और विभिन्न निकायों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने के लिए सीमा शुल्क कानून की तरह ही समिति दरों की एक व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि वीके गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं




उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से 25 सितंबर 2020 से पूरे देशभर में लागू करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था और वर्ष 2019 में लागू करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) जैसे बड़े आयकर सुधार प्रमुख हैं। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। पिछले 10 वर्षों में आयकर संग्रह में करीब 182 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढक़र 10.45 लाख करोड़ रुपए का रहा। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023-24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। साथ ही मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। जिस तरह देश में आयकर संबंधी सुधारों से आयकरदाताओं की संख्या और आयकर राशि में तेजी से इजाफा हुआ है, उसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ है। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर लगने वाले 17 केंद्रीय और राज्य स्तरीय टैक्स के साथ-साथ करीब 23 अलग-अलग तरह के उपकरों को समाहित किया गया है। जीएसटी विनिर्माताओं, कारोबारियों, निर्यातकों और आम लोगों के लिए लाभप्रद माना गया है। जीएसटी लागू होने के पूर्व वित्त वर्ष 2016-17 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह (केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर और सीमा शुल्क आदि) से करीब 8.63 लाख करोड़ रुपए की प्राप्ति हुई थी। जीएसटी लागू होने के बाद जीएसटी से टैक्स संग्रहण तेजी से बढ़ रहा है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसदी वृद्धि को दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसदी बढक़र 14.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ रही है। सरकार की मुठ्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद कर रहा है, बल्कि यह सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बना रहा है। निःसंदेह देश में कर सुधारों से आयकर और जीएसटी के संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है। लेकिन अभी भी इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत में कर से जीडीपी अनुपात 11.7 फीसदी के स्तर पर ही पहुंचने का अनुमान है, जो कि दुनिया के कई विकासशील देशों में यह अनुपात भारत से अधिक है। ऐसे में देश में आयकर और जीएसटी के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। चूंकि देश ने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उस दिशा में आगे बढने के लिए कर सुधारों के साथ कर संग्रह में लगातार इजाफा जरूरी होगा और तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल से कर संग्रह में वृद्धि तेज की जानी होगी। ऐसे में यह उपयुक्त होगा कि आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए गठित की गई वीके गुप्ता समिति शीघ्रतापूर्वक अपनी रिपोर्ट पूर्ण करते हुए इस बात पर ध्यान दे कि प्रति व्यक्ति आय के लिए छूट की सीमा को कम करने के मद्देनजर छूट के स्तर को निकट भविष्य में अपरिवर्तित रखा जाए। समिति को ध्यान देना होगा कि करदाताओं की संख्या में इजाफा कर व्यवस्था को अधिक निष्पक्ष बनाया जाए ताकि इससे कर भुगतान को लेकर दृष्टिकोण को सही दिशा में बढ़ावा मिल सके।

> ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने के लिए सीमा शुल्क कानून की तरह ही समिति दरों की एक व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि वीके गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा।

दृष्टि कोण

# चिट्टे से बचा लो अपनी नस्लों को

**सर** मुझे छुट्टी चाहिए, मेरे पड़ोस में एक जवान लडक़े की चिट्टे की ओवरडोज से मौत हो गई है। एक ही एक बच्चा था अपने मां-बाप के। हमारे बच्चे बचपन में उसके साथ खेलते थे, बचपन में मैंने उसे मां की तरह पाला है। इस चिट्टे ने बर्बाद कर दिया।' कहते-कहते महिला जोर-जोर से रोने लगी और फोन बंद कर दिया। 'इस चिट्टे का बेड़ा गर्क हो, चिट्टे के सप्लायर्स को फांसी होनी चाहिए', ऐसी अनेक बातें आज हर रोज समाज में सुनने को मिल रही हैं। हर रोज चिट्टे की ओवरडोज, चिट्टे का कारोबार, पुलिस ने पकड़ा चिट्टा, चिट्टे से जान गई जैसे समाचार टीवी चैनल, समाचार पत्र तथा सोशल मीडिया की सुर्खियों में हैं। चारों ओर भय और दहशत का वातावरण है। न जाने कौन, कहां और कब चिट्टे की चपेट में आकर मौत के मुंह में चला जाए। वैसे तो चिराग जलने से आग लगती है, लेकिन चिट्टे के मामले में घर का चिराग बुझने से आग लगती है। यह उस मां या बाप की सिसकियों से जाना जा सकता है जिसका बेटा चिट्टे की आग में जल चुका हो। मशहूर शायर राहत इंदौरी का शे'र याद आ रहा है, 'लगेगी आग तो आएंगे घर की जद में, यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है।' चिट्टे की आग आज समाज में विकराल रूप ले चुकी है। हमारे आसपास ही चिट्टे से हो रही अप्रत्याशित मौतों के बारे में सुनने को मिलता है। चिट्टे का दंश झेलने वाले माता-पिता तथा अभिभावक सिसकारियां भरते नजर आते हैं। यह हर घर, गांव और समाज की कहानी है। नशे के सौदागरों को न तो व्यवस्था का खौफ है, न परमात्मा का डर। समझ नहीं आता जिंदगी न दे सकने वालों को मौत देने का अधिकार किसने दे रखा है? ये लोग कौन हैं? मशहूर शायर बशीर बद्र ने कहा, 'फाक्ता की मजबूरी ये भी नहीं कह सकती, कौन सांप रखता है उसके आशियाने में।' नशे के खिलाफ एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं। पुलिस प्रशासन चिट्टे के कारोबारियों, सामाजिक, प्रशासनिक तथा राजनीतिक पेचीदगियों से परेशान है। जनता खामोशी से बर्बादी का आलम देख रही है। समाज में नशे से आग लगाने वालों को क्या खबर कि अगर हवाओं ने रुख बदल लिए, तो खाक वो भी होंगे। नशे के अनेकों चेहरे हैं- सिगरेट, शराब, भांग, सुल्फा, भुक्की, चरस, गांजा, अफीम तथा हेरोइन, लेकिन वर्तमान में चिट्टा महादानव बन कर सामने आया है। आज की तारीख में चिट्टे का सौदागर मजबूत और समाज मजबूर हो चुका है। चिट्टे के ओवरडोज के कारण हुई मौतों के अनेकों मामले हमारे सामने आते हैं, लेकिन बहुत कम मामले पुलिस रिकार्ड में दर्ज हो जाते हैं। ऐसे अनेकों मामलों में लोग बदनामी, पुलिस, कोर्ट तथा कचहरियों के चक्कर में परेशानी से बचने के लिए ऐसा करते हैं, जबकि ऐसा छुपाना गैर कानूनी भी है। चिट्टे तथा अन्य नशों के ओवरडोज की स्थिति में व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जाना चाहिए। परिजनों को ऐसे नशों के आदी व्यक्तियों की नियमित जांच करवाकर उनकी नशामुक्ति का प्रयास करना चाहिए। वर्तमान में नशे की वजह से कई परिवारों को बर्बाद होते हुए देखा जा सकता है। बहुत ही चिंतनीय है कि अब शहरों के तथा गांवों के सामान्य परिवारों के साथ दूरदराज तथा जनजातीय क्षेत्रों में भी यह धंधा पांव पसार चुका है। अब तो गांव तथा शहरों में लड़कियों को भी सरेआम शान से सिगरेट, बियर और शराब पीते हुए देखा जा सकता है। लैंगिक समानता, आधुनिकता तथा स्वतंत्रता की दुहाई देने वाली इन पथभ्रष्ट लड़कियों को यह मालूम नहीं होता कि वे धीरे-धीरे व्यक्तिगत, पारिवारिक तथा सामाजिक बर्बादी के गर्त में जा रही हैं। समाज में अनेकों माता-पिता तथा अभिभावकों को नशे के गर्त में जा चुके इन बच्चों के कारण दुःखी तथा परेशानी में देखा जा सकता है। नशे की तस्करी, धंधा तथा लोगों को इसका सेवन करने के लिए बाध्य करना नैतिक, सामाजिक तथा कानूनी दृष्टि से अवैध एवं अमान्य है। कुछ पथभ्रष्ट तथा चंद रुपयों के लिए ऐसे धंधों में शामिल होना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे नशा तस्करों को किसी भी सूरत में माफ नहीं किया जा सकता।

कुछ अलग

# गाय से गोबर प्यारा

**पहली** बार गाय को अपने गोबर पर गर्व महसूस हुआ। उसे यकीन नहीं हुआ कि एक दिन वह अपने दम पर इसे बेच पाएगी। गाय को अपने दूध का एहसास है, लेकिन इसके कारण उसके बछड़े आवारा हो गए। बिके हुए दूध का क्रेडिट नामी कंपनियां ले गईं या पशुपालन मंत्रियों के आंकड़ों ने इसे कहीं का नहीं छोड़ा। दरअसल देश के दूध ने गाय को भी अवारा बना दिया। खैर अब गोबर की वजह से इसे फिर से मुख्यधारा में आना पड़ा। इधर गोबर को भी पहली बार मालूम हुआ कि उसका भी आत्मसम्मान है। वैसे आत्मसम्मान का ताल्लुक अब बिकने से है। आज की राजनीति में जो नेता गोबर की तरह बिक रहे हैं, कितने आत्मसम्मानी हैं। यही वजह है कि अब कई राज्य सरकारें गोबर बेचने के धंधे से अपने आत्मसम्मान के घाटे को पूरा कर रही हैं। बेचा तो सरकारों ने सब कुछ, मगर गोबर ने अपनी क्षमता और संभावना के दम पर सरकारों की छाती चौड़ी कर दी। गोबर को मिली इज्जत से सारा आवारा गोवंश और खास तौर पर सांड भी खुश हैं। वे भी नाकारा होते हुए काम के हो गए। हर हलके के विधायक को कहने को आसपास ही इतना गोबर तो मिल गया कि बता सके कि उसकी सरकार की वजह से कितना उत्पादन बढ़ गया है। अचानक अपनी तहजीब बदल कर गोबर शालीन हो गया। अब नागरिक समाज माइंड नहीं करता कि उसकी गली या बस्ती में कब कोई आवारा पशु गोबर कर गया। वह हर जगह पड़े गोबर से देश के भविष्य की आशा करने लगा है। अब सडक़ पर लोग आवारा पशु नहीं, बल्कि गोबर के ढेर खोज रहे थे कि अचानक एक दिन आवारा सांड के मन में आत्म विश्वास जाग गया। उसने तय किया कि इससे पहले कि जीवन ही असफल हो जाए, क्यों न ज्यादा से ज्यादा गोबर पैदा करके सरकार की मंशा को पूरा किया जाए। सामने कृषि विभाग का प्रदर्शनी खेत था। वर्षों से विभाग उत्तम बीज की आशा में गेहूं उगाने की मेहनत कर रहा था कि आवारा सांड ने आदतन पूरी खेती की हजामत कर दी। गनीमत यह रही कि सरकारी खेत का खाया आवारा सांड ने गोबर बना कर उसे ही लौटा दिया, वरना विभाग क्या बेच पाता। विभाग को यह मॉडल पसंद आया। अब विभाग को यह भरोसा है कि भले ही उत्तम बीज न उगा पाए, लेकिन गोबर पैदा करने में उसका योगदान देखा जाएगा। गोबर नवाचार से प्रोत्साहित कृषि, बागबानी, पशुपालन तथा ग्रामीण विकास आदि विभागों ने अपने सारे शोध और विकल्पों से गोबर की पैदावार बढ़ा दी। इस तरह सरकार का पैसा गोबर के रूप में सरकार को वापस मिल जाएगा, यह विचार विमर्श करके कृषि विश्वविद्यालय ने भी गोबर के उत्पादन की हामी भर दी। गोबर खरीद का एक तरह से राष्ट्रीयकरण हो गया। पहली प्राथमिकता सरकारी गोबर को मिली। लक्ष्य बड़ा था, तो कई अन्य विभाग भी इसी अभियान में जुट गए। हर सरकारी स्कूल में घटती छात्रों की संख्या की क्षतिपूर्ति वहां गोबर देती आवारा गउओं ने पूरी कर दी। सरकारी अस्पतालों से मरीज निजी में क्या गए, डाक्टरों ने गायों की देखभाल से गोबर पैदा करना शुरू कर दिया। उधर प्रशासन को प्रशासनिक तौर पर आवारा पशुओं पर एकाधिकार मिल गया। यही वजह है कि अब प्रशासन अपने ब्रांडेड गोबर का धंधा करने लगा। बाकायदा डीसी गोबर, एसडीएम गोबर, पीडब्ल्यूडी गोबर, आईपीएच गोबर ही नहीं, बल्कि आबकारी एवं कराधान जैसे विभाग भी सरकार की आमदनी बढ़ाने के लिए गोबर बेचने लगे।

देश दुनिया से

# साझी विरासत को सम्मान देती सोच से लें सीख

**डॉक्टर** मनमोहन सिंह के निधन के बाद के कुछ घंटों में, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के लेख और साथी पत्रकार प्रदीप मैगजीन की सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विचार व्यक्त किए हैं कि किसलिए मीडिया के एक हिस्से ने 2014 में गैर-जिम्मेदाराना हरकतों को अपनाया था– जब वह उनके प्रधानमंत्रित्व काल के अंतिम महीनों में भले मानस डॉक्टर साहिब के पीछे बेहद अजीब तरीके से पड़ गया था। एक्स प्लेटफार्म पर आई मैगजीन की बहुत सटीक टिप्पणी, काफी कुछ कह गई : 'वह भयानक अहसास : भारत को मनमोहन सिंह को बदनाम करने के अपराध बोध के साथ जीना होगा'। हममें से जिन लोगों ने 2012-2014 के बीच इस निष्ठुर कथानक को घटते देखा होगा, इसकी आलोचना न करने के कारण इस बदनामी अभियान के भागीदार रहे, इस बारे में कोई मुगालता न रहे। हमने भवन को टुकड़े-दर-टुकड़े भरभराते देखा। हमने देखा कि कैसे राहुल गांधी ने 2013 में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में उस अध्यादेश को फाड़ दिया था, जिसे मनमोहन सिंह दोषी राजनेताओं को अस्थायी संरक्षण देने के लिए सदन में पास करवाना चाह रहे थे –यह तब हुआ जब भाजपा पहले से डॉ. सिंह पर गांधी परिवार की 'कठपुतली' होने का इल्जाम लगाती आई थी। हमने देखा कि भाजपा ने उसके बाद वाले शीतकालीन संसद सत्र में कामकाज चलने नहीं दिया था और भाजपा नेता अरुण जेटली ने आक्रामक रूप से सदन ठप करने के लिए अपनी पार्टी का बचाव किया। इससे पहले 2008 में, प्रेस गैलरी से हमने देखा था कि कैसे भाजपा ने संसद में भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के पक्ष में प्रधानमंत्री को बोलने नहीं दिया और सदन उस वक्त लगभग ठप हो गया था जब कथित तौर पर सांसदों को एकतरफा वोट देने के एवज में दी गयी नकदी बरामद हुई। बेशक यूपीए के पास संख्या बल था, इसलिए मतदान में जीत मिली- और जॉर्ज बुश के साथ परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। सीपीआई(एम) के प्रकाश करात सहित अधिकांश लोगों ने यह समझने की बिल्कुल भी जहमत नहीं उठाई कि परमाणु समझौता वास्तव में है क्या – यह किसी विदेशी शक्ति के अधीन काम करने के बारे में कभी भी नहीं था, बल्कि वैश्विक जिम्मेदारी की पुनः पुष्टि को लेकर था, यह भी कि इससे अमेरिका के साथ रिश्ते सहज होने से विदेशी निवेश के दरवाजे खुलेंगे, जिसकी भारत को सख्त जरूरत थी, ताकि वह अपना भाग्य फिर से गढ़ सके। चीनी नेता देंग का वह पसंदीदा नारा याद कीजिये? 'जब तक बिल्ली चूहे पकड़ने लायक है, तब तक आप यह नहीं पूछते कि वह काली है या सफेद'? चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और राष्ट्रवादी निश्चित रूप से पश्चिमी देशों के साथ साझेदारी बनाने में चीन की जरूरत का जिक्र कर रहे थे, क्योंकि विदेशियों के पास चीन में निवेश करने की क्षमता थी। अगर चीन अपने वैचारिक दुश्मन को गले लगाने की आवश्यकता समझ सका, तो प्रकाश करात क्यों नहीं? डॉ. मनमोहन सिंह को यह सवाल पूछना चाहिए था – या कम से कम तब पीएमओ में राज्य मंत्री और उनके आंख-कान रहे पृथ्वीराज चव्हाण को अक्सर यह प्रश्न उठाना चाहिए था। मनमोहन सिंह को यह भी पता था कि अमेरिका के साथ भारत की दोस्ती बनने से चीनियों को परेशानी होगी, हो सकता है इसके मद्देनज़र वे भारत के साथ अधिक नरम रुख रखने को लिए राज़ी हों। और ऐसा हुआ भी, जब 2005 में, भारत और चीन ने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए वार्ता शुरू की – हालांकि बाद में चीन पीछे हट गया, जब उसने देखा कि भारत दुनिया से अलग-थलग और कमजोर पड़ रहा है, लेकिन यह बाद में हुआ। दुखद यह कि सीताराम येचुरी, जिन्होंने भारत-अमेरिका समझौते को घरेलू राजनीति से जोड़ने के सीपीएम के फैसले का खुलकर विरोध किया था, उन्हें उनकी अपनी पार्टी ने ही खारिज कर दिया। येचुरी हार गए, करात जीत गए और यूपीए के पैरों तले से जमीन खिसका दी। विडंबना यह है कि कुछ साल बाद, प्रकाश करात के कट्टर सहयोगी पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली केरल की वामपंथी सरकार ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज में 'मसाला बॉन्ड' का समर्थन किया, जिसके जरिये केरल के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में नई पहल के वास्ते पूंजी जुटाई गई, और जिससे राज्य की सूरत बदल दी। केरल को छोड़कर, देश के बाकी हिस्सों से सीपीएम साफ हो गई। समय की मांग के साथ आगे बढ़ने की जरूरत का मनमोहन सिंह का मंत्र पूरे भारत में गूंजा – इसने वामपंथियों को व्यावहारिक रूप से खत्म कर दिया और भारतीय उद्यमियों की 'जिंदादिली' की प्रवृत्ति को बंधन मुक्त करते हुए उन्हें देश की भौगोलिक सीमा से परे की दुनिया में नई साहसिक छलांगें लगाने का मौका दिया, यह वो था जिसकी कल्पना 1947 में परिवार के साथ रेडक्लिफ सीमा पार कर भारत में आते वक्त खुद डॉ. सिंह ने भी नहीं की होगी। बारिश से भीगते सप्ताहांत में डॉ. सिंह का निधन हमें दो 'कल्पनाएं' करने का अवसर प्रदान करता है। पहली, जरा सोचकर देखें, यदि मनमोहन सिंह चीनियों के साथ सीमा समाधान निकालने में समर्थ होते। गलवान प्रसंग न घटता, तब चार साल तक चीनी आपकी सीमा पर बैठकर आपकी ओर न देखते। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति स्थापित हो चुकी होती। इसके अलावा, यह कल्पना भी करें कि अगर मनमोहन सिंह 2008 में अपने जन्मस्थान गाह के दौरे कर जाते। तो पाकिस्तान के साथ भी चीजें अच्छी चल रही होतीं। कुछ समय के लिए दोस्ती की ब्यार चली भी, जब 2005 में मुशर्रफ एक क्रिकेट मैच देखने के लिए दिल्ली आए और उन्होंने मनमोहन सिंह को वापसी यात्रा पर आमंत्रित किया था। इस बीच डॉ.सिंह ने सियाचिन का एक संक्षिप्त दौरा किया था और एनजे 9842 नामक जगह पर समाप्त होने वाले ग्लेशियर का जिक्र करते हुए -जिसकी उंचाई का फायदा उठाने की चाहत भारत और पाकिस्तान दोनों को थी -उसे एक 'शांति कुंज' में बदलने की तमन्ना व्यक्त की। मनमोहन सिंह कश्मीर की एक दिन की यात्रा पर भी गए थे, वहां तमाम किस्म के भारतीयों से संवाद करने और वार्ता प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए 8 गोलमेज वार्ताएं हुईं- इनमें राजनीति विषय वाली बैठक की अध्यक्षता उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने की थी।



आप का नजरिया

# भाजपा-कांग्रेस बनाम केजरीवाल

**कांग्रेस** नेता एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को 'देशद्रोही' और 'फर्जीवाल' करार दिया है और उनकी राजनीति से सचेत रहने को आगाह किया है। पलटवार में केजरीवाल ने कांग्रेस को अल्टीमेटम का जो वक्त दिया था, वह समाप्त हो चुका है। केजरीवाल ने अपनी धमकी के मुताबिक न तो 'इंडिया' गठबंधन को कांग्रेस को निकाल बाहर करने का आग्रह किया है और न ही ऐसा आग्रह स्वीकार करना संभव है। कांग्रेस ने अपने नेता के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की है। बल्कि कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने केजरीवाल के खिलाफ जो शिकायतनामा उपराज्यपाल विनय सक्सेना को दिया था, उस पर पुलिसिया जांच के आदेश दे दिए गए हैं। परोक्ष रूप से लगता है कि दिल्ली के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भी यही आरोप लगाया था कि चुनावों के मद्देनजर भाजपा-कांग्रेस में सांठगांठ है। यह कुछ सच भी लग रहा है। भाजपा-कांग्रेस की एक साथ राजनीति बेहद चौंकाती है, क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर वे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के बजाय 'नफरती दुश्मन' अधिक हैं। आज से छह माह पूर्व, जून-2024 के आम चुनाव तक, कांग्रेस और 'आप' सहोदरी गठबंधन में थे और मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ा था। यह दीगर है कि दिल्ली में भाजपा ने इस गठबंधन को सातों संसदीय सीटों पर चित कर दिया था। उसके बाद कांग्रेस-आप का गठबंधन जिस तरह दोफाड़ हुआ है, उससे सवाल उठते हैं कि क्या 'इंडिया' का अस्तित्व अब भी जिंदा है? क्या 'इंडिया' एकजुट, लामबंद होकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा को चुनौती देने की स्थिति में है? क्या 'इंडिया' धीरे-धीरे अलग-थलग होकर बिखरने के कगार तक पहुंच गया है? कांग्रेस के अन्य घटक दलों के साथ भी संबंध सामान्य नहीं हैं। कांग्रेस-भाजपा बनाम केजरीवाल की राजनीति का विश्लेषण करना अनिवार्य है, क्योंकि कई संवैधानिक सवाल पैदा होते जा रहे हैं। उपराज्यपाल की जांच भी संदिग्ध है। पंजाब से पैसा दिल्ली भेजा जा रहा है, इसका बुनियादी साक्ष्य क्या है? दूसरी तरफ 'आप' के कार्यकर्ताओं ने तीन दिन में ही 'महिला सम्मान योजना' के तहत करीब 22 लाख महिलाओं का पंजीकरण कर लिया है। 'संजीवनी योजना' के तहत 2 लाख से अधिक बुजुर्गों का पंजीकरण कर लिया गया है। इन लाखों लोगों का निजी डाटा जुटाया गया है। क्या यह कानूनन अपराध है? यदि यह अपराध जांच के काबिल है, तो चुनाव से पहले ऐसी तमाम घोषणाओं के लिए लोगों के पंजीकरण भी अपराध हैं। ऐसी कवायद केंद्र सरकार के स्तर पर भी की जाती रही है। कांग्रेस और भाजपा के स्तर पर नकदी ही नहीं, 'रेवडियां' भी बांटी जा रही हैं, यह आर्थिक अपराध की जांच का आधार क्यों नहीं है? चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई, किसानी, भ्रष्टाचार, विकास आदि की चर्चा दूर-दूर तक नहीं है। 'मुफ्तखोरी' का शोर बहुत गूंज रहा है।

# भजनलाल की अजमेर और बीकानेर संभाग के विधायकों के साथ बैठक

**जयपुर,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट के माध्यम से राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट में की गई हर घोषणा का जमीन पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो, जिससे जनता को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान-2047 की लक्ष्य प्राप्ति के लिए बजटीय घोषणाओं को सही समय पर और प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर अजमेर एवं बीकानेर संभाग के विधायकों के साथ बजट वर्ष 2024-25 में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने जिले में प्रशासन के साथ मिलकर लगातार बैठकें लें, ताकि बजटीय घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन घोषणाओं की क्रियान्विति में संसाधनों की किसी भी स्तर पर कमी नहीं आने दी जाएगी।



अन्त्योदय की परिकल्पना हमारा ध्येय मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय को ध्येय मानते हुए कार्य कर रही है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लक्ष्य समाज के अन्तिम व्यक्ति को राहत पहुंचाते हुए उनका उत्थान और कल्याण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं, किसानों तथा श्रमिकों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है।

विधायक अपने क्षेत्र के लोगों से जुड़ें और संवाद करें, ताकि इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ इन वर्गों को मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2014 के बाद देश में अभूतपूर्व बदलाव लाए हैं। प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा गत एक वर्ष के कार्यकाल में संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, युवाओं को सरकारी नौकरी, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट सहित विभिन्न काम हुए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम विकसित भारत-विकसित राजस्थान संकल्पना की सिद्धि की दिशा में अग्रसर हैं।

हमारी सरकार ने राज्य में बिजली, पानी की बुनियादी आवश्यकताओं पर प्राथमिकता से काम किया। इसी भावना के अनुरूप आमजन को राहत देते हुए विधायकगण अपने संबंधित क्षेत्र में विकास कार्य सुनिश्चित करें। योजनाओं का हो व्यापक प्रचार-प्रसार- मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक आमजन की आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य करें तथा उनकी प्रत्येक समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी पर 25 दिसम्बर को प्रत्येक ग्राम पंचायत पर अटल ज्ञान केन्द्र खोलने की घोषणा की है, जिसके तहत हर पंचायत पर एक अटल प्रेरक लगाया जाएगा। इन केन्द्रों पर लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी की स्थापना तथा ई-मित्र की तर्ज पर विभिन्न जनसुविधाएं उपलब्ध होंगी। अटल प्रेरक के माध्यम से इन सुविधाओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों के प्रभावी संचालन के संबंध में भी विस्तृत दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत एक जिला-एक उपज, एक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल और एक खेल का चिन्हीकरण कर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि जिले की विशेषताओं को पहचान मिले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में राजस्थान 'खेलो इंडिया' की मेजबानी कर रहा है। ऐसे में इसकी तैयारियां भी प्रारंभ कर दें।

# राजस्थान में तबादलों से होगा नए साल का आगाज, बैन हटा

## 1 से 10 जनवरी तक होंगे तबादले, शिक्षा विभाग में अभी रोक बरकरार

**जयपुर,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
राज्य सरकार ने 1 जनवरी से 10 जनवरी तक के लिए तबादलों पर लगी रोक हटा ली है। हालांकि, शिक्षा विभाग में तबादलों पर अभी भी बैन जारी रहेगा। ग्रेड थर्ड शिक्षकों के ट्रांसफर इस अवधि में नहीं किए जाएंगे।

सरकार के आदेश के अनुसार, प्रारंभिक शिक्षा, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग में तबादलों की अनुमति नहीं होगी। वहीं, वोटर लिस्ट के अपडेशन में जुटे अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादले पर 7 जनवरी तक प्रतिबंध रहेगा। इन कर्मचारियों का तबादला केवल 8 से 10 जनवरी के बीच किया जा सकेगा, यानी इन्हें बैन हटने का लाभ केवल तीन दिन मिलेगा।सरकार का यह कदम प्रशासनिक कार्यों को व्यवस्थित करने के लिए उठाया गया है, लेकिन शिक्षा विभाग में बैन जारी रहने से शिक्षक वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है।

# राजस्थान सरकार का औद्योगिक विकास में नया कदम

## लॉजिस्टिक्स हब और नए औद्योगिक नोड्स के लिए रणनीतिक स्थानों की पहचान

**जयपुर,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
राजस्थान सरकार के उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा और रीको के एमडी इंद्रजीत सिंह की अगुवाई में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है, जिसमें जयपुर के आसपास लॉजिस्टिक्स हब, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और नए औद्योगिक नोड्स के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान की जा रही है। हाल ही में, टीम ने मांडा, फुलेरा और बिचून औद्योगिक क्षेत्रों में विभिन्न भूमि भूखंडों का आकलन किया, जिससे राज्य के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।



इसके अलावा, अधिकारियों ने भूमि एकत्रीकरण नीति के तहत मांडा औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार और बिचून के विकास के प्रस्ताव पर भी विचार किया। पिछले सप्ताह, रीको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ने मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे के साथ दौसा-बांदीकुई क्षेत्र का दौरा किया, ताकि राज्य में नए निवेश क्षेत्रों के लिए उपयुक्त भूमि भूखंडों की पहचान की जा सके। यह पहल 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दौरान किए गए वादों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी, जो राज्य की औद्योगिक वृद्धि और सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 112 ईआरएसएस के संचार अधिकारियों को दिया गया उच्च स्तरीय प्रशिक्षण

**अब तक 172 संचार अधिकारी किए गए प्रशिक्षित**

**चंडीगढ़,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
हरियाणा पुलिस द्वारा क्षमता निर्माण की ओर कदम बढ़ाते हुए हरियाणा 112 ईआरएसएस में कार्यरत संचार अधिकारियों को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि हरियाणा-112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों पर प्रतिक्रिया दक्षता में सुधार हो सके और उनके कौशल को बढ़ाया जा सके। यह प्रशिक्षण अलग-अलग सत्रों में दिया जा रहा है। इन प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से अब तक हरियाणा पुलिस के 172 संचार अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।



इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम को इस प्रकार से डिजाइन किया गया है ताकि संचार अधिकारी हरियाणा 112 पर प्राप्त होने वाले कॉल को प्रभावी तरीके से समझते हुए उसका जवाब दे सकें। इसके अलावा कॉल के दौरान कम्युनिकेशन अधिकारी तथा कॉलर के बीच में मैसेज की स्पष्टता पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्हें बताया जाता है कि उन्हें कॉल करने वाले व्यक्ति से किस प्रकार जल्दी व सही जानकारी एकत्रित करनी है और क्या और कैसे प्रश्न पूछने हैं ताकि उस व्यक्ति की तुरंत मदद की जा सके। यदि व्यक्ति बहुत ज्यादा परेशान है, घबराया हुआ है तो ऐसी स्थिति में पीड़ित व्यक्ति को किस प्रकार से आश्वस्त करना है, के बारे में बताया जाता है। इसके साथ ही, उन्हें बताया जाता है कि कॉल के दौरान व्यक्ति का तनाव कम करने तथा संयम बनाए रखने का भी अभ्यास करवाया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में त्वरित और प्रतिक्रिया समय के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करवाई जाती है।

ईआरएसएस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरदीप दून ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट भाषा और उच्चारण को तटस्थ करने के महत्व पर जोर दिया जाता है। प्रशिक्षण में प्रभावी ढंग से सुनने और कॉल करने वालों के साथ स्पष्ट रूप से संवाद करने की क्षमता पर बल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कॉलर को भावनात्मक समर्थन और आश्वासन प्रदान करने के लिए कौशल विकसित किया जाता है। इस दौरान दबाव की परिस्थितियों को शांति और कुशलता से संभालने की तकनीक के बारे में भी बताया जाता है। कॉल करने वालों से आवश्यक जानकारी जल्दी से इकट्ठा करने के लिए केवल प्रासंगिक प्रश्न पूछने पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया।

# परीक्षा फॉर्म पर जीएसटी वसूल कर युवाओं का शोषण कर रही है भाजपा सरकार: कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने परीक्षा फॉर्म पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने को लेकर भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा युवाओं को नौकरी तो दे नहीं सकती है पर परीक्षा फॉर्म के नाम पर 18 फीसदी जीएसटी वसूल कर युवाओं के जख्मों पर नमक जरूर छिड़क रही है। उन्होंने कहा कि जो सरकार कफन पर भी जीएसटी वसूल कर सकती है उससे और भला क्या उम्मीद की जा सकती है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही से हर परीक्षा में पेपर लीक होते रहे है। सरकार को युवाओं के भविष्य की कोई चिंता नहीं है जबकि युवा ही देश का भविष्य होते हैं।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने परीक्षा फॉर्म पर जीएसटी लगाने को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने उन माता-पिता के सपनों को आय का साधन बना दिया है, जो अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराने के लिए एक-एक पाई बचाते थे। उन्होंने कहा कि वायदा करके भी भाजपा सरकार युवाओं को नौकरी तो नहीं दे सकती, लेकिन परीक्षा फॉर्म पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाकर घावों पर नमक छिड़कने का काम जरूर कर रही है। अग्निवीर समेत हर सरकारी नौकरी के फॉर्म पर जीएसटी लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के बाद अगर सरकार की विफलता या भ्रष्टाचार के कारण पेपर लीक हो जाता है, तो युवाओं का यह पैसा बर्बाद हो जाता है।

# हरियाणा में भाजपा ने 41 लाख से ज्यादा नए सदस्य बनाए : बडौली

**चंडीगढ़,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रेस वार्ता में पार्टी की हालिया उपलब्धियों और आगामी



योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में हरियाणा भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें सदस्यता अभियान, संगठनात्मक ढांचे और आगामी चुनावी तैयारियों पर चर्चा की गई। बडौली ने बताया कि भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत 41 लाख नए सदस्य बनाए हैं। इसके साथ ही पार्टी ने 31 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य बनाए, जो संगठन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, हमने प्रत्येक बूथ पर तीन सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा था, जिसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि पार्टी ने जिलों और मंडलों में मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार किया है। मंडलों की संख्या को 313 से बढ़ाकर 376 कर दिया गया है। मंडलों के चुनाव के बाद जिलों के चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शक्ति केंद्र को जिम्मेदारी सौंपी गई है, और पार्टी पन्ना प्रमुख नियुक्त करने की प्रक्रिया को जल्द ही शुरू करेगी। बडौली ने कहा कि भाजपा बूथ स्तर पर अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर 50 सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। यदि किसी बूथ पर यह संख्या पूरी नहीं होती है, तो वहां चुनाव नहीं होंगे। हालांकि, उन्होंने भरोसा जताया कि हर बूथ पर पर्याप्त सदस्य हैं, जिससे संगठन को कोई बाधा नहीं होगी।

# किसानों का पंजाब बंद खत्म, यात्रियों को हुई परेशानी

**चंडीगढ़,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
पंजाब में किसानों द्वारा सोमवार को बुलाया गया पंजाब बंद शाम 4 बजे खत्म हो गया। सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस बंद से पूरे राज्य में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। किसानों ने हरियाणा और पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर समेत 140 से ज्यादा जगहों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक जाम कर दिए। अमृतसर-जालंधर, पानीपत-दिल्ली और अमृतसर-जम्मू जैसे महत्वपूर्ण रूटों पर यातायात पूरी तरह ठप रहा। किसान आंदोलन के चलते रेलवे ने वंदे भारत समेत 163 ट्रेनें रद्द कर दीं। इससे हजारों यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



हरियाणा के कुरुक्षेत्र और अंबाला में ट्रेनें रद्द होने से कई यात्री इधर-उधर भटकते नजर आए। कई यात्रियों को मजबूरी में होटलों में शरण लेनी पड़ी। बस सेवाएं और बाजार भी बंद।पंजाब से आठ राज्यों को जोड़ने वाले 576 रूटों की बस सेवाएं भी पूरी तरह बंद रहीं। हरियाणा और हिमाचल प्रदेश समेत अन्य राज्यों की बसें पंजाब में प्रवेश नहीं कर सकीं।

बंद के कारण पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियां और अधिकतर दुकानें भी बंद रहीं। इस कारण आम लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए मशक्कत करनी पड़ी। किसानों के इस बंद का व्यापक असर रहा। यात्री अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके, वहीं स्थानीय लोग भी बंद के कारण असुविधा का सामना करते नजर आए। बंद समाप्त होने के बाद धीरे-धीरे यातायात बहाल हुआ, लेकिन दिनभर की असुविधा ने यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशान रखा। किसानों का यह आंदोलन अपने मुद्दों को उजागर करने के लिए किया गया था, लेकिन इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ा। बंद समाप्त होने के बाद भी यात्रियों की समस्याएं रात तक ही हल हो पाईं।

# अम्बाला छावनी में बढ़ती बूथ संख्या की वजह से भाजपा में नए शास्त्री मंडल का गठन किया गया : अनिल विज

**अम्बाला,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने बताया कि अम्बाला छावनी में भारतीय जनता पार्टी के बूथ और मंडल प्रधानों के चुनाव जनवरी माह में होंगे। उन्होंने बताया एक से पांच जनवरी तक बूथ प्रधानों और छह से 12 जनवरी तक मंडल प्रधानों के चुनाव होंगे। वहीं, छावनी में बूथों की बढ़ती संख्या की वजह से भाजपा में नए शास्त्री मंडल का भी गठन किया गया है।

विज आज देर शाम अम्बाला छावनी के पीब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा के संगठनात्मक चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। विज ने बताया कि शास्त्री मंडल गठन के बाद अब अम्बाला छावनी में भाजपा के मंडलों की संख्या चार हो गई है जोकि सदर मंडल, महेशनगर मंडल, ग्रामीण मंडल और शास्त्री मंडल होंगे। उन्होंने बताया चुनाव कराने के लिए सदर मंडल में विजेंद्र चौहान को चुनाव अधिकारी और बीएस बिंद्रा को सह चुनाव अधिकारी, इसी तरह महेशनगर मंडल में संजीव सोनी को चुनाव अधिकारी और श्याम सुंदर अरोड़ा को सह चुनाव अधिकारी, ग्रामीण मंडल में ललता प्रसाद को चुनाव अधिकारी और रामबाबू यादव हो सह चुनाव अधिकारी जबकि शास्त्री मंडल में ओम सहगल को चुनाव अधिकारी जबकि विपिन खन्ना को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# आयोग ने 107 दिनों में अभ्यर्थियों के हित में किये कार्य : हिम्मत सिंह

**चंडीगढ़,30 दिसंबर (एजेंसियां)।**
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि उन्होंने 8 जून 2024 को आयोग का पदभार ग्रहण किया, जिसके बाद 18 जुलाई 2024 को आयोग का पुनर्गठन हुआ।

आयोग ने इस वर्ष कुल 56830 अभ्यर्थियों के परिणाम जारी किए जिसमें वर्तमान आयोग द्वारा लगभग 36000 परिणाम घोषित किए गए यह उपलब्धि आयोग ने मात्र 56 कार्यदिवस में प्राप्त की। आयोग चेयरमैन हिम्मत सिंह सोमवार को हरियाणा निवास में प्रेस वार्ता को संबोधित कर थे। चेयरमैन ने आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग कर अभ्यर्थियों को जागरूक किया एवं अभ्यर्थियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि आयोग में पहली बार ऐसा हुआ है कि आयोग के किसी भी पदाधिकारी से कोई भी अभ्यार्थी अपनी शिकायत को लेकर फोन अथवा मैसेज के माध्यम से बात कर सकता है।

# आज का राशिफल

## मेष - चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आज दिन चढ़ने पर वित्तीय तौर पर सुधार आएगा। आज आपको अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग संवेदनशील घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करना चाहिए। व्यक्तिगत मार्गदर्शन आपके रिश्ते में सुधार लाएगा। खाली समय का पुरा आनंद उठाने के लिए आपको लोगों से दूर होकर अपने पसंदीदा काम करने चाहिए। ऐसा करके आपमें सकारात्मक बदलाव भी आएंगे। आपका जीवनसाथी आज ऊर्जा और प्रेम से भरपूर है। आज पानी का जरुरतमंदों को दान और सेवा करना चाहिए आत्मीयशान्ति मिलेगी ।

## वृषभ - इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

अगर आप घर से बाहर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं तो ऐसे लोगों से दूर रहना सीखें जो आपका धन और समय बर्बाद करते हैं। आप माता-पिता को ख़ुश करने में कठिनाई महसूस करेंगे। उन्हें समझने और उनके नज़रिए से चीज़ों को देखने की कोशिश करें, आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। उन्हें आपकी परवाह, स्नेह और समय की आवश्यकता है। आज आप बिना किसी वजह के कुछ लोगों के साथ उलझ सकते हैं। ऐसा करना आपके मूड को तो खराब करेगा ही साथ ही इससे आपका कीमती समय भी बर्बाद होगा। वैवाहिक जीवन के उजले पहलू का अनुभव करने के लिए अच्छा दिन है। अगर आप अपने मन की सुनें, तो यह दिन ख़रीदारी के लिहाज़ से उम्दा है।

## मिथुन - क,कि,कु,घ,ङ,छ,के,को,ह

आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। किसी करीबी रिश्तेदार की मदद से आज आप अपने करोबार में अच्छा कर सकते हैं जिससे आपको आर्थिक लाभ भी होगा। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। परिवार की जरुरतों को पूरा करते-करते आप कई बार खुद को वक्त देना भूल जाते हैं। लेकिन आज आप सबसे दूर होकर अपने आप के लिए वक्त निकाल पाएंगे। परिवार के साथ मिलकर किसी ज़रूरी फ़ैसले को अन्तिम रूप दिया जा सकता है।

## कर्क - ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे। अपनी पत्नी/पति के साथ पिकनिक पर जाने का बेहतरीन दिन है। यह न केवल आपका मन हल्का करेगा, बल्कि आप दोनों के बीच मतभेद दूर करने में भी मदद करेगा। आज आप सब कामों को छोड़कर उन कामों को करना पसंद करेंगे जिन्हें आप बचपन के दिनों में करना पसंद करते थे। जीवनसाथी के कारण कुछ नुक़सान हो सकता है।

## सिंह - म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आज आपको आराम करने और क़रीबी दोस्तों व परिवार के साथ ख़ुशी के कुछ पल बिताने की ज़रूरत है । व्यक्तिगत मामलों को सुलझाते समय उदारता दिखाएँ, लेकिन अपनी जुबान पर क़ाबू रखें ताकि उन्हें चोट न पहुँचे जो आपसे प्यार करते हैं और आपकी परवाह करते हैं। अगर कहीं बाहर जाने की योजना है तो वह आख़िरी वक़्त पर टल सकती है। ऐसा लगता है कि आज आप अपने जीवनसाथी के साथ बहुत ख़र्चा कर सकते हैं। बावजूस इसके, आप इस वक़्त का पूरा लुत्फ़ उठा पाएंगे। इस राशि के युवाओं की आज अपने जीवन में प्रेम की कमी महसूस होगी ।

## कन्या - टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है। वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा। अपने जीवन-साथी के साथ प्यार, अपनापन और स्नेह महसूस करें। काम को समय पर निपटाकर जल्दी घर जाना आज आपके लिए अच्छा रहेगा इससे आपके परिवार वालों को भी खुशी मिलेगी और आप भी तरोताजा महसूस करेंगे। आप आराम करने में क़ामयाब नहीं हो पाएंगे, क्योंकि आपके कुछ तथाकथित दोस्त आपको आराम करने नहीं देंगे।

## तुला - र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त सावधान रहने का दिन है। जिन लोगों ने लोन लिया था आज उन्हें उस लोन की राशि को चुकाने में दिक़्क़तें आ सकती हैं। बच्चे और परिवार दिन का केंद्र-बिंदु रहेंगे। आपका साथी आपसे आज कुछ ज़्यादा ही अपेक्षा करेगा। कोई आध्यात्मिक गुरू या बड़ा आपकी सहायता कर सकता है। आपके लिए यह उत्साह वर्धक दिन रहेगा, लेकिन सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अच्छी नींद अच्छी सेहत के लिए बेहद ज़रुरी है,आप थोड़ा अधिक सो सकते हैं।

## वृश्चिक - तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। अगर आप सामूहिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे, तो आप नए दोस्त बना सकते हैं। आप के दिल की धड़कनें आपके प्रिय के लिए ज्यादा ही धडकेगी, कार्यक्षेत्र में किसी काम के अटकने की वजह से आज आपका शाम का कीमती वक्त खराब हो सकता है। अपने जीवनसाथी के स्नहे से भीगकर आप ख़ुद को राजसी महसूस कर सकते हैं। आज आपका आत्मविश्वास कमजोर रह सकता है। इसका कारण आपकी खराब दिनचर्या है।

## धनु - ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए और धन की बचत करनी चाहिए। जिन लोगों से आपकी मुलाक़ात कभी-कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। दूसरों को राज़ी करने की आपकी प्रतिभा आपको काफ़ी फ़ायदा पहुँचाएगी। आपका जीवनसाथी आपको पाकर ख़ुद को ख़ुशनसीब समझता है; इन पलों का भरपूर उपयोग करें। आपको किसी भी काम को करने में उतावलापन नहीं दिखाना चाहिए। इससे काम के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है।

## मकर - भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

आपको कई स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। यह अच्छा वक़्त है जो आपके लिए क़ामयाबी और ख़ुशहाली लाएगा। इसके लिए आपको अपनी कोशिशों और अपने परिवार से मिलने वाले सहयोग का शुक्रगुज़ार होना चाहिए। आपकी मुलाक़ाता एक ऐसे दोस्त से होगी, जिसे आपका ख़याल है और जो आपको समझता भी है। आपके हँसने-हँसाने का अन्दाज़ आपकी सबसे बड़ी पूंजी साबित होगा। आपको सच्चे प्यार का एहसास होगा। दिन अच्छा है आज आपका प्रिय आपकी किसी बात पर खिलखिलाकर हंसेगा।

## कुम्भ - गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। उधार मांगने वाले लोगों को नज़रअन्दाज़ करें। ऐसा कोई जिसके साथ आप रहते हैं, आज आपके किसी काम की वजह से बहुत झुंझलाहट महसूस करेगा। इस राशि वालों को आज खुद के लिए काफी समय मिलेगा। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं या अपना पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं। समय मुफ़्त ज़रूर है पर बेशक़ीमती भी है, इसलिए अपने अधूरे कार्यों को निपटाकर आप आने वाले कल के लिए निश्चिंत हो सकते हैं।

## मीन - दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

घर और दफ़्तर में कुछ दबाव आपको गुस्सैल बना सकता है। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। दोस्तों के साथ शाम बिताना या ख़रीदारी करना मज़ेदार और रोमांचक रहेगा। आपका हमदम आपको पूरे दिन याद करता रहेगा। आप जिस प्रतियोगिता में भी क़दम रखेंगे, आपका प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको जीत दिलाने में सहयोग देगा। जीवनसाथी के साथ यह एक बढ़िया दिन गुज़रने वाला है। कोई फिल्म या नाटक देखकर आज अपना समय व्यतीत करेंगे ।

# मंगलवार का पंचांग

दिनांक : 31 दिसंबर 2024 , मंगलवार
विक्रम संवत : 2081
मास : पौष , शुक्ल पक्ष
तिथि : प्रतिपदा रात्रि 03:24 तक
नक्षत्र : पूर्वाषाढा रात्रि 12:04 तक
योग : ध्रुव सायं 06:58 तक
करण : किंस्तुघ्न दोपहर 03:44 तक
चन्द्रराशि : धनु
सूर्योदय : 06:45 , सूर्यास्त 05:52 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:41 , सूर्यास्त 06:04 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:35 , सूर्यास्त 05:55 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:35 , सूर्यास्त 05:45 ( विजयवाडा )

शुभ चौघड़िया
चल : 09:00 से 10:30
लाभ : 10:30 से 12:00
अमृत : 12:00 से 01:30
राहुकाल : सायं 03:00 से 04:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : धनुर्मास चालू है

पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# 150 साल पुरानी धरोहर का दर्शन कर सकेंगे महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु

**महाकुंभ नगर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** महाकुंभ भारत की सनातनी परम्परा का धार्मिक और सांस्कृतिक महापर्व है। जनवरी 2025 में प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे इस महापर्व को दिव्य और भव्य स्वरूप देने में जुटी प्रदेश की योगी सरकार इसकी परम्पराओं का संरक्षण करते हुए कुंभ नगरी की सांस्कृतिक धरोहरों का भी संरक्षण कर रही है।



प्रयागराज शहर की एक धार्मिक पहचान होने के साथ ही कई ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के साथ भी इसका नाम जुड़ा है।

इसी के अंतर्गत आता है नगर निगम परिसर स्थित भवन जिसके जीर्णोद्धार का कार्य प्रयागराज नगर निगम द्वारा करवाया जा रहा है। ब्रिटिशकाल में सन् 1865 के करीब संगम नगरी में बने सबसे पुराने ग्रेट नॉर्दर्न होटल और बाद में नगर निगम कार्यालय में तब्दील इस 150 वर्ष से अधिक पुराने भवन का 9 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। कायाकल्प के बाद प्रयागराज वासियों समेत महाकुंभ में आने वाले पर्यटक भी यह ऐतिहासिक भवन देख सकेंगे। नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग का कहना हैं कि यह भवन प्रयागराज की धरोहर है, इसे संरक्षित रखने की पहल नगर निगम ने की है।

महाकुंभ से पहले इस भवन के जीर्णोद्धार का काम पूरा हो जाएगा। अपने नए रंग रूप में यह भवन पर्यटकों को आकर्षित करेगा। इस ऐतिहासिक इमारत में आजादी के पूर्व देश की आजादी में हिस्सा लेने वाले बुद्धजीवी समाज की बैठकें होती थीं। 1930 के दशक में ब्रिटिश सरकार ने इस भवन को प्रशासनिक भवन में तब्दील कर दिया था। प्रयागराज नगर निगम के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सलाहकार सूरज वीएस ने बताया कि दिसंबर 2020 में नगर निगम के भवन में एक कमरे की छत गिर गई थी, जिसके बाद इस पूरे भवन को गिराकर नया भवन बनाने पर विचार किया गया था। इस डेढ़ सौ साल से अधिक पुराने भवन को गिराने से पहले पुरातत्व विभाग से राय ली गई। एएसआई, एमएनआईटी प्रयागराज और आईआईटी मुम्बई से इस भवन के विषय में परामर्श लिया गया। 2020-21 में एएसआई की रिपोर्ट आने के बाद नगर निगम की इस बिल्डिंग को धरोहर बताते हुए इसका संरक्षण करने की सलाह दी गई।

150 वर्ष पहले इस भवन का निर्माण ईको फ्रेंडली चीजों से करवाया गया था, इसलिए अब इसका कायाकल्प इन्हीं चीजों से करवाया जा रहा है। इस भवन में पहले मरम्मत के दौरान जो भी नई चीजें लगाई गई थीं, जैसे सीमेंट का प्लास्टर, फर्श की टाइलें, खिड़कियां-दरवाजें, उन्हें अब हटाया जा रहा है, ताकि भवन को असली स्वरूप में वापस लाया जा सके। इससे भवन का तापमान प्राकृतिक रूप से ठंडा रहेगा और गर्मी में भी एयर कंडीशनर का कम इस्तेमाल किया जाएगा। यह तरीका पर्यावरण के अनुकूल भी है, क्योंकि इसमें प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुंबई की सवानी हेरिटेज जीर्णोद्धार का काम कर रही है, जो दिसंबर के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके बाद इस भवन में फसॉड लाइटिंग भी लगवाई जाएंगी। महाकुंभ में आने वाले पर्यटक इस ऐतिहासिक भवन को एक नए कलेवर में देखेंगे ।

सवानी हेरिटेज के जितेश पटेल ने बताया कि नगर निगम के इस पुराने भवन का जीर्णोद्धार, पुराने जमाने में निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली सामग्री से किया जा रहा है। निर्माण सामग्री के लिए लाइम मध्य प्रदेश कटनी से और बाकी चीजें अलग-अलग राज्यों और लोकल मार्केट से मंगवाई जा रही हैं। सीमेंट बालू की जगह चूना, सुरखी, बालू, बेल गिरि, गुड़, उड़द की दाल, गुगुल और मेथी के मिश्रण से निर्माण सामग्री तैयार की जा रही है। इस बिल्डिंग के विषय में रोचक बात यह भी है कि एक समय में इसी बिल्डिंग में प्रयागराज म्यूजियम हुआ करता था। म्यूजियम से जुड़े साक्ष्य अब भी इस बिल्डिंग में मौजूद हैं।

## संभल दंगा : हुसैन नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाकर दुबई भाग गया शारिक साटा

**संभल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** संभल दंगे की साजिश में शामिल वाहन चोर शारिक साटा ने हुसैन के नाम से फर्जी पासपोर्ट बनवाया था और इसी पासपोर्ट पर दुबई भाग गया। यह पासपोर्ट उसने वर्ष 2020 में दिल्ली के पते पर जारी कराया था। इसके बाद वह दुबई से अपनी गिरोह को ऑपरेट कर रहा है।



एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जिस पासपोर्ट की जानकारी सामने आई है उस पासपोर्ट पर हुसैन नाम लिखा है। जो वर्ष 2020 में दिल्ली के फर्जी पते के जरिए बना है। एसपी ने बताया कि पूरे देश में शारिक साटा के खिलाफ 54 मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें संभल के नखासा थाने में 12 और संभल कोतवाली में एक मामला दर्ज है। बाकी मुदकमे दूसरे जिले व प्रदेश में दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि जो मुदकमे दर्ज हैं उसमें डकैती, लूट, चोरी, गैंगस्टर व अन्य संगीन मामलों के शामिल हैं। संभल में दर्ज मुकदमों की स्थिति को दिखवाया जा रहा है। जो भी प्रभावी कार्रवाई हो सकती है वह की जाएगी। गिरोह के सदस्यों की तलाश के लिए भी टीम को लगाया गया है।

वर्ष 2022 में नखासा थाना पुलिस ने शारिक साटा गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार किए थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि उन्होंने एक वर्ष में 300 से ज्यादा लग्जरी कारें चोरी की हैं। सभी कारें दिल्ली, एनसीआर से चोरी करने की भी बात कही थी। आरोपियों ने यह भी बताया था कि वह डिमांड के अनुसार कार चोरी कर लाकर देते हैं। तत्कालीन एसपी चक्रेश मिश्रा ने दुबई से गिरोह का संचालन कर रहे शारिक साटा के खिलाफ कार्रवाई के लिए भी पत्राचार किया था।

## फर्जीवाड़ा करने वाले बिजली इंजीनियरों के खिलाफ जांच

**लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** राजभवन खंड में बिल्डर के लिए नियम बदलने और अमान्य मानचित्र पर बिजली कनेक्शन देने के मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय ने जांच बैठा दी है। मामले की जांच के लिए दो जांच कमेटियों का गठन किया गया है। राजभवन खंड में बिल्डर को फायदा पहुंचाने के लिए नियम बदलने व अमान्य मानचित्र पर बहुमंजिला इमारत में बिजली कनेक्शन स्वीकृत करने के मामले में सीएम दफ्तर ने जांच बैठा दी है। इसमें घालमेल-फर्जीवाड़ा करने वाले इंजीनियरों की जांच के बाद रिपोर्ट मांगी है। सीएम दफ्तर से पावर कॉर्पोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन पत्र पहुंच गया है। उम्मीद है कि सोमवार को यह पत्र मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी को भेजा जाएगा।

एमडी की ओर से दोनों प्रकरण में दो जांच कमेटी गठित की गई हैं। इसमें एक की जांच हो चुकी मगर रिपोर्ट फाइल नहीं की गई।



राजभवन और मोहनलालगंज खंड के तहत सुल्तानपुर रोड पर बिजली लाइनों को बनाने का ठेका लेने वालों को घालमेल करने वाले इंजीनियरों को बचाने में जुटे थे। सीएम दफ्तर से आए पत्र ने खासकर अमान्य जिला पंचायत के मानचित्र पर बहुमंजिला इमारत में 990 किलोवाट का आवासीय व व्यावसायिक बिजली लोड स्वीकृत करने वाले इंजीनियर राजभवन के पूर्व एक्सईएन धर्मेंद्र सक्सेना, पूर्व कैंट एसडीओ शिवनाथ शुक्ला जो वर्तमान में पॉवर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष के शिविर कार्यालय में तैनात बतौर एक्सईएन में हड़कंप मचा दिया है।

अंसल सुशांत गोल्फ सिटी स्थित व्यावसायिक केंद्र को रौशन करने के लिए बिल्डर की खातिर नियम बदलने के खेल का खुलासा हुआ था। इसमें जेई अरविंद, एसडीओ पुरुषोत्तम कुमार ने व्यावसायिक केंद्र को 33 हजार करंट के बजाय 11,000 करंट के नेटवर्क पर 2,600 किलोवाट बिजली लोड स्वीकृत करने के लिए राजभवन खंड के पूर्व एक्सईएन धर्मेंद्र सक्सेना को पत्र भेजा गया था। लोड स्वीकृत करने की पैरवी एसडीओ ने की थी। जांच बैठी तो सिंडीकेट एक्सईएन को बचाने व जेई-एसडीओ को फंसाने का खेल शुरू हो गया है। अमान्य मानचित्र पर बहुमंजिला इमारत का 990 किलोवाट लोड स्वीकृत कराने वाले शिवनाथ शुक्ला को कारपोरेशन अध्यक्ष के शिविर से अब तक नहीं हटाया गया, जिन्होंने फर्जीवाड़ा कराया। इस फर्जीवाड़े में जेई, एसडीओ, एक्सईएन, तकनीकी सहायक आदि फंसे हैं।

### महाकुंभ में यूपी सरकार की नायाब पहल

## युद्धरत रूस-यूक्रेन के संन्यासियों के लिए शांति गलियारा

**प्रयागराज, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** रूस और युक्रेन के सैनिक जहां लंबे समय से युद्ध कर रहे हैं और एक दूसरे देश को विनाश करने के लिए हमले और धमाके कर रहे हैं वहीं महाकुंभ में संगम की रेती पर दोनों देशों के संत आमने सामने बैठकर हवन, यज्ञ और अनुष्ठान करके शांति की कामना करेंगे। जूना अखाड़े के शिविर में दोनों देशों के संतों के लिए शानदार कॉटेज और कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है।

तीन साल से जारी विनाशकारी युद्ध को खत्म कराने की कोशिशें भले ही अब तक नाकाम रही हों, लेकिन संगम की रेती पर महाकुंभ में रूस-यूक्रेन के विदेशी संत एक ही शिविर में आमने-सामने शांति के लिए जप-तप-ध्यान करेंगे। इसके लिए लकड़ी और कांच से युक्त रूस-यूक्रेन आध्यात्मिक गलियारा तैयार किया जा रहा है।



इसमें दोनों दुश्मन देशों के संन्यासी एक ही हवन कुंड पर विश्व शांति के लिए आहुति देंगे। इस शिवशक्ति महायज्ञ में एक हजार से अधिक विदेशी संत शामिल होंगे।

एक-दूसरे की विपरीत विचारधाराओं, भिन्न-भिन्न संस्कृतियों, मत-मतांतरों के मिलन तट के रूप में वेद-पुराणों में विख्यात गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का त्रिवेणी तट इस बार दुनिया के दो जानी दुश्मन देशों के मिलन का साक्षी बनने जा रहा है। एक-दूसरे को मटियामेट करने पर तुले दोनों विरोधी देशों के संत एक ही शिविर में एक ही छत के नीचे ध्यान-पूजा करेंगे।

विरोधी देशों के संतों के अद्भुत मिलन का यह दृश्य दुनिया इस बार संगम तट पर देख सकेगी।

हाल में ही ब्रह्मलीन हुए श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े के महायोगी महामंडलेश्वर स्वामी सोमनाथ गिरी उर्फ पायलट बाबा के शिविर में रूस और यूक्रेन के संतों के शाही वुडेन कॉटेज आमने-सामने लग रहे हैं।

संगम लोवर पर सेक्टर-18 में पश्चिमी देशों के बीच हथियारों की होड़ और युद्ध पर अरबों रुपए डॉलर के धन प्रवाह के बीच विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम में रूस-यूक्रेन दोनों देशों के साधु-संन्यासियों के लिए एक ही हवन कुंड भी बनाया जा रहा है।

वहां जापान की योगमाता महामंडलेश्वर केको आईकावा उर्फ स्वामी कैला माता के आचार्यत्व में रूस-यूक्रेन के संन्यासी विश्व शांति के लिए जतन करेंगे। इसके लिए हवन कुंड और सत्संग भवन के पास ही दो मंजिला लकड़ी और शीशे से रूस-यूक्रेन गलियारा बनाया जा रहा है। इसमें आधुनिक सुविधाओं से युक्त कुल डीलक्स कॉटेज लगाए जा रहे हैं। इसमें विश्व शांति के लिए महायज्ञ 25 से 30 जनवरी तक चलेगा। इसमें जापानी, अमेरिकन, कनाडाई संतों के साथ ही स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया और नेपाल के भी साधुओं के लिए शाही संत निवास बनाए जा रहे हैं।

इन संत निवासों में सत्संग हाल के साथ ही लग्जरी बेड और शाही सुविधाएं मिलेंगी।

महाकुंभ में आने वाले रूस-यूक्रेन के 50 से अधिक संत श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े से ही संन्यास दीक्षा लिए हुए हैं। इन संन्यासियों के लिए दो मंजिला सुविधाओं से युक्त वुडेन कॉटेज बनाया जा रहा है। इसमें एक ही गलियारे में आमने-सामने दोनों देशों के संतों का कॉटेज बन रहे हैं।

## आतंकियों के परिचितों को जानने के लिए खंगाले 60 दुकानों के कैमरे

**पीलीभीत, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** पीलीभीत एनकाउंटर में मारे गए तीनों आतंकी किस-किस से मिले थे, यह जानने के लिए पुलिस ने 60 दुकानों के कैमरे खंगाले हैं। मददगार बब्बर खालसा के आतंकी कुलबीर सिंह सिद्धू के 10 संपर्की भी पुलिस के निशाने पर हैं।

पीलीभीत के पूरनपुर में 23 दिसंबर की सुबह उत्तर प्रदेश पुलिस और पंजाब पुलिस की साझा कार्रवाई में मारे गए खालिस्तान समर्थक तीनों आतंकियों के यहां ठहरने से लेकर मददगारों से मिलने तक की जांच चल रही है। पुलिस ने रविवार को 60 से अधिक दुकानों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। साथ ही मारे गए आतंकियों के इंग्लैंड में बैठे मददगार बब्बर खालसा के आतंकी कुलबीर सिंह सिद्धू के संपर्की करीब 10 लोग भी पुलिस जांच के दायरे में हैं। कुछ से पूछताछ भी की जा रही है।



सिद्धू ने आतंकियों को पूरनपुर में ठहराने में मदद की थी। जांच में पता चला था कि गजरौला जप्ती निवासी जसप्रीत उर्फ सनी को सिद्धू ने फोन कर होटल में कमरा उपलब्ध कराने की बात कही थी। ऐसे में सनी को जेल भेजने के बाद पुलिस को अन्य मददगारों की तलाश है। बता दें, सिद्धू पंजाब के नंगल में विहिप नेता विकास बग्गा की हत्या में आरोपी है। एनआईए ने 10 लाख का इनाम घोषित किया है।

पुलिस, खासतौर पर आतंकियों के होटल से निकलने और मुठभेड़ के बीच की गतिविधियों की जांच कर रही है। मुठभेड़ से पहले पूरनपुर के होटल हरजी में करीब 25 घंटे तक रुकने के दौरान भी तीन घंटे आतंकी कहीं बाहर गए थे।

इसकी भी जांच की जा रही है। इसी क्रम में एसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर पूरनपुर कोतवाली पुलिस ने ब्लॉक चौराहा से लेकर स्टेशन मार्ग तक की दुकानों के कैमरे चेक किए। कई दुकानों के डीवीआर भी कब्जे में लिए हैं। उस कृष्णा ढाबे के भी फुटेज जुटाए हैं, जहां तीनों आतंकियों ने खाना खाया था।

इंग्लैंड में बैठे बब्बर खालसा के आतंकी कुलबीर सिंह सिद्धू को पूरनपुर तक लाने वाले की तलाश पर पुलिस अधिक जोर दे रही है। जांच में पुलिस को अहम जानकारी भी मिलने की बात सामने आई है। उसी जानकारी पर पुलिस काम कर रही है। सिद्धू पूरनपुर क्षेत्र में कोविड काल में करीब एक साल तक रुका था। इस दौरान उसने यहां कई युवाओं से मित्रता की थी।

इसी क्रम में पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां पता कर रही हैं कि हरियाणा के यमुना नगर निवासी सिद्धू को सबसे पहले पूरनपुर कौन लाया? किसने यहां उसे पहले शरण दी? बताते हैं कि सिद्धू जब यहां आकर रुका था, उस समय भी वह किसी मामले में वांछित था। चूंकि यहां उसका इतिहास किसी को पता नहीं था, इसलिए वह यहां आकर ठहर गया।

पुलिस और खुफिया एजेंसियां यह भी पता लगा रही हैं कि पूरनपुर और गजरौला जप्ती गांव में रहने के बाद सिद्धू कहां गया? वह विदेश कहां से भागा? अधिकारियों का मानना है कि यहां उससे जुड़े रहे युवाओं को कुछ जानकारी जरूर होगी। मारे गए आतंकियों को होटल में ठहराने के लिए मदद करने वाले गजरौला जप्ती के जसपाल सिंह उर्फ सनी से भी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने से कुछ और जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

### भाजपा के लिए कड़वे और मीठे अनुभाव वाला रहा 2024

## योगी के संगठनात्मक कौशल का मिला प्रमाण

**लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के नजरिये से 2024 खट्टे-मीठे अनुभव वाला साल माना जाएगा। इस साल प्रदेश में भाजपा के सासंदों की संख्या 62 से घटकर 32 और राजग को 64 से 36 रह गई। नतीजतन राष्ट्रीय राजनीति में प्रदेश का वर्चस्व घटा। वाराणसी से सांसद नरेंद्र मोदी को सीएम से लेकर पीएम तक की अपनी यात्रा में पहली बार ऐसे गठबंधन की सरकार बनानी पड़ी, जिसमें भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं है।

साल 2024 को भाजपा के बिजय रथ पर ब्रेक और सांसदों की दृष्टि से प्रदेश में 10 साल के बाद भाजपा को दूसरे नंबर की पार्टी बना देने वाले साल के तौर याद किया जाएगा। हालांकि, साल उत्तरते-उतरते भाजपा गठबंधन ने विधानसभा उपचुनाव की नौ में से सात सीटें जीतकर फिर पहले नंचर का रुतबा हासिल कर लिया। भाजपा के लिए 2024 की शुरुआत उम्मीदों के साथ हुई थी। लोकसभा चुनाव की गूंज के बीच रामलला की जन्मस्थान पर प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इसके मुख्य यजमान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने देश के बहुसंख्यकों की भावनाओं के सम्मान का सार्वजनिक शंखनाद किया।

पीएम मोदी का यह कदम कितना अभूतपूर्व था, इसे सोमनाथ की पुनर्प्रतिष्ठा पर पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की आपत्तियों को याद करके समझा जा सकता है। तब पंडित नेहरू ने कार्यक्रम में जाने से मना कर दिया था। साथ ही राष्ट्रपति को भी रोकने की कोशिश की थी। हालांकि, राष्ट्रपति कार्यक्रम में गए। ऐसे में मोदी का पीएम के तौर पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान बनना युगांतकारी कदम था। पीएम के इस कदम से ऐसा माहौल बना, जिससे लगा कि मोदी का लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा हकीकत में बदलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रदेश में भाजपा की सीटें ही नहीं घटीं, बल्कि फैजाबाद (अयोध्या) सीट भी भाजपा हार गई। यह भाजपा के लिए बड़ा झटका था। उपचुनाव में विधानसभा की नी सीटों में से सात जीतकर भाजपा ने इसी साल उस झटके के दर्द को कम जरूर कर लिया।

उपचुनाव में जीत का बड़ा श्रेय प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ और कार्यकर्ताओं के साथ उनके सीधे संवाद की जाएगा। सीएम ने उपचुनावों को चुनौती के रूप रूप में लिया। सारी सीटों के लिए खुद न्यूह र रचना की। अगर कहा जाए कि 2024 में जाते-जाते उपचुनाव के नतीजों के जरिये योगी के प्रशासनिक कौशल के साथ संगठनात्मक कौशल का भी प्रमाण दे दिया है ती अतिश्योक्ति नहीं होगी। संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा के 2024 का लेखा-जोखा रखा जाए तो कोई बड़ा उल्लेखनीय पक्ष नहीं दिखता। इतना कहा जा सकता है कि 2024 भाजपा के हार से सबक लेने, पलवियां सुधारने और पराजय को जप में बदलने के लिए याद किया जाएगा।

# पर्यटकों को पुकार रही गुलमर्ग की बर्फ

**जम्मू, 30 दिसंबर (ब्यूरो)।** बर्फ के साथ अठखेलियां करने वालों को गुलमर्ग की बर्फ पुकार रही है। बर्फ से चारों ओर से घिरी वादियां कह रही हैं, बस एक बार चले आओ। आने वालों के लिए गुलमर्ग के विश्व प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में बहुप्रतीक्षित शीतकालीन खेल सत्र आधिकारिक तौर पर शुरू भी हो गया है।

इस सत्र का उद्घाटन समारोह का नेतृत्व गुलमर्ग विकास प्राधिकरण (जीडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तारिक हुसैन ने किया, जिन्होंने शीतकालीन खेलों के प्रति उत्साही और पर्यटकों के लिए एक रोमांचक समय की शुरुआत की। इस आयोजन का हर साल बेसब्री से इंतजार किया जाता है और यह नए साल के जश्न के लिए बिल्कुल सही समय पर आया है।

यह सच है कि कश्मीर वादी में हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। जैसे-जैसे नया साल नजदीक आ रहा है, कई पर्यटकों ने क्षेत्र के खूबसूरत बर्फ से ढके परिदृश्यों के बीच उत्सव मनाने के लिए होटल आरक्षण करवा लिया है।



मुंबई की एक पर्यटक खुशी ने कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के बारे में पत्रकारों से बात की। उसने बताया कि उन्होंने श्रीनगर और पहलगाम भी घूमे हैं। खुशी के शब्दों में, हमने हमेशा सुना था कि कश्मीर धरती पर स्वर्ग है, लेकिन इसे अपनी आँखों से देखना हमारी उम्मीदों से परे था। यह उन तस्वीरों और सोशल मीडिया पोस्ट से भी ज्यादा आश्चर्यजनक है, जो हमने देखी हैं।

खुशी के परिवार ने द्रुंग में जमे हुए झरने का भी दौरा किया और गुलमर्ग में रात बिताने की योजना बनाई है, जिसके लिए उन्होंने पहले से ही होटल आरक्षण करवा लिया है। इसी तरह से उत्तराखंड के देहरादून की एक पर्यटक नूपुर ने कश्मीर की सुंदरता और उसके लोगों की गर्मजोशी के लिए अपनी प्रशंसा साझा की। वे कहती हैं कि कश्मीर धरती पर सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है, और मैं अपने जीवनकाल में इसका अनुभव करने के लिए खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूं। नुपुर का कहना है कि स्थानीय लोग अविश्वसनीय रूप से मददगार हैं। जब हम शुक्रवार की बर्फबारी के बाद सोनमर्ग में फंस गए थे, तो गंदरबल जिले के गुंड के ग्रामीणों ने हमें अपने घरों में मुफ्त आवास और भोजन की पेशकश की। नूपुर कश्मीर वादी के प्रसिद्ध आतिथ्य की प्रशंसा किए बिना नहीं रहतीं। कहती हैं कि स्थानीय लोगों ने बर्फबारी के कारण सड़क बंद होने के कारण फंसे अन्य पर्यटकों को समर्थन दिया। मैं अपने पति और दो बच्चों के साथ आई थी। यह बर्फबारी का अनुभव करने का हमारा पहला मौका था, और हम इस अनूठे पल का आनंद लेने के लिए आभारी हैं।

पर्यटन में वृद्धि स्पष्ट है, खासकर गुलमर्ग में, जहां अन्य भारतीय राज्यों से पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। कई लोग इस क्षेत्र में नए साल का जश्न मनाना पसंद कर रहे हैं, बर्फबारी और छुट्टी के माहौल दोनों का आनंद ले रहे हैं। गुलमर्ग विकास प्राधिकरण (जीडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तारिक अहमद कहते हैं कि टंगमर्ग के द्रुंग में जमे हुए झरने एक प्रमुख आकर्षण बन गए हैं, जो बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। सर्दियों के बीच सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, बारामुला पुलिस ने एक निर्देश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि गुलमर्ग जाने वाले सभी वाहनों में एंटी-स्किड स्नो चेन होनी चाहिए। यह सभी वाहनों पर लागू होता है।

इन स्नो चेन के बिना वाहनों को क्षेत्र में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य हाल ही में हुई भारी बर्फबारी के मद्देनजर पर्यटकों और स्थानीय आबादी दोनों की सुरक्षा करना है। पर्यटकों को सलाह दी जाती है कि वे सुरम्य हिल स्टेशन की यात्रा करते समय नए सुरक्षा उपायों का पालन करें, ताकि कश्मीर के सबसे प्रतिष्ठित स्थलों में से एक की सुरक्षित और आनंददायक यात्रा सुनिश्चित हो सके।

# पंजाब को सुलगाने की पाकिस्तानी साजिश का खुलासा

## पुलिस ने बीकेआई के 5 आतंकियों को गिरफ्तार किया

**चंडीगढ़. 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** पंजाब पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पाकिस्तान-आईएसआई समर्थित एक आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

इन आतंकियों पर गुरदासपुर और बटाला के पुलिस थानों पर हाल ही में हुए हैंड ग्रेनेड हमलों की साजिश और क्रियान्वयन का आरोप है। गिरफ्तार आतंकियों में मास्टरमाइंड अभिजोत सिंह भी शामिल है।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने इस मॉड्यूल की जानकारी देते हुए बताया कि यह आतंकवादी मॉड्यूल विदेश में स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया और शमशेर उर्फ हनी द्वारा संचालित किया जा रहा था। ये दोनों आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के लिए काम कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए अन्य चार आतंकियों की पहचान कुलजीत सिंह, रोहित उर्फ घेसी, शुभम और गुरजिंदर सिंह उर्फ राजा के रूप में हुई है। सभी आरोपी बटाला के किला लाल सिंह इलाके के निवासी हैं। पुलिस ने इनसे 9 एमएम ग्लॉक और .32 बोर की दो पिस्तौल भी बरामद की हैं।

गुरदासपुर और बटाला के पुलिस थानों पर यह हमले क्रमशः 12 दिसंबर और 20 दिसंबर को हुए थे। आतंकवादी संगठन बीकेआई ने सोशल मीडिया के माध्यम से इन हमलों की जिम्मेदारी ली थी। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने व्यापक अभियान चलाकर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) बॉर्डर रेंज सतिंदर सिंह ने बताया कि इन हमलों के बाद पुलिस ने तकनीकी और मानव खुफिया का इस्तेमाल करते हुए एसएसपी बटाला सुहेल कासिम मीर की निगरानी में एक विशेष अभियान चलाया।

पुलिस ने बताया कि जब मुख्य आरोपी अभिजोत सिंह और कुलजीत सिंह को हथियारों की रिकवरी के लिए ले जाया जा रहा था, तब दोनों ने पुलिस टीम पर हमला कर भागने की कोशिश की। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में दोनों आरोपी घायल हो गए।

उन्हें तुरंत बटाला के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है। एसएसपी सुहेल कासिम मीर ने कहा कि इस मॉड्यूल के अन्य संभावित सदस्यों और उनके नेटवर्क की पहचान के लिए जांच जारी है। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगी की उम्मीद है।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस राज्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह कार्रवाई न केवल आतंकवाद के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि पंजाब पुलिस राज्य में किसी भी आतंकी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगी।

### पतित को पावन बनाने का पर्व है महाकुंभ

# महाकुंभ पवित्र पर्व है इसे मेला न बनाएं

### प्रयागपुत्र राकेश शुक्ला की श्रद्धालुओं से अपील

**महाकुंभनगर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत महाकुंभ महज एक मेला नहीं, बल्कि करीब डेढ माह तक चलने वाला मिलन और सत्संग का महापर्व है। देश और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस पर्व के विषय में जानना अति आवश्यक है, ताकि वह महाकुंभ के महात्म्य और मूल को समझ सकें और अधिक से अधिक इसका पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। तीर्थ राज प्रयाग में प्रयाग पुत्र के नाम से फेमस राकेश कुमार शुक्ला ने महाकुंभ को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ डिजिटल डिटॉक्स होने के साथ साथ पतित को पावन बनाने का पर्व है। उन्होंने कुंभ पर लिखी अपनी कॉफी टेबल बुक में भी प्रमुखता से इसका उल्लेख किया है।



मेला विशेषज्ञ और 2019 कुंभ में केंद्र सरकार के विशेष सलाहकार रहे राकेश कुमार शुक्ला ने कहा कि कुंभ पर्व है, इसे मेला न बनाएं। कुंभ को चार हिस्सों में बांटा जा सकता है। पहला आध्यात्मिक परिकल्पना, दूसरा प्रबंधन, तीसरा अर्थव्यवस्था और चौथा वैश्विक भागीदारी।

हर श्रद्धालु के लिए यह समझना आवश्यक है कि कुंभ क्या है? क्यों मनाया जाता है? कैसे मनाया जाता है? और यह महाकुंभ कैसा होगा? उन्होंने कहा कि इस धरती का एकमात्र धर्म सनातन वैदिक हिन्दू धर्म है, जिसका उद्देश्य नर सेवा, नारायण सेवा के भाव के साथ मानव मात्र का कल्याण करना है। इसका विचार ऋषि मुनियों के सत्संग से शुरू होता है। महाकुंभ को ऋषि, मुनि, यती, योगी, संत, महात्मा और समाज मिलकर बनाते हैं। संतों का कुंभ के माध्यम से यह संदेश है कि व्यवसाय में धर्म होना चाहिए ना कि धर्म का व्यवसाय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1 मिनट की रील के बजाय रियल जीवन जीना ही यहां कल्पवास का उद्देश्य है। उन्होंने महाकुंभ को ईश्वरीय संविधान की शक्ति से चलने वाला महत्वपूर्ण पर्व बताया।

### योगी की ओडीओपी मुहिम का दिखा असर, किसानों को होगा मुनाफा

# हर साल बहराइच की 50 हजार टन हल्दी खरीदेंगे बाबा रामदेव

### तीन एफपीओ और स्वामी रामदेव की कंपनी के बीच हुआ करार

**लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट (ओडीओपी) योजना का असर लगातार दिख रहा है। अन्नदाता किसानों के लिए सीएम योगी के प्रयासों का ही नतीजा है कि योगगुरु स्वामी रामदेव बहराइच की हल्दी खरीदने के लिए आगे आए हैं। इसका इस्तेमाल वे आयुर्वेदिक दवाओं को बनाने में करेंगे। बता दें कि बहराइच की हल्दी की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है, इस कारण इसकी मांग भी काफी रहती है। यही वजह है कि योगगुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है।



बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप जिले के उत्पादों को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने और अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत बहराइच में 86 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किये गये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर हल्दी और अन्नदाताओं को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए योगगुरु स्वामी रामदेव की कंपनी के साथ बहराइच की तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू बहराइच की 3 एफपीओ प्रत्युष बायोएनर्जी फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड और सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड ने साइन किया है। हरिद्वार में हुए एमओयू में योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टीपी शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड मिहिंपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच का मिहिंपुरवा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु होने के कारण कृषि के लिए काफी उपयुक्त है। यही वजह है कि यहां हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की काफी अधिक मात्रा में खेती की जाती है। इसे कई राज्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी भेजा जाता है। इसके बावजूद अन्नदाताओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था।

इसे देखते हुए अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से लगभग 2000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन स्वामी रामदेव की कंपनी से कराया गया है।

उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि एफपीओ के 1,880 पुरुष किसान तथा 975 महिला किसान हल्दी उत्पादन से जुड़े हैं। इसी तरह यहां 150 हेक्टेयर में जिमीकन्द की खेती की जा रही है, जिसमें 30-35 टन प्रति हेक्टेयर में कुल 5,250 टन जिमीकन्द का उत्पादन हो रहा है। स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में इसकी मांग अधिक है। इसी प्रकार लगभग 600 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में हरी सब्जियों की भी यहां खेती हो रही है।

# केले से होगी यूपी के किसानों की और कमाई

### दस साल में करीब दस गुना बढ़ा निर्यात

**लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** केले के बढ़ते निर्यात से उत्तर प्रदेश के किसानों की कमाई में इजाफा हो रहा है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी इसके निर्यात के आंकड़े यही बता रहे हैं। स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश के केला उत्पादक क्षेत्र के किसानों को इससे अच्छा खासा लाभ होगा। योगी सरकार की मंशा भी यही है। इस बाबत सरकार लगातार पहल भी कर रही है। केले को कुशीनगर का वन डिस्ट्रिक वन उत्पाद (ओडीओपी) घोषित करना इसकी मिसाल है।

उल्लेखनीय है कि दस साल में केले का निर्यात करीब दस गुना बढ़ा है। केंद्र ने अगले दो तीन वर्षों में इसे एक अरब रुपए तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। बढ़ते निर्यात और इसे और बढ़ाने की योजना का यूपी के किसानों को होगा सर्वाधिक लाभ होगा। केले की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने उसे कुशीनगर का वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट भी घोषित कर रखा। साथ ही किसान बाजार की मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण केले की खेती करें, इसके लिए सरकारबतौर प्रोत्साहन अनुदान भी दे रही है। इसके नतीजे भी दिख रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में शामिल कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, अमेठी और बाराबंकी जैसे कई जिलों में केले की खेती की जा रही है। पिछले डेढ़ दशक से केले के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। साथ ही बेहतर प्रजातियों और खेती के उन्नत तौर तरीकों से उपज और गुणवत्ता भी सुधरी है। इससे यूपी के केले की देश के महानगरों सहित नेपाल, बिहार, पंजाब, दिल्ली, जम्मू आदि में भी यहां के केले की खासी मांग है। योगी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल के दौरान यूपी की कनेक्टिविटी एक्सप्रेसवे, एयरवेज और रेल सेवाओं के जरिये वैश्विक स्तर की हो गई है। इसे लगातार और बेहतर बनाया जा रहा है। ऐसे में लैंड लॉक्ड होना यूपी की प्रगति के लिए कोई खास मायने नहीं रखता। लिहाजा केंद्र की पहल का सर्वाधिक लाभ भी यूपी के किसानों को होगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि योगी सरकार पहले से ही केले की खेती को प्रोत्साहन दे रही है। सरकार प्रति हेक्टेयर केले की खेती पर करीब 38 हजार रुपए का अनुदान दे रही है। जगह-जगह केले को प्रसंस्कृत कर उसके फल, रेशे एवं तने के जूस से अन्य उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग भी योगी सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही है। केले को प्रसंस्कृत कर अन्य उत्पाद बनाने वाले किसानों को एक्सपोजर भी दिया जा रहा है। नोएडा में कुछ माह पूर्व आयोजित ट्रेड शो में कुशीनगर के भी कुछ किसान गए थे। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार दस साल में केले का निर्यात करीब दस गुना बढ़ा है। 2013 में भारत से कुल 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर केले का निर्यात हुआ था। वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 25.14 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। जिस तरह से वैश्विक स्तर पर हेल्दी फूड की मांग बढ़ी है उसके मद्देनजर अभी इसके और बढ़ने की संभावना है। इन संभावनाओं को भारत के केला उत्पादक किसानों को अधिकतम लाभ मिले इसके लिए मोदी सरकार भी प्रयासरत है। इसी बाबत मुंबई में पहली बार केले को को केंद्र में रखकर सेलर-बायर मीट भी प्रस्तावित है। यही नहीं केंद्र सरकार समुद्री रास्ते से दो दर्जन फलों के किफायती निर्यात के लिए पायलट प्रोजेक्ट बना रही है। उसमें बेहतर संभावनाओं के नाते केला भी शामिल है। स्वाभाविक है कि इन सबका लाभ उत्तर प्रदेश के केला उत्पादक किसानों को मिलेगा।

केंद्र के खाद्य उत्पाद निर्यात प्रसंस्कृत प्राधिकरण (एपीडा) ने अगले दो से तीन वर्षों में केले का निर्यात बढ़ाकर एक अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। एपीडा के आंकड़ों के मुताबिक भारत विश्व का सबसे बड़ा केला उत्पादक है। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान से मिले आंकड़ों के मुताबिक भारत में लगभग 3.5 करोड़ मीट्रिक टन के उत्पादन के साथ लगभग 9,61,000 हेक्टेयर भूमि में इसकी खेती की जाती है। एपीडा के अनुसार वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 30 फीसद है। पर, करीब 16 अरब के वैश्विक निर्यात में भारत की भागीदारी हिस्सेदारी सिर्फ एक फीसद है।

# कड़ाके की ठंड में स्टेशन पर सो रहे गरीबों को पानी फेंक कर भगाया

**लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर सो रहे गरीब लोगों पर देर रात स्टेशन कर्मियों ने ठंडा पानी फेंक कर भगाया। इस घटना ने काफी तूल पकड़ लिया है और ऐसा अमानवीय कृत्य करने वाले रेलवे कर्मचारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि कड़ाके की ठंड के कारण कुछ गरीब और बेघर लोग स्टेशन पर बिछावन लगाकर सो रहे थे। तभी स्टेशन पर सफाई करने आए कर्मचारियों ने उन पर पानी फेंकना शुरू कर दिया। बिना किसी चेतावनी के वो लोगों पर पानी फेंकते दिखे। वीडियो में देखा जा सकता है कि सफाई के लिए पानी फेंके जाने के बाद लोग अपना बिछावन-कंबल-चादर उठाकर जा रहे हैं। वीडियो में छोटे-छोटे बच्चे भी दिख रहे हैं। कुछ तो गोदी में हैं। कुछ लोग जब स्टेशन पर चाय बांट रहे थे, तभी ये घटना हुई, जिसे उन्होंने कैमरे में कैद कर लिया। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने लोगों को भावुक कर दिया है। वे इस तरह के व्यवहार को एकदम गलत बता रहे हैं। वीडियो के कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने कहा, उन कर्मचारियों एवं प्रशासन पर कार्रवाई हो जिसने ऐसा आदेश दिया, इतनी ठंड में ऐसा करना अपराध हैं, इसलिए सजा दी जाए। दूसरे यूजर ने कहा, पानी भूख प्यास मिटाती है, गरीबी क्या कुछ सिखाती है। तीसरे ने कहा, शर्म करो यार इंसानियत मर चुकी है क्या तुम लोगों की। हालांकि, कुछ लोग ये भी तर्क दे रहे हैं कि स्टेशन पर सोना गलत है, उन्हें कहीं और आसरा लेना चाहिए था।





# अजय पॉली लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)।

**दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी अजय पॉली लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।**

### ओएफएस का मिश्रण

सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक अजय पॉली लिमिटेड का 1 रुपये अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ 238 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और प्रमोटर और निवेशक विक्रय शेयरधारकों द्वारा 93,00,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है।

ओएफएस में बीना जैन, राजीव जैन और नितिन जैन क्रमशः 3.7 मिलियन, 2.8 मिलियन और 2.8 मिलियन इक्विटी शेयर बेचेंगे।

दिल्ली स्थित रेफ्रिजरेशन सीलिंग सॉल्यूशंस कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कुछ उधारों के पुनर्भुगतान या पूर्व भुगतान, नोएडा, करेगांव, शिरवाल, चेन्नई और कॉर्पोरेट कार्यालय में सुविधाओं में उपकरण और मशीनरी खरीदने के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए करेगी।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली स्थित अजय पॉली लिमिटेड भारत में उपकरण उद्योग के लिए रेफ्रिजरेशन सीलिंग समाधान, प्रोफाइल एक्सट्रूज़न और ग्लास उत्पादों के अग्रणी निर्माताओं में से एक है, जो वित्त वर्ष 2024 में महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी रखता है, ये जानकारी डीआरएचपी में उल्लिखित एफएंडएस रिपोर्ट में दी गई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अदानी एंटरप्राइजेज का राजस्व 2026-27 तक 1,56,343 करोड़ पहुंचने का अनुमान: रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** अदाणी इंटरप्राइजेस लिमिटेड (एईएल) का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 के दौरान सालाना आधार पर 17.5 प्रतिशत बढ़कर 1,56,343 करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। इस दौरान कंपनी का मुनाफा 45.8 प्रतिशत सालाना की दर से बढ़ने की संभावना है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एईएल भारत के सबसे बड़े सूचीबद्ध इनक्यूबेटर में से एक है। इसने कई सफल व्यवसायों की परिकल्पना की है, उन्हें विकसित और परिपक्व बनाया है। इनमें बंदरगाह कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड, शहर गैस वितरक अदाणी टोटल गैस, बिजली पारेषण कंपनी अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी पावर और जिंस कंपनी अदाणी विल्मर शामिल हैं। कंपनी हवाई अड्डा, सौर मॉड्यूल और पवन टर्बाइन, हरित हाइड्रोजन, सड़क निर्माण, डेटा सेंटर और तांबा क्षेत्र में कार्यरत है। रिपोर्ट के अनुसार कई सफल उद्योग-अग्रणी व्यवसायों की इनक्यूबेटर एईएल भविष्य की वृद्धि को गति देने के लिए महत्वाकांक्षी रूप से हरित हाइड्रोजन और इसके पारिस्थितिकी तंत्र में विविधता ला रही है। नवंबर, 2024 में अमेरिकी न्याय विभाग (यूएस-डीओजे) के नोटिस के बाद शेयर बाजार में अस्थिरता के बावजूद एईएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत बुनियादी बातों और परिचालन आधार के जरिये अच्छा प्रदर्शन किया है। इसे 'सेकी' से 'साइट' योजना के अंतर्गत 101.5 मेगावाट प्रति वर्ष इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण सुविधा के लिए ठेका मिला है। ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) योजना के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप एक वित्तीय कार्यक्रम है जो भारत में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और इलेक्ट्रोलाइज़र के निर्माण का समर्थन करता है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)।



ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार के बाद बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी कमजोरी के साथ कारोबार करता दिख रहा है। यूरोपियन बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे थे। वहीं, एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार बिकवाली होती रही, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,970.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 302.27 अंक यानी 1.51 प्रतिशत टूट कर 19,718.09 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 109.24 अंक यानी 0.25 प्रतिशत फिसल कर 42,882.97 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,149.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.99 प्रतिशत उछल कर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 135.55 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,984.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,783.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.45 प्रतिशत उछल कर 2,415.55 अंक के स्तर पर पहुंच गया है।

इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,406.78 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 102.50 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,860 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.43 प्रतिशत फिसल कर 20,004.57 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। निक्केई इंडेक्स में बड़ी गिरावट आई है। फिलहाल ये सूचकांक 403.19 अंक यानी 1 प्रतिशत टूट कर 39,877.97 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,260.10 अंक के स्तर पर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,024.11 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.09 प्रतिशत लुढ़क कर 3,397.12 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# सेबी की कार्रवाई: स्टॉक टिप्स देने वाले वेबसाइट्स और इंफ्लुएंसर्स पर रोक



मुंबई,30 दिसंबर (एजेंसियां)।

सेबी ने सोशल मीडिया खुद को इंफ्लुएंसर बताकर शेयर मार्केट के टिप्स और स्टॉक्स की सिफारिशें करने वालों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। साल 2024 में कई लोगों पर कार्रवाई की गई है, जिन्होंने शेयर बाजार के बारे में भ्रामक जानकारी दी और लोगों को गुमराह किया। इनमें से एक प्रमुख इंफ्लुएंसर के खिलाफ हाल ही में सख्त कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही सेबी ने 15,000 से ज्यादा वेबसाइट्स पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, जो स्टॉक टिप्स और सिफारिशों से जुड़ा कंटेंट फैला रहे थे। सेबी की इस कार्रवाई से यह पता चलता है कि सोशल मीडिया पर गलत औ भ्रामक जानकारी देने वाले लोगों और प्लेटफॉर्म्स पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक शेयर बाजार में निवेश के नाम पर गलत जानकारी और गुमराह करने वाले लोगों पर इस साल सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। सेबी ने 15,000 से अधिक साइट्स और कई फिनफल्युएंसर्स को बैन कर दिया है।

इन लोगों पर आरोप है कि ये सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके लोगों को गलत जानकारी दे रहे थे। इससे न सिर्फ लोग गुमराह हुए बल्कि उन्हें मोटा नुकसान भी हुआ है। बता दें कि शेयर बाजार में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन होता है। अगर आपको कोई भी निवेश करना है तो आप पहले अपने वित्तीय सलाहकार की सलाह जरूर ले लें। इस साल सेबी ने दो लोगों पर प्रतिबंध लगाया है। एक फिनफ्ल्युएंसर्स 'बाप आफ चार्ट' नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक्टिव थे, जहां वो अक्सर लोगों को शेयर खरीदने और बेचने की सलाह देते थे। सेबी तक बात पहुंचने पर सेबी ने उसके और उनके साथियों को एक एस्क्रो अकाउंट खोलकर 17 करोड़ रुपए जमा करने का आदेश दिया है। सेबी ने यह भी बताया कि इन पैसों का इस्तेमाल उन निवेशकों का पैसे लौटाने के लिए किया जाएगा, जिनके पैसे इनकी सलाह से डूबे हैं। इसके अलावा इस पर 20 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### आईआरए के...

फिर से बांग्लादेश में अपनी मौजूदगी कायम करने की फिराक लगी है, जिसे उससे 1971 के युद्ध में खो दिया था।अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसियां भी यह मानती है कि बांग्लादेश ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) की तर्ज पर एक नए आतंकी नेटवर्क के रूप में उभर रहा है। मोहम्मद यूनुस जैसा विवादास्पद व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी आर्मी (आईआरए) को उभारने में लगा है। खुफिया एजेंसियां कहती हैं कि आईआरए ईरान की आईआरजीसी की संरचना और कार्यप्रणाली की नकल कर रहा है। जिस तरह आईआरजीसी ने लेबनान में हिजबुल्लाह और यमन में हूती विद्रोहियों को पाला और प्रशिक्षित किया, उसी तर्ज पर आईआरए दक्षिण एशिया में अपनी पकड़ बनाने पर काम कर रहा है। यूनुस की योजना दक्षिण एशिया में एक विशाल आतंकवादी नेटवर्क खड़ा करना है। इसके जरिए मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश में कट्टर इस्लामिक एजेंडे को कारगर करने की कोशिश में है। अपने साजिशी सहयोगियों के नेतृत्व में मोहम्मद यूनुस आईआरए के जरिए शरिया कानून लागू करने, क्षेत्रीय राजनीति को अस्थिर करने और हिंसक उग्रवाद का निर्यात करने के कुचक्र में लगा हुआ है। लिहाजा, अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसियां इसे न केवल बांग्लादेश, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए भी भाषण खतरा बताया है।

मोहम्मद यूनुस ने इसी एजेंडे के तहत सबसे पहले बांग्लादेश के अंदर पाकिस्तान विरोधी और मुक्ति आंदोलन की समर्थक ताकतों को बर्बरतापूर्वक दबाया और उन्हें दरकिनार किया। इसके बाद अब यूनुस आईआरए की मजबूती के लिए अपना एजेंडा आगे बढ़ा रहा है। आईआरए का लक्ष्य क्रूर बल के साथ अपनी चरमपंथी विचारधारा को लागू करना है। ईरान की आईआरजीसी की तरह, बांग्लादेश की आईआरए दक्षिण एशिया और उसके बाहर आतंकवादी समूहों को धन, हथियार और प्रशिक्षण मुहैया करने की तैयारी में है। उसके निशाने पर भारत, नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देश शामिल हैं। हिजबुत-तहरीर और अंसार अल-इस्लाम जैसे स्थानीय चरमपंथी समूहों के साथ गठबंधन करके, आईआरए का लक्ष्य आतंक का एक विशाल नेटवर्क बनाना है, जो क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करे और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा करे। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में आईआरए का गठन गंभीर चिंताएं पैदा कर रहा है। आईआरए की स्थापना इस्लामिस्ट डीप-स्टेट ऑपरेटिव्स और जेहादी नेटवर्क के बीच तालमेल का प्रमाण है। अगर इसे अनियंत्रित छोड़ दिया गया, तो आईआरए बांग्लादेश को आतंकवाद के उद्योग और निर्यातक में बदल देगा। इस बदलाव के परिणाम विनाशकारी होने वाले हैं, जिससे बांग्लादेश गृहयुद्ध में फंस सकता है और पूरे क्षेत्र में अस्थिरता फैलेगी। इसका फायदा अमेरिकी षडयंत्रकारी शक्तियां उठाने की फिराक में हैं। भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के कुछ हिस्सों को तोड़ कर ड्रग-स्टेट बनाना। मणिपुर में फैली हुई हिंसा के पीछे यही कुचक्र है, जिसमें भारत के कुछ नेता भी सक्रिय रूप से अमेरिकी षडयंत्रकारियों के साथ खड़े हैं।

वैश्विक समुदाय, खास तौर पर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेताओं को इस खतरे का मुकाबला करने के लिए तेजी से काम करना चाहिए। इस संकट को बढ़ावा देने में जो बाइडेन, कमला हैरिस, बराक ओबामा, बिल क्लिंटन, हिलेरी क्लिंटन और जॉर्ज सोरोस जैसे प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता की जांच जरूरी है। इसके अलावा, खतरे की पूरी सीमा को समझने के लिए हिलेरी क्लिंटन के व्यापारिक उपक्रमों और मोहम्मद यूनुस के साथ वित्तीय संबंधों की गहन जांच जरूरी है। यूनुस के भयावह एजेंडे का समर्थन करने में जो बाइडेन, कमला हैरिस, बराक ओबामा, क्लिंटन और जॉर्ज सोरोस जैसे प्रभावशाली लोगों की भूमिका की जांच को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

समय की बहुत अहमियत है। आईआरए को जड़ जमाने देने से न केवल बांग्लादेश तबाह हो जाएगा, बल्कि पूरा क्षेत्र अस्थिर हो जाएगा, जिससे आतंकवाद और उग्रवाद की लहर उठेगी जो दूर-दूर तक के देशों को अपनी चपेट में ले सकती है। इस खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए तत्काल और एकजुट कार्रवाई जरूरी है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बांग्लादेश वैश्विक आतंकवाद के लिए प्रजनन भूमि के बजाय आशा और प्रगति का देश बने।

### यूनुस ने 100...

1500 हिंदू उम्मीदवारों के आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। इसकी जगह पर नई भर्ती होगी। बांग्लादेश पुलिस के मुखिया बहरुल इस्लाम को अंतरिम सरकार की तरफ से विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### देश में...

यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि महू के प्रशिक्षण केंद्र इन प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह स्थान 200 से अधिक वर्षों से अपनी सैन्य वीरता के लिए जाना जाता है। पिछले 24 वर्षों में किसी रक्षा मंत्री का आर्मी वॉर कॉलेज, महू में यह पहला दौरा था। हमारी सरकार तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। क्योंकि भविष्य में हमारे सामने ऐसी चुनौतियां आएंगी, जिनका सामना हमारी सेनाएँ मिलकर बेहतर तरीके से कर सकेंगी। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि महू छावनी में सभी विंग के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। और वे वर्तमान समय को संक्रमण काल के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। और सैन्य दृष्टिकोण से हम लगातार आधुनिक हथियारों से लैस हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हम न केवल अपनी सेनाओं को सुसज्जित कर रहे हैं, बल्कि देश में बने उपकरण दूसरे देशों को भी भेज रहे हैं। रक्षा मंत्री भारतीय सेना के तीन प्रमुख प्रशिक्षण संस्थानों आर्मी वॉर कॉलेज, इन्फैंट्री स्कूल और मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन एंड इंजीनियरिंग के दो दिवसीय दौरे पर थे, उनके साथ सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।रक्षा मंत्री के महू दौरे के संदर्भ यह उल्लेख करना भी जरूरी है कि चीन के साथ भारत की 3 हजार 488 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो तीन हिस्सों (सेक्टरों) पूर्वी, मध्य और पश्चिमी में बंटी हुई है। ईस्टर्न सेक्टर में सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा चीन से लगती है, जिसकी लंबाई 1 हजार 346 किलोमीटर है। मिडिल सेक्टर में हिमाचल और उत्तराखंड है, जिसकी लंबाई 545 किलोमीटर है। वेस्टर्न सेक्टर में लद्दाख आता है, जिसके साथ चीन की 1 हजार 597 किलोमीटर लंबी सीमा है। चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार स्क्वायर किलोमीटर के हिस्से पर अपनी दावेदारी करता है। जबकि, लद्दाख का करीब 38 हजार स्क्वायर किलोमीटर का हिस्सा चीन के कब्जे में है।इसके अलावा 2 मार्च 1963 को चीन-पाकिस्तान के बीच हुए एक समझौते में पाकिस्तान ने पीओके का 5 हजार 180 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र चीन को दे दिया था। कुल मिलाकर चीन ने भारत के 43 हजार 180 स्क्वायर किलोमीटर पर कब्जा जमा रखा है। जबकि, स्विट्जरलैंड का एरिया 41 हजार 285 स्क्वायर किलोमीटर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 3 दिसंबर को भारत-चीन सीमा विवाद पर संसद को जानकारी देते हुए बताया था कि भारत और चीन बातचीत और कूटनीति के जरिए सीमा विवाद सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में पूरी तरह से डिसइंगेजमेंट हो चुका है। हालांकि, एलएसी पर अभी भी कई इलाकों में विवाद है। भारत का मकसद ऐसा समाधान निकालना है, जो दोनों देशों को मंजूर हो। जयशंकर ने कहा था, 2020 के बाद से भारत और चीन के रिश्ते सामान्य नहीं हैं। बॉर्डर पर शांति भंग हुई थी, तब से दोनों देशों के रिश्ते ठीक नहीं हैं। हालांकि हाल ही में हुई बातचीत से स्थिति में कुछ सुधार हुआ है।पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा की लंबाई 3 हजार 323 किलोमीटर पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा की लंबाई 3 हजार 323 किलोमीटर है। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के 78 हजार किलोमीटर इलाके पर कब्जा कर रखा है। इसे पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके भी कहते हैं। सीमा विवाद सुलझाने के लिए दोनों देशों के बीच क्या हुआ? पाकिस्तान भारत पर 4 बार हमला कर चुका है। पहली बार आजादी के ठीक बाद 1948 में किया था। उसके बाद 1965, 1971 और 1999 में भी दोनों देशों के बीच युद्ध हो चुके हैं। 1948 की लड़ाई में ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर की 78 हजार किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया था। अभी ये मामला यूएन में है। पाकिस्तान की तरफ से कश्मीर में आतंकवाद फैलाया जा रहा है। भारत कहता है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद पर बात नहीं करेगा, तब तक कोई बात नहीं होगी। जबकि, पाकिस्तान आतंकवाद पर बात करने से इनकार करता रहा है।

### रक्षा निर्यात में ...

हाल के वर्षों में सराहनीय प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत 2029 तक 50,000 करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण निर्यात का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

भारत के रक्षा निर्यात में हाल के वर्षों में बड़ा उछाल देखा गया है। 2016-17 के बाद से यह 10 गुना से अधिक बढ़ा है। भारत ने दुनिया को अपने डिजाइन और विकास क्षमताओं से प्रभावित किया है। वर्तमान में 100 से अधिक भारतीय कंपनियां रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रही हैं।आठ वर्षों के रक्षा निर्यात का तुलनात्मक विश्लेषण करें तो पाएंगे कि 2016-17 में रक्षा निर्यात महज 1,521 करोड़ पर था जो निरंतर बढ़ता हुआ 2017-18 में 4,682 करोड़, 2018-19 में 10,745 करोड़, 2019-20 में 9,115 करोड़, 2020-21 में 8,434 करोड़, 2021-22 में 12,814 करोड़, 2022-23 में 15,920 करोड़ और वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ के आंकड़े पर पहुंच गया।भारत के रक्षा मंत्रालय ने रक्षा विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने इस क्षेत्र को मजबूत किया है। साथ ही, निर्यातकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने और निर्यात प्रोत्साहन की दिशा में कदम उठाए गए हैं। भारत का रक्षा निर्यात पिछले कुछ वर्षों में न केवल मात्रा में बढ़ा है, बल्कि गुणवत्ता और डिजाइन में भी वैश्विक मानकों को छू रहा है। यह उपलब्धि भारत के रक्षा उद्योग की वैश्विक पहचान को मजबूत करती है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### स्मारक को ...

कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार को पत्र लिखकर एक स्पेशल मेमोरियल बनाने की मांग रखी। गृह मंत्रालय ने खड़गे की मांग मान ली। पुरी ने कहा, दिल्ली में एकता स्थल है। यहां 9 में से 7 स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व राष्ट्रपति के स्मारक बन चुके हैं। स्मारक के लिए 2 जगह खाली है। कांग्रेस ने स्पेशल मेमोरियल बनाने की मांग की है। सरकार इसे मंजूर कर चुकी है, लेकिन इसकी प्रक्रिया में समय लगेगा। ट्रस्ट बनाना होगा, वही मेमोरियल बनाएगी। वाजपेयी जी के समय भी यही हुआ था।

### जैसलमेर में ...

पानी कि यह धार जमीन से 10 फीट की ऊंचाई को छूने लगी। काम कर रहे मजदूर डर कर वहां से भाग खड़े हुए।बोरिंग के लिए ट्रक पर स्थापित की गई मशीन भी पानी में समा गई। लोगों ने प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद प्रशासन ने आसपास का 500 मीटर का इलाका खाली करवा लिया। मौके पर विशेषज्ञों की एक टीम बुलाई गई। ओएनजीसी की टीम ने पहले मौके का मुआयना किया, उसके बाद पूरी टीम जांच के लिए भेजी।

ओएनजीसी की टीम ने बताया कि यहां से निकल रही गैस खतरनाक नहीं है और न उसमें जहरीले रसायन हैं। ऑयल इंडिया लिमिटेड की टीम अपनी मशीनों से इस रिसाव को बंद करेगी। अभी उस घटना स्थल पर कीचड़ हो गया है। भू वैज्ञानिकों ने इसे सामान्य घटना करार दिया है। उन्होंने बताया है कि जहाँ बोरिंग हुई, वहां नीचे कठोर चट्टानें हैं और उसके नीचे पानी है। चट्टानों में बने दबाव और गैस की वजह से पानी ऊपर अधिक प्रेशर से आ रहा है, कुछ समय में पानी का स्तर सही हो सकता है। पानी में तेल का अंश है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है।

### जजों के ...

काम करने वाले जजों से बातचीत करना भी चालू की है, जिन्हें हाईकोर्ट में जज बनाया जा सकता है। यह कदम पहली बार कॉलेजियम की तरफ से उठाया गया है।

### जबरदस्ती या...

साल 2018 में तो प्रेमा खांडू ने कैथोलिक एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में यहां तक कह दिया कि उनकी सरकार इस अधिनियम को निरस्त करने पर विचार कर रही है।

### किसी भी कोर्स ...

अधिकारी ने यह भी बताया कि पिछले कुछ वर्षों में इस प्रोग्राम का पूरा प्रवेश प्रक्रिया कम्प्यूटराइज्ड हो गया है और सभी छात्रों का दाखिला दिल्ली विवि के माध्यम से ही होता है। ऐसे में डीयू की आरक्षण नीति लागू करना स्वाभाविक है।साल 2013 में शुरू हुए इस प्रोग्राम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में विभिन्न विश्वविद्यालयों के संसाधनों और विशेषज्ञता का समावेश करना है। मेटा यूनिवर्सिटी मॉडल के तहत, यह प्रोग्राम दिल्ली विवि और जामिया मिलिया इस्लामिया के साझा प्रयास का परिणाम है। जब छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करते हैं, तो उन्हें डिग्री पर दोनों विश्वविद्यालयों के लोगों के साथ प्रमाणपत्र मिलता है। इस प्रोग्राम की प्रशासनिक जिम्मेदारी सीआईसी के पास है और इसीलिए सीआईसी का मानना है कि इसमें दिल्ली विवि की नीतियों का पालन होना चाहिए।दिल्ली विवि के अधिकारी ने यह भी बताया कि जब यह प्रोग्राम शुरू हुआ था, तब तय किया गया था कि 50% छात्रों का एडमिशन दिल्ली विवि और 50% का जामिया से होगा। हालांकि, वर्तमान आरक्षण नीति इस शुरुआती समझौते से मेल नहीं खाती। सीआईसी के अनुसार, यह मुद्दा अब गंभीरता से लिया जा रहा है और इस पर विचार करने के बाद प्रस्ताव कुलपति के समक्ष रखा जाएगा।बता दें कि दिल्ली विवि और जामिया के बीच इस प्रोग्राम से भारत-अमेरिका की मेटा यूनिवर्सिटी कॉन्सेप्ट को प्रोत्साहित करना था, जिसका उद्देश्य छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करना था। हालांकि जामिया मिलिया इस्लामिया ने इस मामले पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस प्रोग्राम की विशेषता यह है कि यह भारत का ऐसा पहला डिग्री प्रोग्राम है, जिसमें दोनों केंद्रीय विश्वविद्यालयों का लोगो होता है। सीआईसी ने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसे हल करने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों की सहमति की आवश्यकता होगी।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# ईसीआईएल एवं नराकास (उपक्रम) को राष्ट्रीय स्तर सर्वश्रेष्ठ बनाना है : अनुराग कुमार

**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम, हैदराबाद में अनुराग कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 169वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ईसीआईएल के माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, अनुराग कुमार ने की। बैठक में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन और उसकी प्रगति पर गहन चर्चा की गई। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंधन एवं प्रभारी (राजभाषा), डॉ. राजनारायण अवस्थी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस बैठक में ईसीआईएल के सभी आंचलिक, शाखा एवं यूनिट कार्यालयों के प्रभारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान कॉरपोरेशन में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन की स्थिति, संसदीय राजभाषा समिति के सुझावों और उनके अनुपालन की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा की गई। राजभाषा के उपयोग को बढ़ाने और इसे कार्यालयीन कार्यों में सहज रूप से लागू करने के लिए अनेक सुझाव भी प्राप्त हुए।

बैठक के दौरान, ईसीआईएल के विभिन्न कार्यालयों में हिन्दी के प्रचार-प्रसार और उसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा की गई। हिन्दी में आधिकारिक कामकाज की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार हेतु नए लक्ष्य निर्धारित किए गए। साथ ही, राजभाषा नीति के अनुपालन में सर्वोत्तम प्रयासों को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के समापन अवसर पर 'राजभाषा चेतना माह' के दौरान आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सुलेख एवं श्रुतलेख, निबंध लेखन, कंप्यूटर पर हिन्दी शब्द संसाधन, प्रश्नोत्तरी, कविता लेखन, और अन्य रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल थीं। विजेताओं को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन मिला। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने इस अवसर पर कहा कि ईसीआईएल में राजभाषा हिन्दी के प्रभावी कार्यान्वयन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल है। हमें हिन्दी के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक और व्यावसायिक पहचान को और सशक्त बनाना है। उन्होंने सभी विभागों और कार्यालयों से हिन्दी के उपयोग को बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।

ईसीआईएल का यह प्रयास हिन्दी को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय राजभाषा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ईसीआईएल परिवार के सभी सदस्यों को इस दिशा में उनके योगदान के लिए सराहा गया और आगे भी इसे मजबूती से जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक की समापन टिप्पणी में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि किसी भी संकल्प में समय प्रबंधन, योजना तथा निरंतर समीक्षा का समन्वय होगा तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सीएच. अंबेडकर, वी.कनका श्री महालक्ष्मी, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक; अजहर सुल्तान, प्रवर श्रेणी लिपिक तथा विनिला, प्रशिक्षु, राजभाषा अनुभाग तथा कॉरपोरेट प्रशिक्षण एवं विकास केन्द्र (सीएलडीसी) से के. वर्षिणी, जक्कू श्रीजन एवं पी. चरण प्रशिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# राधे राधे ग्रुप द्वारा अन्नदान किया गया



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत सोमवार को श्रीमती तृप्ति, श्रीमती मधु, श्रीमती रुचि अग्रवाल एवं श्रीमती सुचि गुप्ता अग्रवाल परिवार, श्री राजेश-श्रीमती अनिता नथानी परिवार द्वारा नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर जगत नारायण अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, आरती गुप्ताशमा अग्रवाल, ई. जगन (चंपापेट), श्याम सुंदर अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, सुशील गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल, मनीष फिटकारीवाला, सोनू फिटकारीवाली, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया, अमित गोयल, शीतल गोयल, रश्मित गोयल, तनय गोयल, उमाकांत गुप्ता-उर्मिला गुप्ता, प्रीतिका अग्रवाल, तृप्ति अग्रवालख मधु अग्रवाल, सुचि गुप्ता, अनिता नैथानी एवं राधे राधे ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

# श्री गौ सेवा सदन में गौ सेवा की गई




**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

गायत्री वेद फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री गौ सेवा सदन में सोमवार को पौष कृष्ण पक्ष सोमवती अमावस्या के अवसर पर गौ माताओं को चारा, कुट्टी, चना, दाल , सब्जी की सेवा की गई। फाउंडेशन के अध्यक्ष पंडित पुरुषोत्तम लाला के निर्देशानुसार गौ सेवा सदन की गायों को चारा खिलाया गया तथा वेद विद्यार्थियों में शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया गया ।

इस अवसर पर फाउंडेशन के महासचिव पंडित आचार्य विशेष, एडवोकेट सिद्धार्थ सिंह चौधरी, गायत्री उपासक जगदीश शर्मा, अक्षय शर्मा, महानंदी नवनीत शर्मा, शिवलाल सेन एवं वेद विद्यालय के प्रधान अध्यापक वेद मूर्ति हिंदुस्तान आदित्य पाठक अध्यापक आकाश शुक्ल एवं श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय के समस्त विद्यार्थी एवं अनेकों भक्तों द्वारा गौ सेवा की गई।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा महिला सशक्तिकरण सप्ताह 3 जनवरी से

**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा अग्रवाल समान की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनमें निहित प्रतिभा और कौशल को निखारने हेतु महिला सशक्तिकरण सप्ताह का आयोजन आगामी, दि. 03 से 09 जनवरी 2025 तक एबिड्स स्थित अग्रवाल समाज कार्यालय में प्रतिदिन दोपहर 12.00 से अपराह्न 3.00 बजे तक किया जाएगा । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षाओं में विभिन विषयों पर अग्रवाल महिला विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

**इस सप्ताह के कार्यक्रमों की सूची इस प्रकार है-**

4 जनवरी निधि निवेदिता द्वारा बेकिंग आना कुकिंग,5 जनवरी कला और सजावट प्रशिक्षण : शीतल रुंगटा द्वारा,6 जनवरी रेसिन कला : अतिथि गर्ग द्वारा,7 जनवरी वर्क शॉप ऑन डाइट फूड : रिंकू गर्ग द्वारा,8 जनवरी अल्कोहल इंक पेंटिंग : दृष्टि द्वारा,8 जनवरी चाँदगोठिया एंड मैकरेम : निकिता अग्रवाल द्वारा,9 जनवरी अबेकस : सीमा जैन द्वारा ।उक्त कार्यक्रमों में भाग लेना के लिए पंजीकरण आवशयक है तथा प्रति कार्यक्रम के लिए मात्र 30 पंजीकरण किये जाएँगे। प्रति पंजीकरण के लिए रु. 150 शुल्क रहेगा।उक्त कार्यक्रम से संबंधित जानकारी श्रीमति शीतल अग्रवाल से फ़ोन नं. 9160605000 पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने उक्त कार्यक्रम की आयोजन समिति के सदस्यों- डॉ. सीमा जैन, रिंकू अग्रवाल, प्रियंका डोकानिया, बीना चंदगोटिया, शीतल अग्रवाल द्वारा किये जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के पहल की भूरि-भूरि सराहना की ।



सुश्री जयकिशोरी जी एवं खाटू श्याम मंदिर के पुजारी श्याम सिंह चौहान का स्वागत करते हुए अग्रवाल समाज तेलंगाना की संयुक्त मंत्री श्रीमती कंचन अग्रवाल, बीना चांदगोठिया, रिंकू गर्ग, शीतल अग्रवाल, देविका पंसारी एवं अन्य।

# दमरे महाप्रबंधक ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सोमवार को सिकंदराबाद के रेल निलयम में एससीआर क्षेत्राधिकार में ट्रेनों की सुरक्षा और समय की पाबंदी पर विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने भी सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह डिवीजनों यानी- सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंटकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। महाप्रबंधक ने जोन में ट्रेन संचालन की सुरक्षा पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी परिसंपत्तियों और स्टेशन परिसंपत्तियों आदि के कामकाज पर ध्यान केंद्रित करते हुए फील्ड निरीक्षण तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने यार्ड शंटिंग में पालन किए जाने वाले सुरक्षा निर्देशों पर भी चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक लोको पायलट/शंटर को ट्रेन की आवाजाही पर जाने से पहले ब्रेक पावर टेस्ट करना चाहिए। महाप्रबंधक ने लोको पायलट, सहायक लोको पायलट तथा ट्रेन संचालन से जुड़े कर्मचारियों को नियमित परामर्श देने की सलाह दी। अधिकारियों ने महाप्रबंधक को जोन में सुरक्षा संबंधी स्टॉक जैसे धुआं पता लगाने वाले उपकरण, अग्निशामक यंत्र आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को असामान्य परिस्थितियों से निपटने के लिए डिपो में पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए। श्री अरुण कुमार जैन ने अधिकारियों को यार्ड तथा साइडिंग में ट्रेनों की आवाजाही को बेहतर बनाने के लिए लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि ट्रेनों की समयबद्धता प्रभावित न हो। उन्होंने रेलवे बोर्ड की सुरक्षा दिशा-निर्देशों तथा परामर्शों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की तथा जोन में बोर्ड के निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया।

## रेलवे ट्रैक्शन लाइनों के पास पतंग न उड़ाएँ : दमरे

यह देखा गया है कि रेलवे परिसर में ओवरहेड इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के पास खेलते समय कई पतंगबाजों को करंट लग गया, जिसमें यार्ड और आस-पास के सिविल इलाकों की पटरियाँ शामिल हैं। पिछले संक्रांति त्यौहार के मौसम के दौरान, भारतीय रेलवे के कई क्षेत्रों द्वारा कुछ मामलों की सूचना दी गई थी, जिसमें व्यक्तियों को 25केवी ट्रैक्शन ओवरहेड कंडक्टर में उलझे पतंग के धागों के संपर्क में आने के बाद बिजली के झटके लगे या करंट लग गया। चीन से आयातित पतंग के धागे, जो आम तौर पर लोगों द्वारा उपयोग किए जाते हैं, बिजली के कंडक्टर हैं, जो मानव जीवन और महत्वपूर्ण रेलवे विद्युत अवसंरचना दोनों के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करते हैं।इस संबंध में, दक्षिण मध्य रेलवे जनता से सहयोग की अपील करते हुए रेलवे पटरियों के पास पतंग उड़ाने से बचने की सलाह जारी की है, क्योंकि ओवरहेड लाइनें उच्च वोल्टेज बिजली से चार्ज होती हैं और संपर्क में आने पर मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करती हैं।

रेलवे द्वारा यह सलाह भी दी गई कि ओवरहेड कंडक्टर से लटके पतंग के धागों को रेलवे अधिकारियों को सूचित करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा धागे को सुरक्षित रूप से हटाया जाए।



चंद्रचौक झूला स्थित श्री रानीसती मंदिर में सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर आयोजित श्री रानी सती मंगल पाठ में उपस्थित पवन केडिया, किरण केडिया, शिवम केडिया, सुरभि केडिया, नंदलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अजय मोदी, दुर्गा अग्रवाल, चिलकेश महाराज एवं अन्य उपस्थित थे।

# तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष कविता आच्छा का सम्मान

**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद की बैठक रविवार को डी वी कॉलोनी भवन में आयोजित की गई । नमस्कार महामंत्र से बैठक की शुरुआत हुई, इसी क्रम में प्रेरणा गीत का संगान किया गया । अध्यक्ष कविता आच्छा ने सभी पधारी हुई बहनों का स्वागत किया व नववर्ष की शुभकामनाएं दी । मंत्री सुशीला मोदी ने गत बैठक में हुई कार्यवाही का वाचन किया, जिसे सभी बहनों ने पारित किया । अध्यक्षा ने गत माह किए गए सभी कार्यों की संक्षिप्त में जानकारी दी। कोषाध्यक्ष अल्पना दुगड ने आय-व्यय का ब्यौरा दिया। कन्या प्रभारी शीतल कोठारी ने कन्या मंडल की गतिविधियां बतलाई । नारीलोक का वाचन सरोज जी भंडारी ने किया ।

त्रैमासिक प्रशिक्षण क्लास चलाने के बारे में कहा गया । जरूरतमंद बहनों को बेकिंग के लिए ओटीजी मशीन,सिलाई मशीन आदि भेंट करने को कहा गया। जैन विद्या की परीक्षा में मंडल की बहनों ने ड्यूटी देने के लिए सहमति देकर अपने नाम लिखवाए ।आगामी श्री उत्सव मार्च या अप्रैल में करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष कविता जी आच्छा को अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल कार्यकारिणी में चुने जाने पर सभी ने हर्ष जताते हुए बहुत-बहुत बधाई देकर उनका तिलक,माला,पचरंगी पटे द्वारा सम्मान किया ।कविता जी आच्छा द्वारा सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था रखी गई। सह मंत्री प्रेम जी संचेती ने सभी का आभार प्रकट किया।

# नरसिंग दास आत्माराम परिवार द्वारा अन्नप्रसाद आयोजित



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नरसिंग दास आत्माराम बड़ागाँव वाले परिवार द्वारा अन्नप्रसाद कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रेस को जारी विज्ञप्ति में परिवार के वरिष्ठ सदस्य मुकुंदलाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बंजारा हिल्स में स्थित गोल्डन टेम्पल में क़रीब 450 स्थानीय निवासियों में अन्नप्रसाद वितरित किया गया जिसमे मीठे में लड्डू, चावल, सांभर, सब्ज़ी, चटनी, छांच वितरित किया गया उन्होंने आगे बताया कि परिवार द्वारा पिछले पंद्रह महीने से अधिक समय से हर माह गोल्डन टेम्पल में यह सेवा की जाती है तथा परिवार के पैतृक गाँव सोनासर में उनके हवेली में जो राजस्थान में झूँझनू के निकट है वहाँ भी पिछले एक वर्ष से अन्नप्रसाद निरंतर वितरित किया जाता है । वहाँ पिछले 40 वर्षों से परिवार द्वारा क्लिनिक चलाया जाता है जहां ग्रामवासियों में निःशुल्क दवाई वितरित की जाती है । अभी वहाँ पितृ देवता का स्थान मंदिर का निर्माण भी किया गया तथा अभी पूरी हवेली का नवीनीकरण भी किया गया । वहाँ का कार्य सुचारू रूप से चलाने हेतु बगड़ निवासी डॉ. सुरेश शर्मा की देखरेख में किया जाता है ।गोल्डन टेम्पल की सेवा में परिवार के सदस्य ईश्वर लाल अग्रवाल, मुकुंद लाल अग्रवाल, विष्णु गोपाल अग्रवाल, राजेश गुप्ता, ओम प्रकाश अग्रवाल, श्रीमती संतोष अग्रवाल, पुष्पा देवी गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# अग्रवाल समाज घांसी बाजार झुला शाखा का अन्नकूट प्रसाद सम्पन्न

**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



अग्रवाल समाज की घांसी बाजार झूला शाखा द्वारा प्रतिवर्ष के अन्तिम सप्ताह में किया जाने वाला अन्नकूट प्रसाद श्री राणी सती दादी मन्दिर में सम्पन्न हुआ ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में सर्वप्रथम शाखाध्यक्ष गोविन्द राम पचेरिया द्वारा अग्रसेन जी के फोटो का माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की तत्पश्चात् अग्रवाल समाज तेलंगना की केन्द्रीय समिति से पधारे मानद मंत्री कपूरचंद अग्रवाल का शाखा के मानद मंत्री सज्जन अग्रवाल द्वारा शाल ओढाकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के दौरान शाखा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत नये सदस्य बनाये गये। केन्द्रीय समिति द्वारा जारी किये जा रहे प्रीविलेज कार्ड लेने के लिये काफी सदस्यों ने फार्म भरे ।

इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए दीपक पचेरिया को प्रधान संयोजक व अशोक सौलानावाला, बबीता मीत्तल, मनोज मीत्तल मनोज गौशाला वाला, हरिनारायण अग्रवाल को सह संयोजक बनाया गया था । इस कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष व प्रचार प्रसार प्रभारी योगेन्द्र कटारुका, अनिल धरसूवाला, कोषाध्यक्ष दिनेश सर्राफ, केन्द्रीय समिति सदस्य श्रीकीसन अग्रवाल, राकेश पचेरिया, शिव भगवान अग्रवाल, शिवकुमार जाखणीवाला, पवन कुमार सौलानावाला, कमलकिशोर अग्रवाल, मनोज पचेरिया, व शाखा की महिला समिति की मुख्य सयोंजिका शर्मिला अग्रवाल व सह संयोजिका मीना अग्रवाल,सपना अग्रवाल,हैमा अग्रवाल व समाज के गणमान्य व्यक्तियों में प्रकाश चंद नारनौली, आत्मप्रकाश नारनौली महेश कुमार कानोडिया, मोतीलाल सलामपुरवाले, वेदप्रकाश अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण तायल, आदि उपस्थित रहे ।

# ‘श्री बांके बिहारी सेवा समिति’ द्वारा नववर्ष की शाम-बाबा श्याम के नाम

## ‘14वाँ श्री श्याम भजनोत्सव’ कल



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

श्री बांके बिहारी सेवा समिति, मलकपेट द्वारा अंग्रेजी नववर्ष 2025 के आगमन पर नववर्ष की श्याम – बाबा श्याम के नाम के अन्तर्गत बुधवार 1 जनवरी को सायं 7-31 बजे से श्री श्याम मन्दिर, काचीगुडा, हैदराबाद में ‘14वाँ श्री श्याम भजनोत्सव’ का आयोजन किया जायेगा । उक्त जानकारी यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में श्री बांके बिहारी सेवा समिति के राजकुमार गुप्ता द्वारा दी गई ।

14वें श्री श्याम भजनोत्सव के अन्तर्गत बाबा श्री श्याम का भव्य दरबार सजाया जायेगा। श्री श्याम बाबा के अलौकिक श्रृंगार, अखण्ड ज्योति, छप्पन भोग से आयोजन स्थल को श्री श्याममय बनाया जायेगा। अवसर पर धार्मिक संस्था ‘श्याम दिवाने’ मलकपेट द्वारा भजन प्रस्तुत किए जायेंगे। फतेहाबाद, हरियाणा की सुप्रसिद्ध भजन गायिका पलविन्दर पलक, के साथ हैदराबाद के प्रतीक दाहिमा, सागर व्यास एवं पंकज ओझा द्वारा भजन प्रस्तुत किए जायेंगे। अवसर पर संजय अग्रवाल परिवार एवं प्रवीण सिंघानिया परिवार पूजन यजमान होंगे । श्री बाँके बिहारी सेवा समिति ने नगरद्वय के सभी श्याम प्रेमियों से निवेदन किया है कि इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पधारकर नववर्ष के पहले दिन बाबा श्यामजी के दर्शन, भजन श्रवण एवं प्रसाद लाभ प्राप्त करें ।14वें श्री श्याम भजन भजनोत्सव की तैयारियों की समीक्षा हेतु श्री बांके बिहारी सेवा समिति की एक विशेष बैठक राजकुमार गुप्ता के निवास स्थान पर आयोजित की गई जिसमें समिति के अशोक सिंघानिया, रमाकान्त गोयल, राजकुमार गुप्ता, मुकेशचन्द चौधरी, संजय अग्रवाल, श्यामसुन्दर बजाज, प्रवीण सिंघानिया, गोपाल सिंघानिया, गोपालदास अग्रवाल, श्रीकांत दीक्षित, जी. सुधाकर, कमल तिवारी, राहुल अग्रवाल, ब्रिजेश मोदी एवं पंकज गुप्ता आदि ने भाग लिया।

# केवल काव्य परिवार तेलंगाना इकाई का उद्घाटन सम्पन्न



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केवल काव्य परिवार की तेलंगाना प्रदेश समिति का उद्घाटन हैदराबाद की कवयित्री ज्योति नारायण के निवास स्थान पर चेन्नई से पधारे केवल काव्य परिवार के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केवल कोठारी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। साहित्यकारों के सशक्त अखिल भारतीय संगठन केवल काव्य परिवार की स्थापना इस वर्ष सितम्बर में अयोध्या बाराबंकी में आयोजित तीन दिवसीय आनंदोत्सव कार्यक्रम में हुई। जिसमें देश भर से लगभग सौ कवियों ने भाग लिया था।

केवल काव्य परिवार की संस्थापक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं तेलंगाना प्रदेश प्रभारी ज्योति नारायण द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष केवल कोठारी, मुख्य अतिथि अजित गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एंव तेलंगाना प्रभारी ज्योति नारायण, साहित्य मंत्री सत्यप्रसन्न, तेलंगाना अध्यक्ष राजीव सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता लुल्ला तथा कोषाध्यक्ष प्रेम नारायण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुनीता लुल्ला द्वारा सरस्वती वंदना की गई। राजीव सिंह ने स्वागत वक्तव्य दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का मुख्य अतिथि एवं ज्योति नारायण द्वारा हार पहना कर एंव शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि अजित गुप्ता, अध्यक्ष राजीव सिंह, उपाध्यक्ष सुनीता लुल्ला, साहित्यमंत्री-सत्यप्रसन्न का भी हार एंव शाल द्वारा सम्मान किया गया साथ ही सभी उपस्थित कवि- कवियत्रियों को भी हार पहना कर सम्मानित किया गया।

ज्योति नारायण ने केवल काव्य परिवार संस्था का विस्तार से परिचय दिया एंव उद्देश्य बताया , राष्ट्रीय अध्यक्ष केवल कोठारी ने बताया कि संस्था द्वारा निकट भविष्य में अन्य कई राज्यों में प्रदेश समितियों का गठन किया जाएगा ख उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न स्थानों पर आनंदोत्सव का आयोजन किया जाएगा तथा समय-समय पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित कर नई प्रतिभाओं को उसमें भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा पहला अखिल भारतीय कवि सम्मेलन इंदौर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें संस्था के सदस्यों के साथ सुप्रसिद्ध कवि चन्दन रॉय भी भाग लेंगे। मुख्य अतिथि श्री अजित गुप्ता ने संस्था द्वारा समय-समय अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों का आयोजन कर उनमें स्थापित अखिल भारतीय कवियों के साथ नई प्रतिभाओं को अवसर देने की योजना की प्रशंसा करते हुए नवगठित संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दी। राजीव सिंह के कुशल संचालन में सम्पन्न काव्यांजलि में सर्वश्री केवल कोठारी,अजित गुप्ता, ज्योति नारायण, राजीव सिंह, सुनीता लुल्ला, विनोद गिरि अनोखा, सत्यप्रसन्न, सुहास भटनागर, रेखा अग्रवाल, ममता जयसवाल, प्रेम नारायण, वर्षा शर्मा, मंजुला दुसी एवं अन्य कवियों ने अति सुंदर अलग अलग भावों के गीत ग़ज़ल दोहों की प्रस्तुति दे कर सभी को मुग्ध कर दिया और खूब तालियाँ बटोरी। सुनीता लुल्ला द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। रात्रि भोजन के बाद सुन्दर सफल कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

# पं. श्रीलाल शुक्ल पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पं. श्रीलाल शुक्ल स्मारक राष्ट्रीय संगोष्ठी समिति भाग्यनगर, हैदराबाद एवं हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता, प्रसिद्ध व्यंग्यकार पद्मभूषण पं. श्रीलाल शुक्ल पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी मंगलवार, 31 दिसंबर 2024 को अपराह्न 3:00 बजे से हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के सभागार में मनाई जाएगी।

पं. श्रीलाल शुक्ल की रचनाओं की विशेष विशेषज्ञ तथा कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमा मिश्रा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस अवसर पर चुनावी लोकतंत्र और श्रीलाल शुक्ल का साहित्य विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी होगी। इसमें मुख्य अतिथि तथा अध्यक्ष श्रीराम तिवारी, आई.पी.एस. (से.नि.), आंध्र प्रदेश सरकार, प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. ऋषभदेव शर्मा हैदराबाद रहेंगे। मुख्य वक्ता प्रो. गोपाल शर्मा, प्रो. एवं अध्यक्ष (पूर्व), अंग्रेज़ी विभाग, अरबा मींच विश्वविद्यालय, इथियोपिया (अफ्रीका)। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. गंगाधर वानोडे, केंद्रीय निदेशक, केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र तथा सम्माननीय अतिथि के रूप में श्री अनिल कुमार वाजपेई, पुलिस अधीक्षक (से.नि.), गुप्तचर विभाग, तेलंगाना एवं डॉ. बी. बालाजी, प्रबंधक, हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार, मिश्र धातु निगम (मिधानि) लि. हैदराबाद उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में आत्मीय अतिथि श्री नौमीन् सूर-पराज कर्लापालेम्, अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय, भारत एवं मिस अलिना, अर्मेनिया उपस्थित रहेंगे। डॉ. आशा मिश्रा, संपादक-पुष्पक साहित्यिकी त्रैमासिक पत्रिका, लेखिका, कवयित्री एवं डॉ. सुरभि दत्त, उप-प्राचार्या (से.नि.) हिंदी महाविद्यालय, हैदराबाद, डॉ. मोहम्मद फहीम ज़लांद, शोधार्थी, अफगानिस्तान वक्ता तथा आशीर्वचन देने के लिए डॉ. अहिल्या मिश्र, संस्थापक अध्यक्ष: साहित्य गरिमा पुरस्कार समिति, हैदराबाद अपने विचार व्यक्त करेंगे। शंखनाद एवं मंगलाचरण अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा, (रजि.) कानपुर, के अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), तेलंगाना एवं आंध्र प्रदेश राज्य, इंजीनियर चि. आकाश तिवारी करेंगे। स्वागत एवं विषय प्रवर्तन कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमा मिश्रा करेंगी, संचालन श्री रवि वैद, कवि एवं उपन्यासकार, हैदराबाद, दक्षिण भारत तथा आभार श्रीमती शीला, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, एल.ए.एफ.डी.सी. उप्पल, हैदराबाद प्रस्तुत करेंगी।



फ्रेंड्स ग्रुप मंगलहाट द्वारा अमावस्या पर अन्नदान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अजय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, यश अग्रवाल, विक्रम, महेश अन्ना, सुरेंद्र एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।



अमावस्या पर बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एन.आर. लक्ष्मण राव द्वारा कोटी स्थित श्री नल्ला पोचम्मा मंदिर में अन्नदान का आयोजन किया। अवसर पर श्रीकांत, रवि, प्रभु, साई बिल्ला, मनोज, नरेश छोटू और अन्य लोगों ने भाग लिया।



सोमवती अमावस्या के अवसर पर रेणुका इल्लमगुड़ी गौशाला, वनस्थलीपुरम में गौ सेवा करते हुए कांग्रेस नेता एन.के. सिंह, मनोह सिंह, पी. सुरेश एवं अन्य।

# तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा अभिनन्दन समारोह आयोजित



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में बेगम बाजार में आयोजित अभिनन्दन समारोह में चार्टर्ड अकाउंटेन्ट्स की परीक्षा में सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हैदराबाद के हेरम्ब माहेश्वरी (धूत), आठवाँ स्थान प्राप्त करने वाले शुभम् तोषनीवाल तथा शोभित दवे का अभिनन्दन किया गया ।

अध्यक्ष रामप्रकाश भण्डारी ने कहा कि इस वर्ष हैदराबाद के मारवाड़ी समाज छात्रों ने चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट्स की परीक्षा में सम्पूर्ण भारतवर्ष में प्रथम एवं आठवाँ स्थान प्राप्त कर हैदराबाद का नाम रौशन किया है । बेगम बाजार में तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के कार्यालय में आयोजित अभिनन्दन समारोह के अन्तर्गत भारत वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले हेरम्ब माहेश्वरी का अभिनन्दन अध्यक्ष रामप्रकाश भण्डारी द्वारा किया गया । आठवाँ स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शुभम् तोषनीवाल का अभिनन्दन पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार बंग एवं लक्ष्मीनारायण राठी द्वारा किया गया । अवसर पर उपस्थित सीए की परीक्षा में उत्तीर्ण शोभित दवे का अभिनन्दन महेश कुमार बजाज द्वारा किया गया।

अवसर पर सीए मुरलीमनोहर पलोड, ओमप्रकाश भण्डारी, नरसिंगदास लोया, गिरध-ारीलाल डागा, विनोद कुमार बंग, प्रकाश लड्डा, नारायणदास सारडा, अमित लड्डा, कैलाश मंत्री, राजेश तोषनीवाल, अजय भण्डारी, हेमन्त सारडा, नरसिंग चितलांगी, मनीष लोया, विशाल बजाज, श्रीराम जोशी, कृष्णा बिरला, सत्यनारायण मणियार, संदीप सारडा, कृष्णा सारडा, सम्पत तोषनीवाल सालासर, विमला बाई करवा, ज्योति तोषनीवाल, पद्मा भण्डारी, प्रीति भण्डारी, इशिता भण्डारी, कुसुम झँवर एवं अन्य उपस्थित रहे ।

# विश्व मंगल गौशाला में गौ सेवा की गई

**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

विश्व मंगल गौशाला में अमावस्या पर सभी को भक्तों ने तन-मन -धन से गौ सेवा की। इस अवसर पर भजन कार्यक्रम में विशाल श्रीमाली, शेर दास, डालुसिंह ने भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में भोजन प्रसादी के लाभार्थी सरवनराम छत बिश्नोई, कालूराम रामकिशोर जानी। हरे घांस की व्यवस्था, विकास पावर टूल्स और बालाजी पावर टूल्स अलवाल मोहनलाल बर्फ, विनोद जांगिड़, बनवारी लाल जांगिड़, जगदीश सीरवी, गोनाराम मुलेवा, गोगाराम सिवी कुटी की व्यवस्था समस्त, बाबा रामदेव मित्र मंडल अलवार महेंद्र सिंह माजीसा लक्ष्मी ग्रुप ने सेवा दी। इस अवसर पर विशनाराम सुथार, हनुमंत धनवा धन्यवाद प्रकट करते हुए टीवी सुरेश, शांतिलाल सुथार, धर्माराम, उदय भास्कर, पत्रकार जगदीश सीरवी और सर्व समाज उपस्थित रहे।



# तीसरा दक्षिण भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन सम्पन्न



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तीसरा दक्षिण भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन और 'हिन्दी भाषा : संवेदना एवं अनुप्रयोग' विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 27 और 28 दिसंबर को केरल की सांस्कृतिक राजधानी तृशूर में संपन्न हुई। इस सम्मेलन तथा संगोष्ठी का आयोजन केरल से निकलने वाली दक्षिण भारत की नामचीन पत्रिका 'जन विकल्प' के द्वारा रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल मध्य प्रदेश और डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय विलासपुर, छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में देश-विदेश के कुल 150 साहित्यकारों, विद्वानों एवं अध्यापकों हिस्सा लिया।

इस सम्मेलन में दक्षिण भारत के सात हिंदी सेवियों को सम्मानित किया गया जिनमें तेलंगाणा की हिन्दी विदूषी आचार्या शशि मुदीराज और आंध्र प्रदेश से आचार्य शिवरामिरेड्डी जी को सम्मानित किया गया। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की आचार्या पद्मप्रिया ने अपने परिवार की ओर से संस्कृत के विद्वान नानाजी श्री केशवपंतुल नरसिंह शास्त्री जी, संस्कृत एवं तेलुगु की विदूषी माताजी केशवपंतुल राजेश्वरी, कलापोषक पिताजी श्रीरामकवचम पांडुरंगय्या जी के सम्मान में क्रमशः केरल के आचार्य आरसु, आचार्य प्रभाकरन तथा तमिलनाडु की डॉ राजलक्ष्मी कृष्णन जी को सम्मानित किया। इस आयोजन में हैदराबाद के मिलिंद प्रकाशन के श्री श्रुतिकांत भारती जी की विशेष उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस सम्मेलन को सफल बनाने में समन्वयक डॉ. वी जी. गोपालकृष्णन, पी. रवि सर, वेणुगोपल जी, पी. डी. एन्टो जी तथा उनके सहयोगियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

## गीत चाँदनी का विदा-2024 और स्वागत-2025 कवि सम्मेलन आज

**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

नगरद्वय के कवियों की लोकप्रिय और सक्रिय काव्य संस्था गीत चाँदनी के तत्वावधान में वर्ष 2024 की विदाई चटपटे चाट के साथ और वर्ष 2025 का स्वागत स्वादिष्ट मिठाई के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह, नामपल्ली स्टेशन रोड, हैदराबाद में आज मंगलवार 31 दिसंबर को सायं 6 बजे से संपन्न होगा।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 15326179F Hav KOLAPPAN M. R/o.2/140, Attu Vilayam Street, Vill:KollenVilai, Po:Thulkalay, Dist:Kaniyakumari, Tamilnadu-629175 have changed my name from **KOLAPPAN M** to **M KOLAPPAN** vide affidavit dt:30-12-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Reddam Chinna Ankamma spouse of Service No. 15775411Y Sep/GNR/DMT Late VEERA REDDY REDDAM, R/o. Vill and Po:Kandulapuram, Teh:Cumbum, Dist:Prakasam, Andhra Pradesh-523333 that my son name is to changed from **REDDEM RANGA SUJITH KUMAR REDDY** to **REDDAM RANGA SUJIT KUMAR REDDY** vide affidavit dt:30-12-2024.


# श्री आईजी गौशाला में गौ सेवा और भजन कार्यक्रम आयोजित







**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

बालाजी नगर स्थित श्री आईजी गौशाला में सोमवती अमावस्या पर गौसेवा एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मंगलाराम पंवार, उपाध्यक्ष कालुराम काग, कोषाध्यक्ष, नारायणलाल परिहार, भगाराम मुलैवा, मोहनलाल हाम्बड़, अर्जुनलाल बर्फा,गणेशराम बर्फा, पवन हाम्बड़, महेन्द्र सिंह राजपूत, प्रकाश चोयल, मोतीलाल काग, नारायणलाल आगलेचा, नेमाराम हाम्बड़, हेमाराम सैणचा, जोगाराम कुमावत,बाबूलाल बर्फा, नारायणलाल बर्फा ,जयराम, जगदीश मालविया, माधुराम चोयल, अर्जुन लाल बर्फा, मांगीलाल सोलंकी ,कालूराम काग चितल, दुर्गाप्रसाद हाम्बड़ , गोपाराम मुलेवा, मोतीलाल काग, शंकरलाल बर्फा,हीरालाल चोयल, मांगीलाल काग, किशनलाल पंवार,तुलसाराम सिन्दडॉ, सोहन सिंह राजपुरोहित,पारसमल शर्मा, जगदीश सीरवी सुरेश सैणचा, दुर्गाराम मुलेवा,भुराराम काग, शंकर गौड़, व अन्य उपस्थित थे। भजन कार्यक्रम में अचलाराम हाम्बड़, मोहनलाल भायल , पारसनाथ, सोहननाथ ओमप्रकाश कुमावत ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। महा प्रसादी लाभार्थी डायाराम लचेटा, लीकमाराम लचेटा, पोकरराम लचेटा, रामलाल राठौड़,गोपाराम चोयल, बाबूलाल बर्फा, ढगलाराम मुलेवा, प्रकाश चोयल द्वारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया।




श्री राम मंदिर तीर्थक्षेत्र न्यास अयोध्या संस्थापक श्री गोविन्द गिरी महाराज एवं आध्यात्मिक प्रेरक प्रवक्ता सुश्री जया किशोरीजी को स्मृति चिन्ह भेंट कर संस्था की जानकारी देते हुए लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, ट्रस्टी रद्धीश जागीरदार। साथ में हैं सलाहकार कैलाश नारायण बांगडिया व अन्य।

## न्यूज़ ब्रीफ

### टाइगर क्लब ने छठी नेशनल हॉकी प्रीमियर लीग 2024 में जीता मास्टर्स वर्ग का खिताब



**नई दिल्ली।** टाइगर क्लब ने सोमवार को छठी नेशनल हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के मास्टर्स पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया है। टाइगर क्लब ने फाइनल में होशियारपुर क्लब को 2- 1 से हराकर मास्टर्स ग्रुप का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला मास्टर्स महिला ग्रुप के फाइनल में श्री द्वारका बाल बालिका विद्यालय को 1-0 हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, अंडर 21 बॉयज ग्रुप का खिताब घुम्मनहेड़ा राइजर ने जीता। घुम्मनहेड़ा ने फाइनल में श्याम लाल कॉलेज को 3-2 से हरा कर खिताब अपने नाम किया।

### पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह ने की कबड्डी पर पीकेएल के प्रभाव की सराहना



**पुणे।** पैरालंपिक भाला फेंक स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह ने खेल पर प्रो कबड्डी लीग के परिवर्तनकारी प्रभाव की प्रशंसा की है, और बताया है कि कैसे पेशेवर लीग ने पारंपरिक कबड्डी में क्रांति ला दी है। सिंह ने महत्वपूर्ण पीकेएल 11 फाइनल से पहले एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, पीकेएल के प्रवेश के बाद से, खेल का स्तर काफी बढ़ गया है। खेल विज्ञान ने भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मेरा मानना है कि पीकेएल खेल के विकास में लगभग 19न्न योगदान देता है।

## मेलबर्न टेस्ट

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हराया, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भारत की राह मुश्किल

**मेलबर्न, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को यहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में 184 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। पांचवें दिन 340 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम मात्र 155 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से केवल यशस्वी जयसवाल ने ही कुछ संघर्ष किया। उन्होंने 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत ने 30 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को छू नहीं सका। 340 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी और रोहित शर्मा ने सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 25 रन जोड़े। हालांकि इसी स्कोर पर पैट कमिंस ने एक ही ओवर में रोहित शर्मा और केएल राहुल को आउट कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और 5 रन बनाकर 33 के कुल स्कोर पर मिचेल स्टॉर्क का शिकार बने।



### यशस्वी-पंत ने संभाली भारत की पारी

यहां से यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत ने चौथे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर भारत को मैच में लाने की कोशिश की, लेकिन लंच के बाद 121 के कुल स्कोर पर पंत एक बार फिर ट्रैविस हेड की गेंद पर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर चलते बने। पंत ने 30 रन बनाए। पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा (02) पहली पारी के शतकवीर नीतीश रेड्डी (01) भी जल्दी-जल्दी आउट हो गए।

### विवादास्पद तरीके से आउट हुए यशस्वी जयसवाल

दो विकेट जल्दी-जल्दी गिरने के बाद सभी की उम्मीदें वाशिंगटन सुंदर और यशस्वी से थी, लेकिन पैट कमिंस की गेंद को हुक शॉट खेलने के चक्कर में यशस्वी भी आउट हो गए, हालांकि स्निकोमीटर में कोई हलचल नहीं थी, लेकिन वीडियो फुटेज में गेंद दस्ताने को छुकर जाती हुई दिखा रही थी, थर्ड अंपायर ने स्निकोमीटर को दरकिनार कर यशस्वी को आउट करार दिया। उस समय कमेंट्री कर रहे पूर्व दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इस निर्णय का कड़ा विरोध भी किया। यशस्वी के आउट होने के बाद भारतीय पारी बिखर गई और 155 रन पर सिमट गई। वाशिंगटन सुंदर एक छोर पर 5 रन बनाकर खड़े रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 3-3, नाथन लियोन ने 2, मिचेल स्टॉर्क और ट्रैविस हेड ने 1 विकेट लिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम का विश्व टेस्ट चैम्पयनशिप फाइनल्स के फाइनल में जाना लगभग तय हो गया है, वहीं भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 234 रन रखा 340 रनों का लक्ष्य

इससे पहले ऑस्ट्रेलियाकी दूसरी पारी 234 रनों पर समाप्त हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 105 रनों की हासिल की थी, जिससे उसकी कुल बढ़त 339 रनों की हुई और भारत को 340 का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नस लाबुशेन ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 70 रन बनाए। लाबुशेन के अलावा पैट कमिंस और नाथन लियोन ने 4-41 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई पारी का मुख्य आकर्षण लियोन और बोलैंड के बीच आखिरी विकेट के लिए 61 रनों की साझादारी रही, जिसमें बोलैंड के नाबाद 15 रन शामिल थे। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 5, मोहम्मद सिराज ने 3 और रवींद्र जडेजा ने 1 विकेट लिया। भारत ने पहली पारी में 369 रन बनाए, नीतीश रेड्डी का शतक, यशस्वी और वाशिंगटन सुंदर ने लगाया अर्धशतक इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में नीतीश रेड्डी के शतक, यशस्वी जयसवाल और वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। नीतीश ने 114 रन बनाए, जबकि यशस्वी ने 82 और सुंदर ने 50 रनों की महत्वपूर्ण पारियों खेलीं। इन दोनों के अलावा विराट कोहली ने 36 और केएल राहुल ने 24 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन ने 3-3 विकेट लिये। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 474 रन, स्मिथ का शतक इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। स्मिथ के अलावा उस्मान ख्वाजा ने 57, मार्नस लाबुशेन ने 72 और सैम कोंस्टास ने 60 रन बनाए।

# चौथी बार एटलेटिको मिनेरो के मुख्य कोच बने अनुभवी मैनेजर कूका

**रियो डी जेनेरियो, 30 दिसंबर (एजेंसियां)।**



अनुभवी मैनेजर कूका को चौथी बार एटलेटिको मिनेरो का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है, ब्राजील के सेरी ए क्लब ने रविवार को यह जानकारी दी।

61 वर्षीय खिलाड़ी अर्जेंटीना के गेब्रियल मिलिटो की जगह लेंगे, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में आपसी सहमति से क्लब से नाता तोड़ लिया था।

एटलेटिको ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, ब्राजील के शीर्ष स्तर पर एटलेटिको मिनेरो के लिए सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले मैनेजर और हमारे सबसे बड़े विजेता की वापसी हुई है।

कूका, जिनका असली नाम एलेक्सी स्टिवल है, ने दिसंबर 2026 तक चलने वाले एक सौदे पर सहमति जताई। उनके साथ सहायक कुक्रिन्हा और डैनियल सेर्केरा भी शामिल होंगे।

कूका ने 2011 से 2013 तक और 2021 और 2022 में अलग-अलग अवधियों के दौरान क्लब का प्रबंधन भी किया। बेलो होरिज़ोंटे क्लब के साथ उनकी ट्रॉफियों की सूची में 2013 कोपा लिबर्टाडोरेस और 2021 ब्राज़ीलियाई सीरी ए खिताब शामिल हैं।

एटलेटिको 2024 ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में 12वें स्थान पर रहा और इस साल के कोपा लिबर्टाडोरेस में बोटाफोगो के बाद उपविजेता रहा।

### बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर ट्रॉफी हिमाचल की यमुना राणा का ई टीम में चयन

**धर्मशाला।** बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए हिमाचल की यमुना राणा का चयन हुआ है। यमुना राणा ई टीम का हिस्सा बनी है। यमुना हिमाचल से एकमात्र क्रिकेटर है जिनका चयन इस बार इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उधर उनके चयन पर एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि 5 जनवरी से शुरू हो रही बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर्स ट्रॉफी की टीम के लिए यमुना राणा का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि एचपीसीए के लिए बड़े गर्व की बात है कि हिमाचल की यह क्रिकेटर सीनियर वूमेन क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने वाली है। उन्होंने एचपीसीए की ओर से बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर्स ट्रॉफी 5 जनवरी से 15 जनवरी तक चेन्नई में खेली जानी है। प्रतियोगिता के लिए पांच अलग अलग टीमें बनाई गई है। जिनके आपस में लीग मैच होने हैं। 15 जनवरी को फाइनल मैच होगा।

# सीजमंड और जेवेरेव की बदौलत मौजूदा चैंपियन जर्मनी ने ग्रुप ई में ब्राजील को हराया

पर्थ, 30 दिसंबर। गत चैंपियन जर्मनी ने यूनाइटेड कप में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रविवार को शानदार शुरुआत करते हुए जर्मनी को पर्थ में ब्राजील पर जीत दिलाई। ज्वेरेव ने अपनी टीम की साथी लौरा सीजमंड की महत्वपूर्ण जीत का फायदा उठाया।विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ज़ेवेरेव ने थियागो मोंटेइरो को केवल एक घंटे और 17 मिनट में 6-4, 6-4 से हरा दिया, जबकि सीजमंड ने दिन के पहले मैच में बीट्रीज़ हदाद माइया पर तीन सेटों में कड़ी जीत दर्ज की थी, जिससे जर्मनी ने आरएसी एरिना में ग्रुप ई मुकाबले में 1-0 की बढ़त ले ली।इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, 23 बार एटीपी टूर खिताब जीतने वाले ज़ेवरेव ने 11 ऐस सर्व किए और अपने पहले सर्व (29/32) पर केवल तीन अंक गंवाए।इससे पहले दिन में, सीजमंड ने हदाद मैया को 6-3, 1-6, 6-4 से हराकर आरएसी एरिना में अपने ग्रुप ई मुकाबले में 1-0 की बढ़त हासिल की।डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व में 80वें नंबर के खिलाड़ी सीजमंड ने जर्मनी के पहले मैच में दो घंटे और 33 मिनट के बाद उलटफेर भरी जीत हासिल की।



# तेलंगाना सरकार ने केन्द्र से मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का किया आग्रह

**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने केन्द्र से सोमवार को भारत की आर्थिक सुधारों के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने का आग्रह किया।तेलंगाना विधानसभा ने विशेष सत्र के दौरान डॉ. मनमोहन सिंह को सम्मानित करने का आग्रह किया है। पूरे सदन ने हैदराबाद में डॉ सिंह की प्रतिमा स्थापित करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी, जिसमें तेलंगाना राज्य के गठन में उनकी भूमिका का उल्लेख किया गया।



मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शोक प्रस्ताव पेश करते हुए डॉ. मनमोहन सिंह को एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री और नेता के रूप में याद किया।सीएम ने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण (एलपीजी) नीतियों के माध्यम से भारत की अर्थव्यवस्था को बदलने में पूर्व प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और उन्हें भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता की नींव रखने का श्रेय दिया।उन्होंने आरबीआई गवर्नर, केंद्रीय वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री सहित विभिन्न क्षमताओं में सिंह की विशिष्ट सेवा की प्रशंसा की।सीएम ने टिप्पणी की, डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व ने वैश्विक मंच पर भारत की आर्थिक नीतियों को स्थिर किया। सूचना का अधिकार और रोजगार गारंटी जैसे कानून उनकी स्थायी विरासत को दर्शाते हैं।मुख्य विपक्षी दल बीआरएस की ओर से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक के टी रामा राव (केटीआर) ने मुख्यमंत्री के प्रस्ताव को पूरा समर्थन दिया और राष्ट्र के लिए मनमोहन सिंह के योगदान पर जोर दिया, खासकर तेलंगाना राज्य जो उनके कार्यकाल के दौरान बना था।उन्होंने डॉ. मनमोहन सिंह की क्षमताओं को पहचानने और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने वाले आर्थिक सुधारों की शुरुआत करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को श्रेय दिया। केटीआर ने विधानसभा से एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया, जिसमें केंद्र से दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के लिए स्मारक स्थापित करने की मांग की गई, जो तेलंगाना से ताल्लुक रखते थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू, भाजपा के सदन नेता येलेटी महेश्वर रेड्डी, सीपीआई विधायक कुनामनेनी संबाशिवा राव और अन्य ने भी बात की।


# अल्लू अर्जुन की नियमित जमानत याचिका मामले में तीन जनवरी को फैसला



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलुगु फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन के संध्या 70 एमएम थिएटर भगदड़ मामले में दायर नियमित जमानत याचिका पर नामपल्ली अदालत तीन जनवरी को अपना फैसला सुनाएगा।पुलिस ने अभिनेता की ओर से दायर जमानत याचिका के खिलाफ जवाबी हलफनामा दाखिल किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने सोमार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

टॉलीवुड अभिनेता अल्लू अर्जुन, जो फिलहाल अंतरिम जमानत पर हैं, ने शुक्रवार को हैदराबाद के नामपल्ली आपराधिक न्यायालय में एक याचिका दायर कर 4 दिसंबर को उनकी नवीनतम फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति में 35 वर्षीय महिला की मौत से संबंधित मामले में नियमित जमानत की मांग की।

इस दुखद घटना में उनके बेटे श्रीतेज को गंभीर चोटें आईं। अभिनेता को 13 दिसंबर को गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। नामपल्ली कोर्ट ने अभिनेता को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था और उन्हें कुछ समय के लिए चंचलगुडा जेल में रखा गया था। हालांकि, उनके वकील ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसने उन्हें उसी दिन अंतरिम जमानत दे दी और उन्हें नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने का निर्देश दिया।







# रेवंत रेड्डी ने की माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला से मुलाकात



**हैदराबाद, 30 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विंडोज जैसा ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर बनाने वाली कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कार्पोरेशन के सीईओ सत्य नडेला के लिए ये एक सरप्राइज ही था, जब हैदराबाद में उनके घर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी मिलने पहुंचे। दोनों के बीच लंबी गुफ्तगू हुई और भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर विचार विमर्श भी हुआ।सत्य नडेला हाल ही में हैदराबाद में अपने घर पर छुट्टियां मनाने पहुंचे थे, और उनसे मुलाकात करने खुद राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पहुंच गए. उनके साथ राज्य की मुख्य सचिव शांति कुमारी, वरिष्ठ मंत्री श्रीधर बाबू , उत्तम कुमार रेड्डी और अन्य अधिकारी भी सत्य नडेला के घर पहुंचे।दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की बढ़ती पॉपुलैरिटी और जरूरत को देखते हुए सीएम रेवंत रेड्डी और सत्य नडेला के बीच भविष्य के शहरों को लेकर लंबी बातचीत हुई. इस मीटिंग के बारे में सामने आई जानकारी के मुताबिक रेवंत रेड्डी ने सत्य नडेला से 'भविष्य का शहर' और 'एआई सिटी' के प्रस्ताव पर बातचीत की। साथ ही स्किल यूनिवर्सिटी के डेवलपमेंट को लेकर माइक्रोसॉफ्ट के साथ पार्टनरशिप की संभावनाओं को लेकर भी बातचीत की।प्रस्तावित एआई सिटी में रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर फोकस रहेगा. इस बारे में भी सीएम रेवंत रेड्डी और सत्य नडेला के बीच सहयोग की संभावना पर बातचीत हुई. मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने क्लाउड कंप्यूटिंग में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की जरूरत पर जोर दिया. इसके लिए उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट से एक्टिव पार्टिसिपेशन करने का आग्रह किया. सीएम ने टेक्नोलॉजी हब में हैदराबाद की भागीदारी को बढ़ाने और तेलंगाना के तकनीकी विकास में ओपनएआई के फ्री क्रेडिट्स को इस्तेमाल करने पर सहयोग को लेकर बातचीत की।मुख्यमंत्री ने राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया, जिसमें क्षेत्रीय रिंग रोड, रेडियल रोड, फ्यूचर सिटी, नए विनिर्माण क्लस्टरों का विकास शामिल है, और कैसे सरकार यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के माध्यम से उद्योग के लिए तैयार प्रतिभाओं का एक विशाल पूल बनाने का प्रस्ताव कर रही है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.